सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-322 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 17 मई 2025

18 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करेंगे भारतीय सांसद

- दुनियाभर में पाकिस्तान की पोल खोलेंगे थरूर ओवैसी समेत 30 सांसद
- पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे भारतीय लीडर



**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्र सरकार ने तय किया है कि वह कई देशों में ऑल पार्टी डेलिगेशन भेजेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस बड़े कूटनीतिक अभियान के तहत सरकार वैश्विक मंच पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह से भारतीय नेताओं को अलग-अलग देशों में भेजेगी।

केंद्र सरकार ने विपक्ष सहित कई राजनीतिक दलों के सांसदों से इस बारे में बात की है। वहीं कुछ पार्टी ने भी इस कूटनीतिक अभ्यास के लिए अपने सदस्यों की उपस्थिति को मंजूरी दे दी है। भारत सरकार की इस मुहिम का हिस्सा बनने वाले प्रतिनिधिमंडल या उनके सदस्यों की सही संख्या के बारे में कोई साफ जानकारी नहीं है। हालांकि कुछ नेताओं की ओर से कहा गया हैकि 30 से ज्यादा सांसद इस मुहिम का हिस्सा हो सकते हैं। नेताओं का डेलिगेशन 10 दिनों तक अलग-अलग देशों का दौरा करेंगे। सांसद सरकार की ओर से निर्धारित देशों के अलग-अलग हिस्सों का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में जिन पार्टियों के सांसद शामिल होंगे, उनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य शामिल हैं।

इस डेलिगेशन के एक संभावित सदस्य ने कहा है कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए मुस्तैद रहने को कहा गया है। इसके अलावा कहा गया है कि विदेश मंत्रालय बाकी की जानकारी और ब्यौरे के साथ उन्हें बाद में संपर्क करेगा। सूत्रों ने कहा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, ओडिशा की बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी सत्ता पक्ष से इस डेलिगेशन का हिस्सा हो सकती हैं।

# कवि-गीतकार गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रसिद्ध कवि-गीतकार गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को शुक्रवार को वर्ष 2023 के लिए 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। गुलजार के नाम से मशहूर सम्पूर्ण सिंह कालरा को हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। वह बेहतरीन उर्दू शायरों में से एक हैं। गुलजार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण समारोह में शामिल नहीं हो पाए।

संस्कृत विद्वान रामभद्राचार्य, चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख हैं। 75 वर्षीय रामभद्राचार्य ने 240 से अधिक पुस्तकों और ग्रंथ लिखे हैं, जिनमें चार महाकाव्य भी शामिल हैं। रामभद्राचार्य को प्रशस्ति पत्र, नकद पुरस्कार और वाग्देवी सरस्वती की कांस्य प्रतिमा प्रदान की गई। 1961 में स्थापित, भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय भाषाओं के प्रसिद्ध साहित्यकारों को दिया जाता है। इस पुरस्कार से सम्मानित विद्वानों में फिराक गोरखपुरी, रामधारी सिंह दिनकर, आशापूर्णा देवी, महादेवी वर्मा, गिरीश कर्नाड शामिल हैं। हिंदी लेखक विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष 2024 के लिए 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने कहा, रामभद्राचार्य जी ने उत्कृष्टता के प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किए हैं। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद अपने दृष्टिकोण, या यूं कहें कि दिव्य दृष्टि के साथ रामभद्राचार्य ने साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। राष्ट्रपति ने पाणिनि की अष्टाध्यायी और ब्रह्मसूत्र तथा प्रमुख उपनिषदों पर उनके व्याख्यान की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने 90 वर्षीय गुलजार को भी बधाई दी।

# कोविड की नई लहर का एशिया में खतरा

- हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले, सिंगापुर में 28 प्रतिशत बढ़े, चीन-थाईलैंड में भी अलर्ट जारी




**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों की मौत भी हुई है। मरने वालों का आंकड़ा फिलहाल नहीं बताया गया है।

हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया था। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। हॉन्गकॉन्ग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक, कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है।

# सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने वाले को 25 साल की सजा

### अटैक में चली गई थी लेखक की एक आंख की रोशनी

**एपी, मेविल।** लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से किए गए हमले में दोषी पाए गए शख्स को शुक्रवार को 25 साल जेल की सजा सुनाई गई। न्यूयार्क में 2022 में एक कार्यक्रम के दौरान उनपर मंच पर चढ़कर हमला किया गया था। हमले में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। जूरी ने 27 वर्षीय हादी मातर को फरवरी में हत्या के प्रयास और हमले का दोषी पाया था।



मुकदमे के दौरान 77 वर्षीय लेखक मुख्य गवाह थे। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें लगा कि वह मर रहे हैं, जब एक नकाबपोश हमलावर ने उनके सिर और शरीर पर एक दर्जन से अधिक बार चाकू घोंपा। सजा सुनाए जाने से पहले मातर ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में एक बयान दिया जिसमें उन्होंने रुश्दी को पाखंडी बताया। उसने कहा कि सलमान रुश्दी अन्य लोगों का अपमान करना चाहता है। वह दूसरे लोगों को धमकाना चाहता है, जिससे मैं सहमत नहीं हूं।

# श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक : योगी

## मुख्यमंत्री ने की श्रम एवं सेवायोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा

- **मॉडल के रूप में विकसित होंगे श्रमिक अड्डे**
- **कैंटीन में मिलेगा पांच से 10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में मल्टी एजेंसी सेंटर का किया उद्घाटन

# 24 घंटे सतर्क रहता है मल्टी एजेंसी सेंटर

- ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का अनूठा प्रतीक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया है। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनितिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत खुफिया सूचना जुटाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के बाज, यानी मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) पर गृह मंत्री अमित शाह का खास फोकस है। ये खुफिया मल्टी एजेंसी सेंटर 24 घंटे बाज की तरह सतर्क रहता है। सेना-सीएपीएफ, एनआईए, ईडी और सीबीआई सहित लगभग 26 केंद्रीय एजेंसियां मल्टी एजेंसी सेंटर में अपने सीक्रेट इनपुट साझा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मैक की कार्यप्रणाली को तेज एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रयास करते रहे हैं। उनके दिशा निर्देशों पर ही मल्टी एजेंसी सेंटर का दायरा बढ़ाया गया है। मैक के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, नार्को टेरर और उभरते कट्टरपंथी हॉटस्पॉट पर नजर रखने के लिए एसओपी बनाए गए थे। इस केंद्र की मदद से कई अपराधों को होने से पहले ही रोकने में सफलता मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्यों के पुलिस संगठन एवं खुफिया सूचनाएं एकत्रित करने वाली इकाइयों से भी आग्रह किया था कि वे मैक के साथ अधिक से अधिक सूचनाएं साझा करें। इसके बाद ही मैक में खुफिया सूचनाओं के आदान प्रदान की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अगर किसी भी केंद्रीय या राज्य की एजेंसी के पास कोई छोटा मोटा इनपुट है तो वह भी मैक में साझा किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा था, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ एक एकीकृत एक्शनेबल सिस्टम बनाना होगा। आतंकवाद के वित्तपोषण, क्रिप्टो जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों के पुलिस थानों से लेकर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय तक समन्वित अप्रोच अपनानी होगी। उन्होंने नीड टू नो से ड्यूटी टू शेयर की ओर बढ़ने का आह्वान किया था। अब मैक में इन सभी बातों पर काम शुरु हो गया है। देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य के बीच आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिल रहा है। शाह के अनुसार, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सातों दिन और 24 घंटे सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

## बिहार कैबिनेट : ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को 50 लाख मुआवजा



अब गया का नाम गयाजी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगाई गई, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा, गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी', जीविका का खुद का बैंक और जन्म-मृत्यु निबंधन का जिम्मा पंचायत सचिवों को जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। इन फैसलों ने राज्य के प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव डालने के संकेत दिए हैं। कैबिनेट बैठक में एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए बिहार के जवानों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की योजना को स्वीकृति दी गई।

# राजनाथ सिंह ने बुज एअरबेस पर जवानों से की मुलाकात

- देश में ही नहीं, विदेशों में भी हो रही भारतीय सेना की सराहना




**भुज।** शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुजरात के भुज एअरबेस पहुंचे। यहां पर उन्होंने जवानों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने राष्ट्र को भी संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के जवानों की सराहना की।

अपने संबोधन के दौरान रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए जाने वाले पैसे पर फिर से विचार करने की अपील की। उन्होंने इस दौरान कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ से मिले पैसों को अपने देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर खर्च करेगा। जानकारी दें कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का लोन मंजूर किया है। आज भुज एअरफोर्स स्टेशन पर जवानो को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरा मानना है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से प्राप्त धन का बड़ा हिस्सा अपने देश में आतंकवादी ढांचे पर खर्च करेगा, भारत चाहता है कि आईएमएफ पाकिस्तान को दिए जाने वाले धन पर पुनर्विचार करे। जवानों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने जो पराक्रम दिखाया, उसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। आज भारत को वैश्विक मंच पर, जो सम्मान मिल रहा है, उसकी बुनियाद में आपका यही पराक्रम है। यही कारण है कि भारत का बच्चा-बच्चा आपको, अपना मानता है। आगे उन्होंने कहा कि आपने पूरे देश को यकीन दिलाया कि नया भारत अब सहन नहीं करता, बल्कि वह पलटकर जवाब देता है।

# जल्द ही पुतिन से मिलूंगा, सीधे बातचीत जरूरी : डोनाल्ड ट्रंप

**अबू धाबी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सीधी बीतचीत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब पुतिन ने तुर्किये में रूस और यूक्रेन की बीच होने वाली वार्ता में शामिल होने से इनकार किया है।

पश्चिम एशिया की चार दिवसीय यात्रा समाप्त करते हुए ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है, अब हमें यह (बातचीत) कर लेनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि उन्हें इस बात की हैरानी नहीं हुई कि पुतिन बातचीत के लिए नहीं आए। ट्रंप ने कहा, पुतिन इसलिए नहीं गए क्योंकि मैं वहां नहीं हूं। ट्रंप ने कहा कि जैसे ही बैठक तय हो पाएगी, वह पुतिन से मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी बेटी टिफनी ने हाल ही में अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़े तो मैं सच में यहां से निकलकर चला जाऊंगा। मैं अपने प्यारे पोते को देखना चाहता हूं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बातचीत में शामिल होने पर सहमति दी थी। ट्रंप ने दोनों नेताओं से समाधान निकालने की अपील की थी। हालांकि, पुतिन ने जेलेंस्की से आमने-सामने मिलने की पेशकश को ठुकरा दिया। ट्रंप दोनों पक्षों पर जोर दे रहे हैं कि वे जल्दी से युद्ध खत्म करने के लिए समझौता करें। जेलेंस्की ने अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 30 दिन की युद्ध विराम योजना को मंजूरी दी है, लेकिन रूस ने इसे अभी तक स्वीकार नहीं किया है और यूक्रेन पर हमले जारी रखे हैं। फिर भी, रूस और यूक्रेन के शीर्ष अधिकारी तीन साल में पहली बार शुक्रवार को सीधे शांति वार्ता के लिए मुलाकात कर रहे हैं। यह बैठक इस्तांबुल में हो रही है। अधिकारियों और जानकारों को उम्मीद है कि इस वार्ता से तुरंत कोई बड़ा हल नहीं निकलेगा, लेकिन वार्ता एक जरूरी शुरुआत है। ट्रंप ने कहा, वह (पुतिन) नहीं गए, मैं इसे समझता हूं। लेकिन हमें यह काम करना ही होगा।



## वक्फ कानून

### 20 मई को होगी तीन मुद्दों पर सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट से वक्फ से जुड़ी नई याचिका खारिज

- हर कोई अखबार में नाम चाहता है
- अंतरिम राहत के मुद्दे पर विचार करेंगे
- यथास्थिति बनी रहेगी केंद्र ने कहा

**केंद्र सरकार ने दायर किया हलफनामा**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1332 पन्नों का हलफनामा दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र ने अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा, कानून में यह स्थापित स्थिति है कि सवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी। अदालतें मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी।

शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आई तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। जब याचिकाकर्ता के वकील ने उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप की अनुमति देने की मांग की तो पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं। 15 मई को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा था कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बॉय यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। 17 अप्रैल को सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को केंद्र की ओर से आश्वासन दिया गया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद व बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा।






अवधनामा


# यूपी के खीरी का देश की राजधानी में बजा डंका डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बढ़ाया मान



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत हो चुकी है और इसकी अगुवाई कर रहा है उत्तर प्रदेश का एक ज़िला, लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को देश की राजधानी दिल्ली के द्धष्टक्र पूसा रोड स्थित सभागार में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा अधिकारियों के उच्चस्तरीय सम्मेलन में लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जब 'मिशन मैदान मॉडल' को पेश किया, तो पूरे सभागार में तालियों की गूंज और सम्मान की सराहना सुनाई दी यह मंच था शिक्षा में नवाचार, समग्र दृष्टिकोण और बच्चों के समर्पित भविष्य की योजनाओं का, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क), पीएम-श्री स्कूल और समग्र शिक्षा के साथ %मिशन मैदान% जैसे मॉडल ने शिक्षा को एक नया आयाम देने का काम किया। बैठक का आयोजन शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (स्श्व×रु) द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में देश भर से आए शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिशन मैदान मॉडल के आंकड़े, कहानियां और ज़मीनी बदलाव प्रस्तुत किए, तो यह स्पष्ट हो गया कि यह एक ग्राम्य क्षेत्र की योजना नहीं, बल्कि एक राष्ट्र स्तरीय प्रेरणा है। डीएम ने जिस आत्मविश्वास और तथ्यात्मक प्रस्तुति के साथ खीरी मॉडल को प्रस्तुत किया, उसने सभी को प्रभावित किया।डीएम ने कहा कि हमारे बच्चे सिर्फ किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि मैदान में उतरें, खेलें, सीखें और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करें। यही है मिशन मैदान का मकसद।बताते चलें कि केंद्र सरकार इस मॉडल को अन्य राज्यों में भी अपनाने पर विचार कर रही है, ताकि हर बच्चे को खेलने और सीखने का समान अवसर मिल सके। लखीमपुर खीरी की यह सफलता साबित करती है कि एक जिले की पहल भी पूरे देश को दिशा दे सकती है। बस ज़रूरत होती है सही नेतृत्व, नवाचार और संकल्प की मिशन मैदान' सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। इसका उद्देश्य न केवल स्कूल परिसरों में खेल मैदानों का निर्माण करना है, बल्कि एक ऐसी खेल-संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिसमें शिक्षा और खेलों को समान महत्व दिया जाए। यह मिशन बच्चों में खेल के अधिकार को सुनिश्चित करता है और उन्हें संतुलित विकास के अवसर प्रदान करता है लखीमपुर खीरी के स्कूलों में वर्षों से सूने पड़े मैदानों को जब जीवन मिला, तो वहां बच्चों की हंसी लौट आई। जिन स्कूलों में स्थान का अभाव था, वहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए गए। इस मिशन ने सिर्फ ज़मीन नहीं बदली, ज़िंदिगियाँ बदलीं। बच्चों को किताबों के बोझ से कुछ पल की राहत मिली, और शरीर के साथ-साथ आत्मा भी खिल उठी।

## खीरी के हुनर को मिलेगा नया नाम, सीडीओ ने आमजन से मांगे सुझाव

**लखीमपुर खीरी।** (*अवधनामा संवाददाता*) लखीमपुर में स्वयं सहायता समूहो द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को अब एक डेडीकेटेड नाम और ब्रांड पहचान मिलने जा रही है। इस पहल की अगुवाई कर रहे सीडीओ अभिषेक कुमार, जिन्होंने समूहों के उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।जनपद में इस समय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 23,442 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जो करीब 50 प्रकार के स्थानीय उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। जैसे हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद और परिधान आदि। इन उत्पादों को एक साझा पहचान देने और उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर प्रमोट करने के उद्देश्य से यह अभिनव प्रयास किया जा रहा है सीडीओ अभिषेक कुमार ने आमजन से आग्रह किया है कि वे इन समूह उत्पादों के लिए एक सृजनात्मक नाम और उसकी टैगलाइन सुझाएं। चयनित नाम को न केवल इन उत्पादों की पहचान बनाया जाएगा, बल्कि नाम सुझाने वाले व्यक्ति को भी सम्मानित किया जाएगा।सीडीओ का मानना है कि स्थानीय स्तर पर बने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को यदि एक सशक्त पहचान मिले तो यह महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है उपायुक्त स्वत रोजगार जेके मिश्र ने बताया कि इच्छुक नागरिक अपने सुझाव तीन दिन के भीतर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक वरुण गुप्ता के व्हाट्सएप नंबर 9838111172 पर भेज सकते हैं।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** (*अवधनामा संवाददाता*) थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी कल्लू पुत्र छिद्दू निवासी पूजागाँव थाना फूलबेहड जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है कल्लू पुत्र छिद्दू निवासी पूजागाँव थाना फूलबेहड जनपद खीरी संबधित अभि0 केस नं0 621/22 अ0सं0 40/18 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना फूलबेहड़।

## बारिश होने के चलते लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

**लखीमपुर खीरी।** (*अवधनामा संवाददाता*) शुक्रवार को पूर्वानुमान के एकदम उलट मौसम का मिजाज देखने को मिला। मौसम विभाग ने शुक्रवार को हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी कर रखा था लेकिन सुबह करीब साढ़े 10 बजे से अचानक मौसम बदल गया खासकर भारत-नेपाल सीमा के निकट संपूर्णानगर और पलिया के मझगईं इलाके में तेज आंधी चलने और जोरदार बारिश होने से मौसम खुशगवार हो गया। जिला मुख्यालय पर भी पूर्वाह्न 11 बजे से हल्के बादल छा गए। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिली है मझगईं इलाके में शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे आसमान में काले बादल छाने से तराई इलाके में दिन में रात जैसा माहौल हो गया। जिससे वाहन चालक लाइट जलाकर सड़कों पर चले। करीब 15 मिनट यह दृश्य रहने के बाद चली धूल भरी आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आंधी के बाद हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई। आंधी पानी के समय स्कूलों में हुई छुट्टी से बच्चे भीगते हुए घर को जाते नजर आए।

## चोरों ने ढाई लाख की नकदी समेत करीब तीन लाख के जेवर किये चोरी

**लखीमपुर खीरी।** (*अवधनामा संवाददाता*) गांव मऊदाउदपुर में बृहस्पतिवार रात चोरों ने ढाई लाख की नकदी समेत करीब तीन लाख के जेवर की चोरी कर लिए। पीड़ित ने चोरों का कुछ दूर तक पीछा भी किया था लेकिन चोर सामान सहित भागने में सफल रहे। चोर मकान के पीछे लगी खिड़की का ग्रिल काटकर हुए दाखिल हुए थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंचकर जांच पड़ताल की मऊदाउदपुर निवासी नीरज कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ बाहरी कमरे में सो रहे थे उनकी भतीजी राधा घर के अंदर एक कमरे में सो रही थी रात करीब दो बजे राधा के कमरे में चोर अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर रहे थे उसी समय आहट सुनकर राधा जाग गई। राधा के शोर मचाने चोर भागने लगे। उसकी आवाज सुनकर नीरज और छत पर लेटे हुए बड़े भाई सुशील कुमार भी जाग गए। लेकिन जब तक वह अंदर आते, चोर खिड़की से निकलकर भाग गए नीरज ने दो चोरों को भागते देखा, जिनका कुछ दूर पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गए। नीरज ने बताया कि घर में चार कमरे बने हैं। एक में राधा सो रही थी। तीन अन्य कमरो में ताला नहीं पड़ा था। चोर तीनों कमरो में रखे बक्सो के ताला तोड़कर सरसों बेच रखी ढाई लाख नकदी समेत उनकी पत्नी के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। जेवर की कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है।

## संदिग्ध हालत में हुई युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** (*अवधनामा संवाददाता*) थाना भीरा के गांव पड़रिया तुला निवासी एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव शुक्रवार की सुबह घर से करीब 30 कदम की दूरी पर पड़ा बरामद हुआ है। वह हाल ही में हरियाणा से मजदूरी कर घर वापस लौटा था। शव मिलने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है कस्बा पड़रिया तुला निवासी राकेश उर्फ बल्ला के खिलाफ थाना भीरा पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह कुछ महीने हरियाणा मजदूरी करने गया था। परिवार वालों ने बताया कि राकेश उर्फ बल्ला कुछ दिन पहले ही हरियाणा से घर वापस आया था शाम को वह खाना खाने के बाद घर से निकला था लेकिन फिर वापस नहीं आया सुबह घर से करीब 30 कदम की दूरी पर गली में उसका शव पड़ा देखा गया शव मिलने से सनसनी फैल गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग और तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर एसओ चौकी इंचार्ज पड़रिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षक किया परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक मृतक के शव पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं हैं। उधर परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के छोटे भाई पूनम उर्फ महेश ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## राष्ट्रीय किसान यूनियन का डीएम कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना



**बिजनौर।** (*अवधनामा संवाददाता*) राष्ट्रीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 14 मई से रेंजर बिजनौर के कार्यालय पर चल रहा था। बृहस्पतिवार को रेंजर और डीएफओ बिजनौर से वार्ता विफल होने पर राष्ट्रीय किसान यूनियन ने डीएम कार्यालय पर अनिश्चित धरना शुरू कर दिया। किसान जुलूस के रूप में रेंजर कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पहुंचे जहां राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ता और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। कलेक्ट्रेट में धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा कि बिजनौर को गुलदार मुक्त करें। किसी भी क़ीमत पर किसानों पर मुकदमा नहीं लिखने दिया जाएगा। उन्होंने रेंजर पर भ्रष्ट होने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि रेंजरने मंडावर क्षेत्र के 100 बीघा के हरे भरे आम के बाग कटवा दिए जिसकी जांच एनजीटी से कराई जाएगी। उन्होंने कहा जो किसान गुलदार द्वारा अब तक मारे गए हैं उनका मुकदमा भी रेंजर के खिलाफ कराया जाएगा। राष्ट्रीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना जब तक रहेगा जब तक किसानों के मुकदमे वापस नहीं लिए जाते।

## गैंगरेप के दो आरोपी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार



**बिजनौर।** (*अवधनामा संवाददाता*) युवती से सामूहिक दुष्कर्म और वीडियो वयारल करने के मामले में पुलिस ने अब तक कुल 4 लोगों को गिफ्तार किया है। शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली एक आरोपी के पैर में लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं इसी दौरान एक अन्य आरोपी को भी पकड़ लिया गया। पुलिस को अभी 2 नामजद आरोपियों की तलाश है। बताया गया कि थाना किरतपुर क्षेत्र की एक युवती के साथ पड़ोसी गांव के कुछ दबंगों ने 10 मई को बारी बारी से दुष्कर्म किया था। युवती से मिलने के लिए उसका मंगेतर उसके घर आया था। उसी दौरान पड़ोसी गांव के दबंगों ने युवती को जबरन पकड़ लिया और मंगेतर के सामने ही दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनाया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता और उसके परिजनों ने 13 मई को इस घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने बीते गुरुवार को बाली और उसके साथी और शुक्रवार सुबह किरतपुर नगीना रोड स्थित अंडरपास के पास मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों नितिन और आशु को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई ने बताया कि युवती दलित समुदाय की है। युवती के साथ 6 युवकों ने उसके मंगेतर के सामने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। दुष्कर्म मामले में घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता व उसके परिजनों ने 6 युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था, जिसमें चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट पर हंगामा भाजपा के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की उठी मांग

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय (पूर्व मंत्री) के आह्वाहन पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में शहर कॉंग्रेस कमेटी द्वारा उपजिलाधिकारी को मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी करने पर विरोध दर्ज कर ज्ञापन दिया। विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश,,नारी,सेना का अपमान है। जिला अध्यक्ष हेंरीता राजीव सिंह ने कहा कि नारी शक्ति और सेना सदैव सर्वोपरि है और सेना को धर्म से जोड़ना इस देश की आत्मा पर हमला है। सेना का धर्म सिर्फ देश रक्षा है और हमे हमारी सेना पर गर्व है। शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी हमारी बहन है पूरे देश की बहन है और सेना धर्म सिर्फ बलिदान होता है और कुछ नहीं मध्यप्रदेश सरकार मंत्री विजय शाह का बयान पूरे देश की एकता पर हमला है और यह बर्दाश्त के बाहर है। इस मौके पर पूर्व मंत्री ओम वती देवी, चितवन शर्मा, वसीम अकरम एड0, अनिल त्यागी, नजाकत अल्वी, हुकम सिंह, अब्दुल समद आज़ाद, शरीक ,मुहम्मद खालिद, गुलसिताब एड0, नदीम फ़रीदी, नादिर मलिक, मौ0 अकरम, समीर अहमद ,अनुज गौतम, शारिक अली मुजमम्मिल वहाब, फ़हद अली, अनीस अहमद, द्वश्वद्धस्त्र शाहरुख,आसिफ़ क़ुरैशी, महमूद मलिक, मौ0 हनीफ, मौ0 सादिक,फहीम अहमद, अल्ताफ, सुफियान, शाहनवाज़, मुक़ीम अंसारी, अयान, साकिब अंसारी, आदि कॉंग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट पर हंगामा भाजपा के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की उठी मांग

**बिजनौर।** (*अवधनामा संवाददाता*) उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय (पूर्व मंत्री) के आह्वाहन पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में शहर कॉंग्रेस कमेटी द्वारा उपजिलाधिकारी को मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी करने पर विरोध दर्ज कर ज्ञापन दिया। विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश, नारी, सेना का अपमान है। जिला अध्यक्ष हेंरीता राजीव सिंह ने कहा कि नारी शक्ति और सेना सदैव सर्वोपरि है और सेना को धर्म से जोड़ना इस देश की आत्मा पर हमला है।

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने किया बाढ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**धामपुर।** संभावित बाढ से पूर्व तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जनपद में चल रहे बाढ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजनाओं के वित्तीय कार्यों, भौतिक सत्यापन तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अधिकारियों ने अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन खो नदी के बांये किनारे स्थित तिपरजोत तटबन्ध की सुरक्षा हेतु कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समस्त कार्य मानसून से पूर्व समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह , अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-5 बिजनौर ब्रजेश कुमार मौर्य, उप जिलाधिकारी धामपुर ऋतु रानी, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, चंद्रकुश चौहान, गौरव कुमार एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी रहे मौके पर मौजूद आदि मौजूद रहे।

**सड़क दुघर्टना में एक 32 वर्षीय युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल**

## सड़क दुघर्टना में मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव मनोहरवाली के समीप मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी व आईसर केन्टर गाड़ी की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया।पुलिस ने मृतक युवक ताजुद्दीन उम्र 32 वर्षीय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वही सड़क दुघर्टना में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद निवासी मोहम्मद इमरान उम्र 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद गफ्फार शुक्रवार की सुबह सवेरे अपने साथी आरिफ उम्र 28 वर्षीय पुत्र रियासत व ताजुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन निवासी गांव उदयपुर थाना रेहड़ के साथ धामपुर की ओर से मैक्स पिकअप महिंद्रा



गाड़ी में मुर्गी फार्म से मुर्गा लेकर अफजलगढ़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी मैक्स पिकअप महिन्द्रा गाड़ी गांव मनोहरवाली कट के नजदीक पहुंची तो आगे जा रही गाड़ी आईसर केन्टर चालक विजयपाल पुत्र नोनीराम निवासी गांव दनकरा थाना कैमरी जिला रामपुर जो अपनी गाड़ी में कोल्डड्रिंक जीरा छोटी बोतल लेकर हरिद्वार उत्तराखंड से हरदोई जा रहा था। कि गाड़ी में अचानक टक्कर लगने के दौरान मैक्स पिकअप महिंद्रा गाड़ी में सवार आगे बैठे ताजुद्दीन उम्र 32 वर्षीय निवासी गांव उदयपुर थाना रेहड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि गाड़ी में सवार गाड़ी चालक गांव सीरवासुचंद निवासी मोहम्मद इमरान उम्र 30 वर्षीय तथा आरिफ उम्र 28 वर्षीय निवासी गांव उदयपुर थाना रेहड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वही पुलिस ने सड़क दुघर्टना में क्षतिग्रस्त दोनो गाड़ियों को अपने कब्जे में लेकर मृतक युवक ताजुद्दीन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भेज दिया। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक ताजुद्दीन उम्र 32 वर्षीय पुत्र जमालुद्दीन निवासी गांव उदयपुर थाना रेहड़ के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस मुठभेड़ में एक घायल समेत दो गौकश गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक घायल समेत दो गौकशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घायल गौकश को अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए गौकशों के कब्जे से अवैध शस्त्र तथा गौकशी के उपकरण और बाईक बरामद हुई है। थाना मिर्जापुर के कार्यवाहक प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा तथा सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर निकली हुई थी। जैसे ही पुलिस टीम गांव पांडली के पास राजवाहा तिराहे पर पहुंची, तो नौशेरा की ओर से एक बाईक आती दिखाई दी। पुलिस ने बाईक सवारों को रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने बाइक दौड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया, तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायर झोंक दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, तो बाईक सवार एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथी को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए गौकशों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, दो जिंदा कारतूस और 2 कारतूस के खोखे तथा गौकशी के उपकरण और बाईक बरामद हुई है। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने घायल बदमाश का नाम बुरहान पुत्र फक्कर, जबकि उसके दूसरे साथी का नाम अलीशान पुत्र फक्कर निवासीगण गांव रायपुर थाना मिर्जापुर बताए है। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि घायल बदमाश बुरहान के खिलाफ मिर्जापुर व बेहट थाने में डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज है। उन्होंने कहा कि गौकशी करने वालो को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर व्यापारी प्रतिनिधि कमिश्नर से मिले, सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारी आज कमिश्नर अटल कुमार राय से उनके कार्यालय में मिले तथा उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधि मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचे, जहां अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत सीवरेज, नाला निर्माण, सड़कें जहां-जहां बनायी जा रही है, उनका कोई मानक भी नहीं है। महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत पार्किंग की कोई योजना नहीं बनायी जाती है। यहां किसी भी बाजार में न तो कोई मल्टी स्टोरी पार्किंग हैं, जिस कारण व्यापारियों व उपभोक्ताओं को अपने वाहन खड़े में काफी दिक्कतें आ रही है। इसके अलावा चौराहों पर लाईट लगने के बावजूद भी उनका संचालन नहीं किया जा रहा है। वेंडिंग जोन के नाम पर मात्र दिखावा किया गया। पूरे जनपद में एक ही आधार कार्ड बनाने का सैन्टर है, जो पंत विहार के गेट के पास है। उक्त सैन्टर पर सद्युबह से शाम तक आधार कार्ड के लिए लाईनें लगी रहती है, इसलिए जनहित में जिले में तीन-चार अन्य स्थानों पर आधार सैंटर की ब्रांचें खोली जाये।

## निर्माण कार्यो की गुणवत्ता लैब से टेस्ट कराएंः नगरायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता लैब से टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम का एक गेस्ट हाऊस बनवाने तथा अम्बेडकर स्टेडियम में कैफेटेरिया बनवाने का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त निगम के शाकुंभरी सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने नगर निगम व स्मार्ट सिटी को और अधिक गति देने के लिए राजस्व विभाग, इंजीनियरिंग एवं स्मार्ट सिटी पर फोकस करने को कहा। नगरायुक्त ने टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र के भवनों को आवासीय व गैर आवासीय तथा मिश्रित क्षेत्रों के रुप में अलग-अलग विभाजित कर उनका विवरण तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को टैक्स विभाग का हर रोज रिव्यू करने तथा सम्पत्तियों का मिलान करने के भी निर्देश दिए। निगम के वाहनों में डीजल बचाने के उपायों पर उन्होंने अनेक टिप्स दिए तथा इलेक्ट्रिक बस स्टेशन पर ई चार्जिंग स्टेशन की जानकारी ली।

चौराहों और प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण के सम्बंध में अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि कुछ चौराहों/तिराहों का सौंदर्यीकरण पहले से प्रस्तावित है। जिस पर उन्होंने उनकी निविदा प्रक्रिया और विकास कार्य निष्पक्ष, तेज और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट मरम्मत, सम्पत्ति नाम परिवर्तन, सफाई कार्य, टैक्स कलेक्शन, जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए भी समयबद्धता पर जोर दिया। पर्यावरण संतुलन और वृक्षारोपण पर जानकारी लेते हुए उन्होंने पूछा कि रायवाला स्थित निगम के प्रभाकर उद्यान में मियावाकी कितने क्षेत्र में बना है, कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया है, अभी तक क्या-क्या किया गया है और क्या प्रस्तावित है ? उन्होंने इस पर विस्तार से प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीण शाह तथा लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# हाजियों के विदाई वक्त राष्ट्रपति के संबोधन से अभिभूत हैं मुस्लिम समुदाय

अवधनामा संवाददाता



**काठमांडू।** शुक्रवार को नेपाल की फ़िज़ाओं में भाईचारे, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान की ऐसी गूंज सुनाई दी, जो केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि वह एक जागरूक राष्ट्र की आत्मा की सजीव अभिव्यक्ति थी। महामहिम राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले सौभाग्यशाली मुस्लिम यात्रियों को जिस स्नेह, गरिमा और आत्मीयता के साथ विदाई दी, वह नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होने योग्य है। राष्ट्रपति ने अपने कर-कमलों से हाजियों को पारंपरिक गमछा और इस्लामी टोपी पहनाकर जो सम्मान प्रदान किया, वह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि मानव समानता, धार्मिक सहिष्णुता और हृदयों की एकता की गहराइयों को छू लेने वाला दृश्य था। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि मुस्लिम समुदाय ने सदियों से नेपाल की संस्कृति, समाज, शिक्षा और सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हज एक पवित्र यात्रा है जो आत्मिक शुद्धि, मानवीय एकता और धार्मिक मेलजोल का प्रतीक है। हम अपने हाजियों के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनके ईमानी जज्बे को सलाम करते हैं। नेपाल मदरसा संघ के अध्यक्ष डाक्टर अब्दुल गनी अलकूफी और उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां ने राष्ट्रपति के हाजियों के प्रति इस आत्मिक संबोधन पर कहा दरअसल यह वह आवाज़ है जो सरहदों से ऊपर उठकर वैश्विक अंतरात्मा को झकझोरती है और उन क्षेत्रों में भी उम्मीद की किरण बनती है, जहाँ आज भी अल्पसंख्यकों की आवाज़ को दबाया जाता है। कहा कि यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि नेपाल की आत्मा की जीत है। महामहिम राष्ट्रपति ने जो किया, वह इतिहास के पन्नों में प्रेम, न्याय और भाईचारे की चमकती पंक्ति के रूप में सदा के लिए दर्ज रहेगा। यह हमें एहसास कराता है कि हम इस भूमि के सम्मानित नागरिक हैं और हमारा धर्म यहाँ पूर्ण सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवित है।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने 43.58 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा शुक्रवार को देवरिया जनपद की नगर पंचायत पथरदेवा पहुंचकर नगर पंचायत के विकास के लिए 43.58 करोड़ रुपए की लागत से कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें वंदन योजना के तहत 1.44 करोड रुपए की लागत के कार्य, कान्हा गौशाला बेसहारा पशु आश्रय स्थल हेतु 1.66 करोड़ रुपए के कार्य, मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत वार्ड नंबर 01 के अंबेडकर नगर में 40 करोड़ रुपए से छठ घाट के जीर्णोद्धार के कार्य, वार्ड नंबर 03 और वार्ड नंबर 10 में 24-24 लाख रुपए से प्राथमिक विद्यालयों की कायाकल्प का कार्य कराया जाएगा। मंत्री ए.के. शर्मा ने पथरदेवा के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी स्वयं कृषि मंत्री जी का सम्मान करते है। शाही जी की कार्य संस्कृति से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को प्रेरणा मिलती है। शाही जी ने देवरिया जिले के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। ए.के. शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में देवरिया जिले की नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए हेतिमपुर नगर पंचायत को 11.93 करोड रुपए, पथरदेवा नगर पंचायत को 17.76 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 16.58 करोड रुपए दिए गए। गत वर्ष हेतिमपुर नगर पंचायत को 11 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 12.50 करोड रुपए, पथरदेवा नगर पंचायत को 09 करोड रुपए दिए गए। इस वर्ष 2025-26 में हेतिमपुर नगर पंचायत को 17 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 10 करोड रुपए तथा पथरदेवा नगर पंचायत को 18.50 करोड रुपए विकास कार्यों के लिए दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण कार्यों को आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान के तहत जर्जर तारों पोल को हटाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, नए ट्रांसफार्मर लगाने, 33 केवी और 11 केवी लाइनों को बढ़ाने आदि के कार्य कराए गए।

# एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने पाली ब्लॉक में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** क्षेत्र पंचायत पाली द्वारा राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला के कर कमलों द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

### विकास कार्य कर रही भाजपा सरकार : डॉ धर्मेंद्र

लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के निरंतर विकास कार्य हो रहा है। सबका साथ सबका बिकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को लेकर संकल्पित है। उन्होंने कहा ये वो भारत नही है जो आतंकवादियों के हमलों का जवाब न दे पाये, ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है जो दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है, कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है आतंकवादियों को चुन चुन कर मारेंगे उनके घरों में घुस कर मारेंगे। आतंकवादियों के समर्थन करने वाले देशों को भी करारा जवाब देने के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा देश की सेना को खुली छूट दे दी गयी है यदि दुश्मन देश से गोली चले तो जवाब गोला दे देना है।छुट्टा पशुओं की समस्या की चर्चा करते हुए कहा देश मे ऐसी भी सरकारें रही हैं जो गौ वंश की गोली से हत्या करती रही, कत्लेआम होती रही, लेकिन जब भाजपा सरकार बनी तो गौवंश के कत्लेआम पर रोक लगी, गौमाता को पूजने का काम शुरू हुआ। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्यगाथा की चर्चा करते हुए कहा हमे अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा 2017 से पूर्व प्रदेश में अराजकता का माहौल था, गुंडों माफियाओं के दबदबा था, हत्याएं आम थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तो गुंडों माफियाओं कांप गये, कानून का राज स्थापित हुआ। अब प्रदेश में विकास की नयी नयी श्रृंखला बन रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया , बैठक में जनपद में चल रही 46 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विकास निगम लि0 को जनपद में पांचाल घाट पुल से श्मशान घाट रोड तक रोड बनाने के लिऐ स्टीमेट बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन द्वारा केंद्रीय कारागार में किये जा रहे निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई व निर्देशित किया कि अगर 30 मई तक कार्य पूर्ण नही किया जाये तो कार्यदायी संस्था पर जुर्माना लगाया जाये।,उ0प्र0जल निगम ग्रामीण को ढिलावल पेयजल परियोजना में विद्युत कनेक्शन जल्द कराने के निर्देश दिये जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये,सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे, व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संवंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी क्राइम द्वारा महिला पुलिसकर्मियों की समस्याओं और स्वास्थ्य को लेकर की गई विस्तृत चर्चा

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद के विभिन्न



थानों एवं पुलिस कार्यालय में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों के लिए एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन ऑपरेशन जागृति एवं वामा सारथी के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत, प्रोफेशनल एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जानना तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाना था। सम्मेलन में जिला हॉस्पिटल से गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सना खान तथा सीएचसी पुलिस लाइन डॉक्टर गजेन्द्र कुमार व फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। दोनों विशेषज्ञों ने महिला पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। साथ ही, उनके स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे वे स्वस्थ रहते हुए अपनी पुलिस सेवा को सुगमता एवं दक्षता से निभा सकें। सम्मेलन में महिला कर्मियों को अपनी समस्याएं खुलकर रखने का अवसर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर समान अवसर, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी जागरूकता प्रदान की गई।

## जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यों व विभिन्न पोषण योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) में बच्चों के संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती और तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के कुल 281 रिक्त पदों में से 258 पदों पर चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शेष 14 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी न होने के कारण लंबित हैं और 9 पदों पर किसी भी पात्र आवेदन के अभाव में चयन नहीं हो सका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में पाया गया कि 41 आवेदन सीडीपीओ स्तर पर तथा 38 आवेदन मुख्य सेविका स्तर पर लंबित हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी और उपायुक्त मनरेगा को योजना में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए।

## तीन दर्जन से अधिक हिंदू भाइयों ने हिंदू महासभा की सदस्यता ग्रहण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज शाम हिन्दू महासभा गौरक्षा प्रकोष्ठ में लगभग 3 दर्जन से अधिक भाईओ ने हिन्दू महासभा की सदस्यता ली। यह सभी भाई हिन्दू महासभा के कार्य से प्रेरित होकर आज युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे हिन्दू महासभा जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक और गौरक्षा जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा के सानिध्य में सभी ने हिन्दुत्त्व के कार्य करने के लिए हिन्दू महासभा की सदस्यता ग्रहण की।

## विजयनगर में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण पर उठे सवाल

**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** तहसील पूरनपुर के विकासखंड पूरनपुर की ग्राम



पंचायत विजयनगर में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में भ्रष्टाचार की बू उठ रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया है। हाल ही में वायरल हुई एक वीडियो में ग्रामीण केंद्र के दरवाजे को हाथ से ही तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि यह दरवाजा बेहद कमजोर है और पुराने तीन टुकड़ों को जोड़कर लगाया गया है, जो कुछ ही समय में टूट जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि दरवाजे के अलावा भवन के खंभों की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है। कई खंभे आधे-अधूरे ढंग से बनाए गए हैं और उनमें सीमेंट की पर्याप्त मात्रा नहीं दिखाई देती। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते जांच नहीं हुई, तो यह भवन बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में हुआ अग्नि सुरक्षा और जन जागरुकता कार्यक्रम

**अमेठी।** अग्नि शमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने बताया कि जनपद में अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान के अन्तर्गत अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र द्वारा आग लगने पर उससे बचाव हेतु उपाय को अपनाने की सलाह दी गयी। जिसके अन्तर्गत आग लगने पर आसपास के लोगों को चिल्लाकर अधिक से अधिक लोग सहायता के लिए एकत्रित कर लें तथा ऐसी परिस्थिति में धैर्य रखें और बिल्कुल भी घबरायें नहीं।

# डेंगू से डरने की नहीं, बचने की आवश्यकता: सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरूता संबंधी विविध गतिविधियों का आयोजन किया। इनके जरिये संदेश दिया गया कि इस बीमारी के प्रसार से लोगों को डरने की बजाय, इससे बचाव के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हुई जागरूकता गोष्ठी में हिस्सा लिया। मंडलीय कीट विज्ञानी डॉ वीके श्रीवास्तव और जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने भी उनके साथ गोष्ठी में पहुंच कर बच्चों को बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।



वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश और वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक प्रभात रंजन सिंह ने भी गोष्ठी में हिस्सा लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल रोग है। इसका मच्छर दिन में काटता है और यह बीमारी प्रत्येक लिंग और समूह को प्रभावित करती है। मानसून की शुरूआत से पहले ही इस बीमारी से बचाव के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल सोलह मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है।

पहले डेंगू सिर्फ बरसात के मौसम में ही होता था लेकिन अब यह वर्ष के किसी भी माह में सामने आने लगा है, क्योंकि इसके मच्छरों को पनपने के लिए घर में कहीं भी एकत्रित एक चम्मच साफ पानी भी पर्याप्त है। लक्षण दिखने पर त्वरित जांच और समय से इलाज का फायदा मिलता है। मंडलीय कीट विज्ञानी डॉ वीके श्रीवास्तव ने कहा कि डेंगू से खासतौर से उन लोगों को और अधिक सतर्क रहना चाहिए जो एक बार इसका संक्रमण झेल चुके हैं, क्योंकि ऐसे लोगों में दूसरी बार संक्रमण अधिक गंभीर और लंबा हो सकता है।

डेंगू का एक स्ट्रेन दूसरे स्ट्रेन से प्रतिरक्षा प्रदान नहीं करता है। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षण दिखते ही यथाशीघ्र प्रशिक्षित चिकित्सक से जांच और इलाज करवाने पर मरीज घर पर ही ठीक हो जाता है। इलाज में देरी करने और अपने मन से दवाएं खाने से जटिलताएं बढ़ती हैं और कई बार गंभीर अवस्था में मरीज को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता है।

## घरेलू क्लेश के चलते फोटोग्राफर ने गोली मारकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** फोटोग्राफर ने अपने घर में ही खुद गोली मारकर की आत्महत्या पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया। फर्रुखाबाद शहर कोतवाली के मोहल्ला पल्ला ताला पश्चिम निवासी 45 वर्षीय अनूप अग्निहोत्री पुत्र वासुदेव अग्निहोत्री फोटोग्राफर का काम करता था। उसकी पत्नी कुसुम बीते लगभग 2 वर्षो से विवाद के चलते अपने मायके में ही रह रही थी। अनूप की मां रामादेवी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह अनूप ने विवाद के चलते उसको घर में ही बंद कर लिया था, किसी तरह से वह घर से निकल कर पल्ला चौकी पहुंची।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232826540 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**संगम पुत्री श्री विनोद पाण्डेय पता- ग्राम गढ़मौर पोस्ट- महथावल जिला- सिद्धार्थनगर (यूपी)।**


## व्यापारियों के हर सुख दुख में व्यापार मंडल सदैव समर्पित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद के कोंच नगर में दिन दहाड़े सराफा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा लूट की घटना की जानकारी मिलने पर व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल कोंच नगर पहुंचकर सर्राफा व्यापारी से मिला। उसको ढाढस दिया और उन्हें आश्वस्त कराया कि सारा व्यापार मंडल ओर व्यापारी समाज आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा है। पदाधिकारियों ने दूरभाष के माध्यम से माननीय पुलिस अधीक्षक जी बात की और उनसे कहा कि यदि रविवार तक लूट का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी समाज कोंच नगर का बाजार बंद कराने को बाध्य हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा। और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी।


## सूचना

मा न्याया. प्रथम अपर सिविल जज सीडी सहारनपुर इजराये वाद सं 13 सन 2019 गुरबख्श सिंह आदि बनाम मनीष कुमार आदि !न्यायालय के आदेश दि. 2.5.2025 के अनुपालन में डिक्रीदार द्वारा नीलामी की उद्घोषणा हेतु सूचनाएं अन्तर्गत आदेश 21 नियम 66 सी.पी.सी.दि.14.5.2025 को न्यायालय को प्राप्त कराई जा चुकी है वाद निष्पादन हेतु कुर्क सम्पत्ति की पब्लिक नीलामी निम्न प्रकार सम्पन्न होगी। नीलामी हेतु नियत तिथि 22.5.2025 नीलामी का दिन गुरुवार नीलामी का समय 11 बजे दिन से 4 बजे सांय तक नीलामी स्थल ग्राम सभा भवन,ग्राम हमामपुर प्र.सरसावा, थाना सरसावा ज़ि. सहारनपुर।

**आज्ञा से प्रथम अपर सिविल जज सीडी सहारनपुर**


# सरकारी कर्मचारियों की मनमानी से दलालों का शिकार बन रहे पासपोर्ट आवेदक

मनव्वर रिज़वी

**गोरखपुर।** पीएसके गोरखपुर यानी पासपोर्ट सेवा केंद्र गोरखपुर, अपने स्थापना काल से ही सबसे व्यस्त पासपोर्ट सेवा केंद्र में शामिल रहा है। बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर समेत गोरखपुर जिले के लोगों के लिए यह केंद्र किसी वरदान से कम नहीं है। चाहे हज यात्रा या विदेश में रोजगार की तलाश। बिना पासपोर्ट के मुमकिन नही है। खासकर पूर्वांचल के लोगों में विदेश जाने की अधिक उत्सुकता एवं रोजग़ार के चलते गोरखपुर में स्थापित पासपोर्ट कार्यालय का अत्यधिक महत्व है।

एक समय ऐसा भी था जब यहां प्रतिदिन लगभग एक हजार लोगों को सेवाएं दी जाती थी। यह संख्या कोरोना काल में घटकर आधी कर दी गई। हालांकि तब यहां पासपोर्ट सेवा से जुड़े कर्मचारियों की ठीक-ठाक संख्या हुआ करती थी जो अब कुछ सीमित हो गई है। इस समय यहां सामान्य आवेदन की संख्या 920, तत्काल आवेदनों की संख्या 80 और



पीसीसी के लिए 175 आवेदन संख्या निर्धारित है। वर्तमान में यहां आवेदकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि हर पासपोर्ट सेवा केंद्र में दो तरह के कर्मचारी कार्य करते हैं एक तो वो जो सीधे भारत सरकार के अधीन होते हैं। दूसरे वह कर्मचारी जो एक निजी कंपनी द्वारा अनुबंध पर रखे गए हैं, जिनका व्यवहार आवेदकों के लिए बहुत विनम्र और सहनशील है लेकिन उसके विपरीत यहां तैनात सरकारी कर्मचारियों का व्यवहार बहुत रूखा और सख्त होता है। खासकर बी काउंटर पर लोगों को ज़्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां

### पासपोर्ट सेवा केंद्र गोरखपुर का हाल बेहाल

तैनात कर्मचारी नियमों के विपरीत मनमाना काम कर रहे हैं। कभी कभी तो अपनी मर्ज़ी से वो आवेदकों को लौटा देते हैं, बिना ये सोचे कि आवेदक कहाँ से और कितनी दूर से आया है। ताज़ा मामला मोहम्मद शाजान का है। उसने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया और उसका 07 मई 2025 को 3 बजे का अपाइन्मेंट था। निर्धारित समय पर जब आवेदक सभी प्रक्रिया पूर्ण करके बी काउंटर पर पहुंचा तो उसे यह कह कर लौटा दिया गया कि पीवीसी आधार कार्ड लाओ। जबकि उसने डिजिटल हस्ताक्षर वाला अपना आधार प्रस्तुत किया था लेकिन काउंट पर तैनात कर्मचारी ने उसे वापस भेज दिया। इस तरह हर रोज़ न जाने कितने आवेदकों को यहां पर तैनात सरकारी कर्मचारी वापस भेज देते हैं भले ही वो कितनी ही दूरी तय करके क्यों न आया हो। सूत्रों की माने तो यहां सबसे मज़ेदार बात ये है कि जब आवेदक वापस जाने लगते हैं तो उन्हें पीएसके गेट के बाहर घात लगाए दलालों द्वारा रोका जाता है, ऐसा लगता है कि जैसे दलालों को बता दिया गया हो कि अमुक व्यक्ति जो बाहर निकल रहा है उसका काम नही हुआ है। इसके बाद कुछ लेन देन में मामला फिट करा देने की बात दलालों द्वारा कही जाती है। बहुत से आवेदक अपनी जरूरत या मजबूरी के तहत इन दलालों की मांग स्वीकार कर लेते हैं और फिर वही आवेदक जब दोबारा अंदर जाता है तो उसका काम बहुत आसानी से हो जाता है। इस सम्बंध में जब यहां तैनात एपीओ से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे एम्पर्क नही हो सका। बहरहाल यहां यह जानना ज़रूरी है कि भारत सरकार के अधीन आने वाले कर्मचारियों की तैनाती यहां रोटेशन के आधार पर 3 से 6 महीने तक ही पासपोर्ट सेवा केंद्र पर होती हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) गोरखपुर पर तैनाती के लिए हमेशा कर्मचारियों और अधिकारियों में होड़ रहती है क्योंकि कमाई के लिहाज से गोरखपुर पीएसके को आज भी मलाईदार जगह माना जाता है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र एवं अन्नपूर्णा मेमोरियल फाउंडेशन, गोरखपुर के संस्थापक के जनक जननी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के द्वारा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रोफेसर, पूनम टंडन ने राजकीय विद्यालय हेतु डॉ. लाठ के निर्लिप्त भाव से इस समर्पण एवं संस्था के प्रति प्रेम की सराहना किया गया। डॉ. लाठ स्वयं में उत्कृष्टता का एक अद्भुत उदाहरण हैं। वे एक मार्गदर्शक, प्रेरक एवं विशुद्ध समाजसेवी हैं जिनसे हमारा समाज निरन्तर उन्नति को प्राप्त होता है। निश्चित रूप से हमें जीवन के त्रिरत्नों माता - पिता, गुरु व शिक्षण संस्थान के ऋण को कभी भी विस्मृत नहीं करना चाहिए।

इसी क्रम में अन्नपूर्णा देवी मेमोरियल, फाउंडेशन, गोरखपुर की डायरेक्टर डॉ. रोली लाठ ने संस्था के उद्देश्य व समाज में इसकी भूमिका तथा विगत वर्षों में इसके द्वारा संपादित कार्यो का संक्षिप्त वृत्त रखा गया । उन्होंने आगे कहा कि यह फाउंडेशन मूल रूप से छात्र कल्याण, समाज सेवा व पर्यावरण संरक्षण हेतु निर्मित है। उन्होंने फाउंडेशन के उदभव का वर्णन करते हुए कहा कि यह डॉ. एस. के. लाठ के स्वप्न की मूर्त रूप में परिणति है। उन्होंने डॉक्टर लाठ के बाल जीवन को रेखांकित करते हुए यह बतलाने का प्रयास किया कि किस प्रकार से एक बालक में भविष्य में कुछ कर गुजरने के स्वप्न का प्रस्फुटनहुआ। फाउंडेशन के जनक व शहर के प्रख्यात चेस्ट फिजिशियन डॉ. एस. के. लाठ ने अपने वक्तव्य में मेधा सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना स्थान प्राप्त कोई अन्य विद्यार्थी। निश्चित ही छात्र जीवन के इस यज्ञ का फल आपको नूतन ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।


## सूचना

नन्नाह पुत्र नूर हसन नि. कलसिया रोड, ग्राम संसारपुर थाना बेहट, सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र आसिफ पुत्र नन्नहा नि. संसारपुर थाना बेहट आवारा व नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है वो मेरे साथ अक्सर लड़ाई झगड़ा करता है 6 माह पूर्व मैंने आसिफ़ से सभी सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपने घर से अलग कर दिया था मुझसे या परिवार उसका कोई सम्बन्ध नहीं है अपने किसी भी कु कृत्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः ETender-GSU-TRD-L03-25-26**
**दिनांकः 15-05-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में अमृत भारत योजना के अंतर्गत भटनी यार्ड के प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 पर पीपी शेल्टर के निर्माण कार्य के कारण आ रहे अवरोधों को हटाने से संबंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: ETender-GSU-TRD-L03-25-26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 60,01,157.91, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,20,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 06-06-2025 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।

- खुली ई–निविदा दिनांक 06-06-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति**
मुजाधि/विद्युत–35 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

**शुद्धि पत्र-1**

**विषयः निविदा प्रपत्र संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 का शुद्धि–पत्र। सन्दर्भः निविदा सूचना संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 दिनांक 06.05.2025 खुलने की तिथि 29.05.2025.**

**कार्य का नामः** कन्वर्शन ऑफ आई.सी.एफ. कोचेस इन टू एन.एम.जी.एच.एस. एन्ड एन.एम.जी.एच.एस.आर. कोचेस। उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र के **Annexure-F (Tenderer's Credentials (Bid Capacity)** को **GCC-2022** के अनुसार परिवर्तित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर upload कर दिया गया है।

**संख्याः 2025-एएमवी-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-29 दिनांक 10.05.2025**

1445/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अयोध्या धाम के वार्डो को होगी चौबीस घन्टे पेयजल की सप्लाई



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की पावन नगरी अब न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विश्व पटल पर चमक रही है, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय शहर बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। अमृत योजना 2.0 के तहत नगर निगम के अयोध्या धाम वाले इलाके में 24 घंटे स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की परियोजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। इस परियोजना के तहत अगस्त 2025 तक अयोध्या धाम के सभी वार्डों में बिना मोटर या सबमर्सिबल पंप के 21 मीटर की ऊंचाई तक प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति होगी। यह परियोजना न केवल अयोध्या के निवासियों के जीवन को सुगम बनाएगी, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी इस पवित्र नगरी को सुविधाजनक बनाएगी। केंद्र सरकार की अमृत योजना 2.0 के तहत शुरू की गई इस 200 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य अयोध्या धाम को चौबीस घंट स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अयोध्या को न केवल 24 घंटे बिजली, बल्कि 24 घंटे स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध हो। इस परियोजना को तीन चरणों में लागू किया जा रहा है, जिसमें पहले चरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा के अनुसार, पहले चरण में सात वार्डों में चौबीस घंटे पेयजल आपूर्ति का कार्य अंतिम चरण में है। अवधपुरी के दो वार्डों में शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बाल गंगाधर तिलक जैसे अन्य वार्डों में 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना के दूसरे चरण में अयोध्या धाम के नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो को शामिल किया गया है

## कृषि के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाए : संतोष कुमार शर्मा




**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल के निर्देश पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में उप्र ग्रामीण पर्यटन द्वारा 18वां विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन मंडलायुक्त सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण पर्यटन योजना अन्तर्गत अयोध्या जनपद से चयनित 05 ग्राम पंचायतों क्रमशः ग्राम पंचायत अबनपुर सरोहा, वि0ख0 मसौधा, ग्राम पंचायत गौरा गयासपुर, वि0ख0 तारून, ग्राम पंचायत रामपुरवा, वि0स0 वि0ख0 मिल्कीपुर, ग्राम पंचायत सेरवाघाट, वि0ख0 मायाबाजार, ग्राम पंचायत नगवाडीह, वि0ख0 मवई के ग्राम प्रधान, सचिव सहित उक्त ग्राम पंचायतों के होमस्टे / फार्मस्टे के स्वामी द्वारा प्रतिभाग किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है जहां कृषि के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाएं है। किसानों की आय बढ़ाने में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि एवं धार्मिक स्थलों के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक आते है यदि ऐसे स्थानों के निकटतम व रास्तों में कृषि और ग्रामीण के स्थल एग्रो फार्म स्टे के रूप में उपलब्ध हो तो लोग निश्चित रूप से न केवल जायेंगें बल्कि ठहरेंगे भी जिससे गांव के लोगों का कृषि एवं पर्यटन से जुड़े लोगो को रोजगार मिलेगा बल्कि स्थानी उत्पाद तैयार करने वाले लोगो का भी आय बढ़ेगा।

## प्रापर्टी डीलरों ने गुमराह करके करा लिया बैनामा, डीएम से शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** समाजवादी मजदूर सभा के प्रान्तीय सचिव/प्रभारी अवध जोन अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामसभा सरेठी स्थित भूमि सं0-00189 में राम जियावन मौर्या एवं उनकी पत्नी स्वर्णिमा मौर्या द्वारा क्रय करने हेतु काशी यादव तथा रामनिहाल मौर्य ने जो कि प्रापर्टी डीलर है, ने यह कहकर सौदा किया कि 1100 रूपये स्क्वायर फीट से आपको जमीन दिया जाएगा जिस पर राम जियावन मौर्या ने 2000 रूपये स्क्वायर फीट का सौदा करने की बात तय हुयी। धीरे-धीरे काशी यादव व रामनिहाल मौर्या ने राम जियावन मौर्या को गुमराह करके 28 लाख रूपये ले लिए बहुत कहने व सुनने पर मात्र 1200 स्क्वायर फिट जमीन का बैनामा कराया गया जिसका तेरह लाख बीस हजार रूपया बनता है। जब राम जियावन मौर्या ने अपने शेष भूमि लेने और न देने पर शेष पैसे की वापसी की बात कही तो उन लोगों द्वारा काफी अभद्रता गाली-गलौज व जान से मार देने की धमकी देने लगे और बताया कि आपके शेष रूपये की जमीन राम निहाल मौर्य ने अपने पत्नी के नाम बैनामा ले लिया गया है जिस पर राम जियावन मौर्या द्वारा इन लोगों के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया जिसकी जांच सी0ओ0 अयोध्या के पास प्रतीक्षारत में चल रही है। राम जियावन मौर्या की हालात बेहत ही खराब है। राम जियावन को जब कहीं भी मदद नहीं हो सकी तो उन्होने संगठन से मदद की गुहार लगायी आप सभी प्रेस के साथियों को अवगत कराते हुए कहा कि यदि इनकी मदद शासन प्रशासन द्वारा नहीं हो पायेगी तो संगठन मजबूरन घरना प्रदर्शन/आन्दोलन करने को बाध्य हो सकता है। प्रशासन दोनों प्रापर्टी डीलरों के मामले का संज्ञान लेने का कष्ट करें। इस तरह तो जमीन का खेल हो रहा है जिस जमीन का सौदा हुआ उसका तो रेट रजिस्ट्री भी मात्र 02 लाख में ही हुयी। किन्तु उक्त प्रापर्टी डीलरों द्वारा इस तरह लूटने का अधिकार किसने दिया, सवाल बड़ा है। जमीनों के नाम पर इतनी लूट कैसे खुले आम डकैती हो रही है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए। जैसा कि राम जियावन मौर्या का खुद कहना है और उन्होंने संगठन से मांग किया है कि मेरी मदद कराया जाय। जिस पर संगठन ने निर्णय लिया कि अगर शासन/प्रशासन कार्यवाही करने में असफल होती है तो इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी के यहां धरना देने के लिए बाध्य होगी।

जिलाधिकारी से मिलकर उक्त प्रकरण की जानकारी भी संगठन के माध्यम से दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कैलाश कोरी, महानगर अध्यक्ष राजकपूर बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष महेश सोनकर, विश्वनाथ कोरी, राकेश कोरी, उमाकान्त पाण्डेय, बीरेन्द्र यादव, आर0टी0 यादव आदि शामिल रहें।

# जिला अस्पताल में कमाऊ कुर्सी की जंग

## एलटी ने ब्लड बैंक पहुंच प्रभारी को पीटा



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में कमाऊ कुर्सी पर काबिज रहने की जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ऐनकेन प्रकारेन हर कोई कुर्सी पर चिपके रहने की जु गत में जुटा है। इसी को लेकर गुरुवार को एक लैब टेक्नीशियन ने अपने बाहरी साथियों के साथ पहुंच ब्लड बैंक में प्रभारी को पीट दिया । मामले में शिकायत पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है तो जिला प्रशासन ने प्रकरण की जांच के लिए समिति का गठन किया है। महिला अस्पताल परिसर स्थित क्षेत्रीय निदान केंद्र (आरडीसी) में बतौर प्रभारी लैब टेक्नीशियन संदीप सिंह तैनात हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से उनकी जगह लैब टेक्नीशियन अजीत प्रताप सिंह को प्रभारी बनाया जा रहा है। संदीप सिंह को आशंका थी कि इस कारस्तानी में ब्लड बैंक के प्रभारी अनिल कुमार सिंह की भूमिका है। इसी बात को लेकर लैब टेक्नीशियन संदीप सिंह अपने साथ दो तीन अन्य लोगों को लेकर गुरुवार दोपहर बाद लगभग दो बजे जिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक पहुंचे। ब्लड बैंक में उन्होंने प्रभारी अनिल कुमार सिंह से गाली गलौज की और फिर सभी ने हमला बोल दिया। ब्लड बैंक प्रभारी को मारा पीटा और जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित ब्लड बैंक प्रभारी अनिल कुमार सिंह निवासी कोरखाना, देवकाली, कोतवाली नगर ने मामले की शिकायत अस्पताल प्रशासन और नगर कोतवाली पुलिस से की है। चौकी प्रभारी रिकाबगंज रघुवीर सिंह का कहना है कि शिकायत पर पुलिस ने लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार सिंह तथा तीन चार अन्य के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना और आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं जिला अस्पताल प्रशासन के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एके सिन्हा का कहना है कि मामले की जांच के लिए डॉक्टर फुजेल अंसारी और डॉक्टर राजेश सिंह की कमेटी बनाई गई है। कमेटी से मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# स्पोर्ट्स कोटे में सरकारी नौकरी का झांसा देकर 12 लाख की ठगी, एफआईआर




अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** सरकारी नौकरी का सपना संजोए एक युवक को झांसा देकर ठगों ने 12 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने कर्ज लेकर और जेवरात बेचकर यह रकम जुटाई थी। नियुक्ति की तारीखें बीतने पर जब युवक को ठगी का एहसास हुआ और रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने धमकी दी कि झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पीड़ित की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ रोड, सिठौरा निवासी कन्हईलाल ने बताया कि आरोपी एकता आनंद और अभिषेक सक्सेना बेटे आकाश कुमार को सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाकर मिले थे। आरोपियों ने खुद को रसूखदार बताते हुए कहा कि वे स्पोर्ट्स कोटे से नौकरी लगवा सकते हैं। पहले आरोपियों ने ढाई लाख रुपये एडवांस लिए। फिर एक लाख रुपये लेकर फर्जी स्पोर्ट्स प्रमाणपत्र बनवाया और रांची बुलाकर 1.83 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इसके अलावा 60 हजार रुपये एटीएम से निकाले। रांची में होटल में ठहराकर आकाश को फर्जी नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र थमा दिए। इसके बाद एकता आनंद ने अपने घर बुलाकर पांच लाख रुपये नकद ले लिए। जब लखनऊ में भी नियुक्ति नहीं हुई तो एक और फर्जी पत्र सौंप दिया गया। आरोपियों ने आकाश के शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पासबुक, आधार कार्ड की प्रतियां और पांच सादे चेक भी अपने पास रख लिए। जब पीड़ित ने धोखाधड़ी की आशंका जताई और रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि न तो पैसा मिलेगा और न ही नौकरी, उल्टा झूठे मुकदमे में फंसा देंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का निरक्षण किया, दिय निर्देश



**बाराबंकी।** (*अवधनामा संवाददाता*) पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने एवं आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, प्रशिक्षु बैरक, आवासीय परिसर एवं पुलिस लाइन भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# वर्तमान वित्तीय वर्ष में शादी अनुदान योजना पोर्टल पर 203 ऑनलाइन

## शादी अनुदान स्वीकृति हेतु जनपद स्तरीय समिति की हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोडकर), अनुसूचित जाति एवं सामान्य जाति के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिये आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए शादी अनुदान स्वीकृति हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट, सभागार अयोध्या में जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी, जिसमें सांसद व विधायक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस योजनान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष से आवेदक की वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी करते हुए अधिकतम सीमा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु रूपये 1,00,000/- निर्धारित की गयी है। वित्तीय सहायता की देय धनराशि रुपये 20,000/- प्रति शादी होगी तथा 01 परिवार में अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु वित्तीय सहायता अनुमन्य होगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-2026 में जनपद अयोध्या को कुल 1038 का भौतिक लक्ष्य प्रदान करते हुए प्रथम चरण में निदेशालय द्वारा 519 लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु कुल रू0 103.80 लाख आवंटित किया गया है। शासनादेश दिनांक 08.12.2017 के प्राविधानों के तहत विगत वित्तीय वर्ष के अन्त (मार्च माह) में होने वाली पुत्रियों की शादी हेतु माह मार्च मे प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों पर वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु आवंटित बजट से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 31 मई तक लाभान्वित करने की व्यवस्था दी गयी है। जिसके अन्तर्गत कुल 72 आनलाइन आवेदन किए गए हैं। जिनमें से 10 आनलाइन आवेदन अपात्र एवं 62 आनलाइन आवेदन पात्र हैं। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जिन पात्र आवेदकों का डाटा एस0डी0एम0/ बी0डी0ओ0 के स्तर से सत्यापन उपरांत अग्रसारित है प्राप्त हो गया है, को शादी अनुदान की धनराशि उनके बैंक खातों में 31 मई 2025 तक अंतरित कर दी जाये वर्तमान वित्तीय वर्ष में शादी अनुदान योजना पोर्टल पर 203 ऑनलाइन आवेदन किये जा चुके है। उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारियों के स्तर से सत्यापन उपरांत 151 आवेदन पत्र डिजिटल सिग्नेचर से हस्ताक्षरित करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित किये गये है। जिसमें से 121 ऑनलाइन आवेदन पत्रो का च्थ्डै त्मेचवदेम प्राप्त हो चुका है, 02 आनलाइन आवेदन पत्र च्थ्डै पोर्टल द्वारा निरस्त कर दिया गया है एवं अवशेष 28 आनलाइन आवेदन पत्रों पर च्थ्डै त्मेचवदेम पेंडिंग है। उक्त के सापेक्ष समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि च्थ्डै त्मेचवदेम प्राप्त कुल 121 पात्र आवेदक जिनका डाटा एस0डी0एम0/ बी0डी0ओ0 के स्तर से सत्यापन उपरांत डिजिटल सिग्नेचर से हस्ताक्षरित करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित है. को शासनादेश/ नियमावली में निहित प्रविधानो के अनुसार शादी अनुदान की धनराशि उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी जाये।

## खनन माफियाओ ने रेंजर के उपर किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**मिठौरा(महराजगंज)।** (**अवधनामा संवाददाता**) सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के पकड़ी वन रेन्ज क्षेत्र के जगपुर वीट परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत जगपुर उर्फ सलामतगढ़ में मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा बृहस्पतिवार को बिना परमिट के लोडर मशीन द्वारा अवैध मिट्टी खनन कार्य जोरो पर चल रहा था। जिसकी भनक पकड़ी रेन्जर को मिली ।सूचना मिलते ही रेंजर अपने सहयोगियो के साथ मौके पर पहुच कर जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार पकड़ी रेन्ज के जगपुर वीट में खनन माफियाओं द्वारा जगपुर उर्फ सलामतगढ़ में जंगल से सटे वृहस्पतिवार को मिट्टी खनन जोरो पर चल रहा था।कि किसी ने इसकी सूचना रेंजर पकड़ी को दी सूचना मिलते ही रेंजर पकड़ी सुशान्त मणि त्रिपाठी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुच गए। वनकर्मियों ने खनन का कागजात मांगा तो खनन कर रहे लोगो ने गाड़ी लेकर भागने की कोशिश किया।तो सक्रिय वनकर्मियों ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही के लिए रेन्ज कार्यालय पकड़ी ले जा रहे थे कि खनन माफियाओ ने गोलबंद होकर वनकर्मियों के उपर धावा बोल कर ट्रेक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गए। साथ ही वनकर्मियों को गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया। अपने को घिरता देख रेन्जर ने खनन माफियाओं के विरुद्ध चौक पुलिस को घटना की लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की ।चौक पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनधि बरगदवा राजा रामसवारे यादव पुत्र रामबृक्ष यादव, सोनू यादव,पुत्र दुर्गेश यादव,देवेंद्र पुत्र नागेन्द्र यादव, निवासी बरगदवा राजा थाना कोतवाली व राजकुमार मौर्य पुत्र बीरेंद्र मौर्य निवासी सलामतगढ़ थाना चौक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ चौक रामचरन सरोज ने बताया कि पकड़ी रेन्जर सुशांत मणि त्रिपाठी की तहरीर पर सम्बन्धित खनन माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हरे पेड़ो पर चल रहा आरा, वन विभाग मौन



**जैदपुर बाराबंकी।** (*अवधनामा संवाददाता*) सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद भी लगातार प्रतिबंधित पेड़ो पर चलाया जा रहा है आरा। वन विभाग के संरक्षण में पल रहे वन माफिया लगातार कर रहे अवैध कटान। कार्यवाही के नाम पर मात्र जुर्माना होने से इनके हौसले आज भी बुलंद हैं।नज्ञात हो कि एक तरफ सरकार वृक्षारोपण करा रही हैं तो वही वन कर्मी वन माफियाओ से मिलकर लगातार हरियाली पर आरा चला रहे है। ताजा मामला कोठी के डीह, व जैदपुर अंतर्गत कोपवा का है जहा लगभग आधा दर्जन से अधिक नीम, गूलर शीशम, जामुन के पेड़ो की अवैध कटान की गई तो वही वन दरोगा सचिन पटेल मामले को दबाने में लगे रहे। सूत्रों सहित क्षेत्रीय लोगों को कहना है वन दरोगा सचिन पटेल जब से इस क्षेत्र में आए हैं तब से लगातार अवैध कटान तेज है रात के अंधेरों में ठेकेदारों से मीटिंग कर लगातार अवैध कटान करा कर मोटी रकम कमाकर अपनी जेब भर रहे हैं। इस मामले में हरख वन रेंजर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि डीह में हुई नीम की कटान पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही हैं और कोपवा कटान की जांच कराई जायेगी।

वहीं वन? दरोगा सचिन पटेल ने बताया कि कटान की जानकारी होने पर कार्यवाही की जाती है।बाकी सब आरोप है।

# पुलिस अधीक्षक से महिला ने लगाई न्याय की गुहार



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र के शीतलापुर गांव की रहने वाली महिला कलिमुननिशा ने अपने ऊपर लगे फर्जी मुकदमे को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। कलिमुननिशा का आरोप है कि पारिवारिक ज़मीन के विवाद को लेकर उनके पट्टीदारों ने षड्यंत्र के तहत एक झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि जिस वक्त की घटना बताई जा रही है, उस समय वह अपने घर पर थीं और इसका सबूत उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में साफ देखा जा सकता है। घटना बीते 5 अप्रैल की शाम 6 बजे की बताई गई है। कलिमुननिशा, उनके पति मोहम्मद जैश, उनके बेटे अबू बकर और अन्य दो लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और बलवे का आरोप लगाया गया है। कलिमुननिशा का कहना है कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत थाने में तैनात विवेचक एसआई संतोष कुमार को दिया था। कलिमुननिशा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष पुनः विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराई जाए और साक्ष्यों के आधार पर दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए

# धार्मिक स्थालो के पास रहता है अराजकतत्वों का जमावड़ा



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** भाकियू श्रमिक जनशक्ति की मासिक बैठक गन्ना संस्थान में आयोजित हुई। बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। भाकियू श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने बताया कि कोतवाली नगर के निकट धर्मिक स्थल शिया कर्बला के बाहर अवैध रूप से चल रही लगभग 6 लकड़ी की दुकान पर अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। जिससे वहां आने वाले श्रद्धलु महिलाओं पर भद्दी भद्दी भाषाओं का इस्तिमाल किया जाता है। श्री ज़ैदी ने ये भी बताया कि वहाँ पर वाहनों का अड्डा भी बनता जा रहा है, वाहनों के ड्राइवर शराब पीकर उत्पात मचाते है और आपस मे गन्दी गन्दी गालियां भी देते है। वहीं देवा के ग्राम मितई में गाटा संख्या 1883 बंजर ज़मीन है जो ग्राम समाज की बताई जा रही है। उसके ऊपर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत सगठन द्वारा लेखपाल व कानूनगो को फोन से अवगत भी कराया गया, लेकिन लेखपाल ने किसी तरह की कोई भी कार्यवाही नही की, जिससे भूमाफियाओं के हौसले बुलन्द है। इसके अलावा निंदुरा ब्लाक के अंर्तगत ग्राम पंचायत बुढ़ना के ग्राम नदी पनाह निवासी कमलेश यादव के मकान से रामबिलास के खेत तक पंचायत ठेकेदार द्वारा इंटरलॉकिंग निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तिमाल किया जा रहा है, जिसकी जाँच करना जरूरी है। दोपहर लगभग दो बजे प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और सगठन ने उन्हें माँग पत्र सौपा। इस मौके पर भाकियू श्रमिक जनशक्ति के मीडिया प्रभारी मंज़र अब्बास, तुंगनाथ सिंह, मनोज कुमार, अशोक कश्यप, भगीरथ, दयाराम निषाद, दशरथ सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## 12वे दिन भी जारी रहा सविंदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व से निर्धारित अनिश्चितकालीन धरना आज 12वें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री निशांत मिश्रा जी के द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता आशीष यादव एवं नेतृत्व अमरेश शर्मा द्वारा किया गया उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि जब तक जिले के 380 संविदा कर्मी सकुशल वापसी नहीं किए जाएंगे तब तक अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा धरने का प्रबंधन एवं शासन की तरफ से कोई संज्ञान एवं रुचि नहीं ली गई क्या बिजली संविदा कर्मियों न्याय मिलेगा या नहीं आज धरने में मुख्य रूप से उपस्थित रहे श्री निशांत मिश्रा जी धीरेंद्र प्रताप सिंह कमलेश कुमार मुकेश कुमार शर्मा शिवेंद्र कुमार राजकुमार चौधरी अमरेश शर्मा रोहित कुमार लाल जी वर्मा अनिकेत कुमार शिव मंगल अकरम रंजीत मो जावेद एवं अन्य लोग रहे।

## पुलिस ने चलाया जांच अभियान, 15 वाहनों पर 30 हजार का जुर्माना




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन यातायात पुलिस ने नगर क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात एपी सिंह व उनकी टीम ने लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से स्कूली वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया गया। थाना निचलौल क्षेत्र में स्कूली बसों के चालकों और परिचालकों को क्षमता से अधिक छात्रों को न बैठाने, बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, और सुरक्षा मानकों जैसे गैस किट एवं फर्स्ट एड बॉक्स की अनिवार्यता के प्रति निर्देशित किया गया। टीम ने बसों की गति सीमा, फिटनेस, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों का चालान किया गया और कुल 30,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री डैश बोर्ड (विकास कार्यो) की समीक्षा बैठक

# मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये पंचायत भवन का निर्माण : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड (विकास कार्यो) की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कुसुम योजना, फसल अवशेष प्रबन्धन, फसल बीमा योजना व अन्य सभी योजनाओ के समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियो को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि मध्यान्ह भोजन प्रत्येक विद्यालय पर गुणवत्तापूर्ण बनना चाहिए जितने बच्चे उपस्थित हो उतने ही दर्शाये जाये तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही नामांकन के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है उसे मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये। जिन ग्रामो में पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्रेषित की गयी है उन ग्रामो में पंचायत भवन का निर्माण कराना सुनिश्चित करे। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत ट्रान्सफार्मर बदलवाना सुनिश्चित करे। शेड्यूल अनुसार विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एम्बुलेस समय से लाभार्थी तक पहुँचे। जिन विभागो की बी एवं सी रैंक आयी है उन कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओ का लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कृषि रक्षा रसायन का अनुदान डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रेषित करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जो नये सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हो रहे है उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री मैट्रिक्स में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। स्वय सहायता समूहो को रिवालविंग फन्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैश बोर्ड पर अधिकारी स्वयं फीडिंग कराये। कार्य में प्रगति लाकर प्रथम श्रेणी में लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डैश बोर्ड (विकास कार्यो) की समीक्षा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, विद्युत विभाग द्वारा खराब ट्रांसफार्मर को बदलने में, कृषि रक्षा रसायन डी0बी0टी0, एम्बूलेंस सेवा(102), टेली रेडियोलाजी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, मोबाइल मेडिकल यूनिट, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, सामाजिक वनीकरण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या विवाह सहायता योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन आदि की समीक्षा की।

# एस.एस. बी के उप महानिरीक्षक ने सीमाई क्षेत्र का भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के मद्देनजर आज शुक्रवार को मुन्ना सिंह, उप महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, गोरखपुर के द्वारा 43वी वाहिनी एस.एस.बी के सीमा चौकी खुनुवा व चेक पोस्ट का भ्रमण किया गया। 43वी वाहिनी एस.एस.बी द्वारा लगातार सीमाई क्षेत्र की निगरानी किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य सीमा पर असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटना के मंसूबे को असफल कर सीमाई क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल कायम रखना, अवैध तस्करी पर अंकुश लगाना, किसी तीसरे देश के नागरिक के अवैध घुसपैठ को नाकाम करना और स्थानीय लोगो के दिलों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है।

एस.एस.बी द्वारा भारत से नेपाल व नेपाल से भारत आने-जाने वाले व्यक्तियों, उनके सामानों और वाहनों की गहन जाँच के उपरांत ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है। इसी क्रम में उप महानिरीक्षक गोरखपुर के द्वारा सीमा चौकी खुनुवा व चेक पोस्ट खुनुवा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उपमहानिरीक्षक गोरखपुर द्वारा कार्मिकों को अधिक सतर्कता व सावधानी के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के साथ साथ अन्य सुरक्षा बिंदुओं पर उचित दिशा निर्देश निर्गत किया गया। साथ ही अध्यक्षता में सीमा शुल्क इकाई खुनुवा, स्थानीय पुलिस और नेपाल ए.पी.एफ के साथ समन्वय बैठक किया गया जिसमें सूचनाओं को आपस में साझा करने, अवैध गतिविधि, और अन्य प्रतिबंधित सामानों की तस्करी, मानव तस्करी पर अंकुश लगाने, दोनों देश के नागरिकों के साथ विनम्र आचरण रखने आदि विषयों पर चर्चा किया गया। इस बैठक के दौरान उज्जल दत्ता, कमांडेंट, 43वीं वाहिनी एस.एस.बी सिद्धार्थनगर, आशीष राघव, सहायक कमांडेंट, खुनुवा, निरीक्षक राजेश कुमार मीना, उप निरीक्षक चक्रपाल वर्मा के साथ ने अन्य बारह कार्मिक, सीमा शुल्क इकाई, खुनुवा से निरीक्षक अक्षय कुमार यादव, सचिन घोष, संभू प्रसाद साही तथा नेपाल ए.पी.एफ से उप निरीक्षक हरी राम यादव के साथ अन्य पाच कार्मिक शामिल रहे।

# देश की सेना के सम्मान में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

### तिरंगा यात्रा में गूंजा देश प्रेम और सेना के पराक्रम सम्बंधित नारा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के उपरांत भारतीय सेना के सम्मान में पूरे देश में चल रहे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के क्रम में शुक्रवार को जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में शहर के बांसी स्टैंड से हाइडिल तिराहे तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधान परिषद सदस्य रतन पाल सिंह ने कहा यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। जो चुनौती हो और राष्ट्र संकट में हो तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसलों को ध्वस्त किया है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की सेनाएं जबरजस्त प्रदर्शन कर रही है। कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह दुनिया ने पाकिस्तान और उसके आकाओ के बेशर्मी भारी चेहरे को देखा है, जिसमें आतंकवादियों के जनाजे में वहां के नेता और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। यह चीजे बताती है कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, तेजू विश्वकर्मा, घनश्याम मिश्रा, गौरी शंकर अग्रहरि, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, विजयकांत चतुर्वेदी, जिला मंत्री /कार्यक्रम संयोजक अजय उपाध्याय, संतोष शुक्ला, अरविंद उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रति. श्रीश चौधरी, दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, चेयरमैन अजय गुप्ता, विकास जयसवाल, हेमंत जयसवाल, सुनील अग्रहरि, चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, फूलचंद जयसवाल, सच्चिदानंद चौबे, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, गगन श्रीवास्तव एवं मंडल अध्यक्षगण आदि लोग उपस्थित रहे।

# धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म की सजीव स्वरूप थीं अहिल्याबाई : हरि चरण कुशवाहा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में लोकमाता पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के निमित्त शुक्रवार को जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने कहा अहिल्याबाई होल्कर जी धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म की सजीव स्वरूप थी। वह भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी, उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वर तक तीर्थ स्थलों का पुनरुद्धार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया 21 से 31 में के बीच महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिसमें हम नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय पर कार्यक्रम करेंगे। जिसमें महिला जनप्रतिनिधियों की शत प्रतिशत भागीदारी अनिवार्य है। पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा जगदीश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था मंदिर विध्वंस की जा रहे थे तब अहिल्याबाई ने बिना भेदभाव के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था। आज हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करते है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष गण लाल जी त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुणा मिश्रा,जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, अजय उपाध्याय, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पांडेय, अरविंद उपाध्याय, पवन मिश्रा, दीपेंद्र चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, तेजू विश्वकर्मा, सबलू सहानी, घनश्याम मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रति. दशरथ चौधरी, चेयरमैन अजय गुप्ता, विकास जयसवाल,चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, अर्चिष्मान मिश्र, मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, सोनू गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का सुनाया प्रसंग

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के बिजवार बढ़ई



में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिवस गुरुवार की रात कथावाचक पंडित चितरंजन व्यास ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित चितरंजन ब्यास ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए. मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए. जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई. कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया. गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई. भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आंनद लिया। इस दौरान आचार्य अशोक पाठक, मुकेश कुमार, अजय मिश्रा, चंद्रभाल मिश्रा, अवधेश मिश्रा देवी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष ने टीम के साथ किया क्षेत्र में पैदल गश्त



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थानाध्यक्ष बेवाना विवेक वर्मा ने किया पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि बेवाना पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार है। अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों पर होगी कार्यवाही थानाध्यक्ष बेवाना विवेक वर्मा ने कही। पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर पश्चिमी विशाल पाण्डेय सीओ सिटी देवेंद्र मोर्या के निर्देश पर थानाध्यक्ष बेवाना विवेक वर्मा ने अपनी टीम के साथ देर शाम थाना क्षेत्र में रसूलपुर कस्बा बाजार आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक करवाने के लिए पैदल गस्त भमण स्थानीय लोगों को सुरक्षा भरोसा दिलाया कि बेवाना पुलिस आपके साथ 24 घंटे तैयार हैं रोड किनारे संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई वही चेतावनी दी गई और कड़ी फटकार लगाई गई की रोड किनारे फालतू घूमते दिखे तो होगी कार्रवाई सीधे कार्रवाई की जाएगी वहीं थानाध्यक्ष बेवाना विवेक वर्मा जहां मौजूद लोगों से हाल-चाल पूछ यदि किसी को समस्या हो तत्काल हमको अवगत कारण यह स्थानीय बीट के सिपाही से या उप निरीक्षक से थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने लोगों से किया अपील शांति व्यवस्था बनाए रखें इस मौके पर वही थानाध्यक्ष बेवाना विवेक वर्मा ने लोगों से किया अपील शांति व्यवस्था बनाए रखें यदि किसी को समस्या और तत्काल हमको अवगत कारण यह हलके के प्रभारी को इस दौरान उपनिरीक्षक अशोक यादव हमराही और सिपाही मौजूद थे।

# फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर ढ़ेबरुआ पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ की कार्रवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर किया गिरफ्तार**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर ढेबरुआ पुलिस ने गुरुवार एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

स्थानीय पुलिस प्रशासन के मुताबिक मिली जानकारी अनुसार शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन ने मामला दर्ज कर, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अभिषेक यादव पुत्र राजेश यादव कस्बा बढनी वार्ड नं0 4 भट्ठा मोहल्ला थाना ढेबरुआ जनपद सि0नगर द्वारा एक अदद प्रार्थना पत्र कलीम अहमद पुत्र अब्दुल माबूद निवासी ग्राम बैरिहवा जब्बार थाना ढेबरुआ निवासी ने मोदी सरकार द्वारा लिये गये निर्णय सीज फायर व कुम्भ मेला आदि से सम्बन्धित आपत्तिजनक अभिलेख फेसबुक पर पोस्ट करने व ख्याति को अपहानि तथा एक समुदाय हिन्दू धर्म व विशेष समुदाय की चर्चा कर भड़काये जाने के आरोप में तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बनाम कलीम अहमद पुत्र अब्दुल माबूद के खिलाफ मामला दर्ज आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।

# बैंककर्मियों की मनमानी रोकने को लेकर पीस पार्टी जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं में बैंक कर्मियों की मनमानी से जनउत्पीड़न को रोकने तथा केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा बैंको के माध्यम से विभिन्न लाभकारी योजनाओं का स्पष्ट बोर्ड हर शाखा केन्द्रो पर लगवाये जाने को लेकर शुक्रवार को पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष अब्दुल सलाम चौधरी ने जिला प्रबन्धक मार्गदर्शी बैंक रविकुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि सरकारी बैंको के विभिन्न शाखाओं में जो दूर-दराज तक फैली है और जिनका सम्बन्ध ग्रामीण उपभोक्ताओं से सम्बन्धित है वहां पर राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा जो सरकारी बैंको के माध्यम से विभिन्न बचत बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना, आरबीआई की गाइडलाइन योजनायें जिसका सम्बन्ध अधिक से अधिक ग्रामीण जनता को लाभांवित करना है। उसके सम्बन्ध में शाखाओं पर बाहर एक बोर्ड के माध्यम से कोई सूचना प्रसारित नही है जिससे कि जनता बहुत सी योजनाओं का लाभ न जानकारी होने के नाते नही उठा पा रहे है। उसके सम्बन्ध में निराकरण हेतु कदम उठाया जाय। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जिस पटल पर जनता जाती है। तो कहा जाता है कि अभी साहब नहीं हैं। कभी-कभी तो बैंक मैनेजर भी अपने टेबल पर नही रहते हैं। जिससे जनता अपनी शिकायते किससे करे यह जानकारी नही होती और कर्मचारी कब आकर दस्खत बनाते है कब चले जाते हैं, इसकी कोई निगरानी नही रहती है। नाम पटल न होने के नाते उनके बारे में जानकारी व शिकायत नही हो पाती है। इसलिए हर शाखा में कर्मचारियों की एक सूची और उनके कार्यपटल का ब्योरा शाखा प्रबन्धक के साथ आम जनता के लिए सूचना बोर्ड में अंकित किया जाय, तथा शिकायत कहां की जाय। इसके लिए मोबाइल नं0 भी अंकित किये जाय। जनता की समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये जाएं।

## किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवां के एक वार्ड के 17 वर्षीय किशोरी को पड़ोस के एक रिश्तेदार ने 5 दिसंबर 2024 को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म कर फरार चल रहा था। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर अभियुक्त की तलाश कर रही थी। मिली जानकारी से शुक्रवार को दिन में 10.30 बजे थानेदार महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक देवेंद्र दुबे,उपनिरीक्षक सुरेश यादव,कास्टेबिल दिलीप यादव संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त सुरज कन्नौजिया पुत्र रामदरश निवासी गायघाट थाना महुली जिला संतकबीरनगर भीटी रावत चौराहे पर मौजूद है। और कही जाने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दो छात्राओं को किया पुरस्कृत



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालपुर में खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने दो मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में सहायक अध्यापक व नोडल शिक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता की पुत्री रिचा अग्रहरि ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा 2025 में 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं नोडल शिक्षक संजय सिंह की पुत्री महक सिंह ने सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.08 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद की टाप-10 सूची में अपनी जगह बनाई।बी ई ओ ने दोनों छात्राओं का माल्यार्पण कर प्रोत्साहन राशि देते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मेधावी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नगर के रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी की छात्रा महक सिंह व रिचा अग्रहरि ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्वजन के साथ ही शिक्षकों का भी मान बढ़ाया है। उक्त अवसर पर मोहम्मद अलकमा, मोहम्मद अनीस व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सड़क किनारे पेड़ लगाने का सिलसिला जारी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर अकबरपुर रोड सड़क के किनारे लगे पेड़ों में आग लगने का सिलसिला जारी है।पुनः अज्ञात कारणो से आग लगने के कारण दर्जनों पेड़ जलकर नष्ट हो गए हैं लेकिन वन विभाग व स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है । विदित हो कि इससे दो दिन पूर्व इसी रोड पर मैनपुर के निकट अज्ञात कारणो से लगी आग में जहां दर्जनो पेड़ जलकर नष्ट हो गई थे वही शुक्रवार के पुनः इस रोड पर पेड़ों में आग लगने की घटना सामने आई है जिसके कारण दर्जनों पेड़ जलकर नष्ट हो गए हैं इतना ही नहीं इस आग का फैलाव दोनों पटरियो पर रहा जो काफी दूर तक दिखाई पड़ रहा है लेकिन इसको बुझाने के लिए स्थानीय प्रशासन व वन विभाग द्वारा कोई जद्दोजहद नहीं किया गया जिसके चलते शुक्रवार के शाम तक लगी आग से धुआं निकलने का सिलसिला जारी रहा। इस संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार से वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया इसके बारे में जानकारी नहीं है फिलहाल मैं जहां आग लगी है उसकी जांच करवाता हूं।

## शादी कार्यक्रम से वापस लौट रहे भाईयों को मनबढ़ो ने पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के टिकरीयाखोर निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र स्व विभूति नारायण सिंह बुधवार जोगिया निवासी अपने ननिहाल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। साथ में छोटा धर्मेंद कुमार सिंह थे।

शादी कार्यक्रम से रात्रि में दोनों भाई एक बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकले थे। दोनो भाई तिलौरा स्थित एक महाविद्यालय के पास पहुंचे थे कि पुरानी रंजिश को लेकर दो की संख्या में मनबढ़ो ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए थे। पीड़ित ने दो आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि एक आरोपी गोलू सिंह पुत्र इंद्रजीत को पाबंद किया गया है।

## सीटीओ हर्षिता गुप्ता के संयोजन मे एनसीसी कैडेट को वितरित किया प्रमाण पत्र



**हजपुरा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर स्थित मुलायम सिंह यादव महिला पीजी कालेज में शुक्रवार को समारोह पूर्वक वन यूपी गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। एनसीसी विभाग की सीटीओ हर्षिता गुप्ता के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थल सेना में सूबेदार कमल सिंह,सीएचएम अनिल कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कालेज के प्रबंधक शुभम यादव सीटीओ हर्षिता गुप्ता ने कुल 13 कैडेट्स को सी सर्टिफिकेट प्रदान किये। यह प्रमाणपत्र कैडेट्स को रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के प्राधिकार के अधीन परीक्षा के बाद दिया गया। मुख्य अतिथि सूबेदार कमल सिंह ने कैडेट्स को भारतीय सेना और एसनसीसी के सम्बंध में कई रोचक और प्रेरणा दाई बातें बतायी और कहा कि यह दिन कैडेट्स के लंबे परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी से प्राप्त अनुशाशन,नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव बनते हैं। प्रबन्धक शुभम यादव ने कैडेट्स को प्रमाणपत्र देते हुए कैडेट्स के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि एनसीसी अनुशाशन,सामाजिक सहभागिता,देश प्रेम और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देता है। इस बीच कैडेट्स ने स्वागत गीत समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये अपनी प्रतिभा का लोहा मनवया। सीटीओ हर्षिता गुप्ता ने प्रशिक्षण काल के दौरान कैडेट्स के प्रदर्शन को सराहनीय बताया। सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले कैडेट्स में दीपिका, अंजली मौर्या, निरुपमा, अंतिमा यादव,अंशू देवी,प्रीति वर्मा,काजल,सेव्या पांडेय,अंजली,ऋचा,रूबी व गोल्डी शामिल रहीं।

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी, भारतीय सेना जिंदाबाद

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद मक्की गोरखनाथ रोड पर ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर बधाई दिया हिंदू मुस्लिम



एकता कमेटी अध्यक्ष शाकिर अली सलमानी व चौधरी कैफुलवरा अंसारी पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संयुक्त रूप से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का मुसलमान जुमा की नमाज में मस्जिद में दुआ कर रहा है भारतीय सेना के लिए और दोनों बेटियों पर हमें गर्व है हम धन्यवाद देते हैं देश की सेना को। शाकिर अली सलमानी अध्यक्ष हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी ने कहा कि जब देश के सेना का हौसला बढ़ाया जाएगा तभी हम कोई जंग जीत पाएंगे। अगर हम बेटियों को पढ़ाएंगे शिक्षित बनाएंगे यूनिवर्सिटी भेजेंगे कल यही बेटियां करनाल सोफिया कुरैशी विंग कमांडर व्यमीका सिंह बनेगी मध्य प्रदेश के मंत्री ने जो दुखद टिप्पणी की पूरा भारत देश आहत हुआ था उन्होंने माफी मांगी तो सभी को होशियार रहना चाहिए देश की सेना के खिलाफ सुना नहीं जाएगा। चौधरी कैफुलवरा अंसारी पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि भारत देश में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर रहते हैं इसी तरह से हमें देश को आगे बढ़ाना है और पाकिस्तान को सबक सिखाना है परमाणु शक्ति संपन्न भारत किसी के आगे न झुकेगा डेढ़ अरब की जनता सेना के साथ है दोनों भारतीय सेना की बेटियों को धन्यवाद पाकिस्तान पर चढ़ाई करने के लिए। इस मौके पर हाजी साजिद अंसारी, खैरुल वरा अंसारी, नन्हे अंसारी, मिर्जा मोइनुद्दीन बेग, शमशाद कुरैशी, महेंद्र कुमार, चौधरी जैद आदि उपस्थित रहे।

## पुस्तैनी भूमि पर अवैध कब्जा कर कराया जा रहा निर्माण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के गोविंदपुर ने एक व्यक्ति के पुस्तैनी भूमि पर एक मनबढ़ द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा है। जिसको लेकर पीड़ित ने उपजिलाधिकारी सहजनवां से शिकायत कर निर्माण कार्य रोकने की मांग किया है। गोविंदपुर निवासी विश्वजीत मौर्या पुत्र स्व रामदेव मौर्या जिनका गांव के सीवान के बाहर आराजी संख्या 327 पुस्तैनी भूमि है। जब की विपक्षी ने गाटा 325 में ढाई डिसमिल भूमि बैनामा कराया है। लेकिन मनबढ़ 325 जो पीड़ित की भूमि है। उस भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम सहजनवा से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि एसओ सहजनवा को कार्य रोकने के साथ दोनो पक्षों को थाना समाधान पर बुलाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया है।

## मौ. नूरुल हसन की वालिदा की मजलिसे छमाही 21 मई को

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद अंबेडकर नगर के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के मछली गांव निवासी व इमामे जुमा मौलाना नूरुल हसन की वालिदा की मजलिस से छमाही 21 मई दिन बुधवार को रात में ठीक 7:30 बजे मछली गांव में होगी जिस मजलिस को मौलाना वसी हसन साहब फैजाबाद फरमाएंगे तमाम मोमिनीन से शिरकत की गुजारिश है यह जानकारी इमामे जुमा मौलाना नूरुल हसन रिजवी ने दी।

# ट्रंप हमारे ठेकेदार नहीं

क्या अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत-पाकिस्तान के मसलों के ठेकेदार हैं? क्या अमरीका की रणनीतिक दोस्ती के मायने और निहितार्थ यही हैं? क्या अमरीका से दोस्ती खतरनाक और दुश्मनी घातक है? आखिर ट्रंप की मध्यस्थता की मंशा क्या है? दरअसल ये तमाम सवाल स्वाभाविक हैं। युद्धविराम पर विपक्ष यही सवाल कर रहा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधनों में 'युद्धविराम' या 'सीजफायर' शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है, लेकिन गोलीबारी न करने अथवा सैन्य कार्रवाई न करने का समझौता दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुआ है। जाहिर है कि संबद्ध प्रधानमंत्री ने ऐसे निर्देश दिए होंगे! फिलहाल हमलों की गर्जनाएं दोनों तरफ शांत हैं। यही तो युद्धविराम है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि भारत-पाक द्वारा अधिकृत घोषणा करने से पहले राष्टपति ट्रंप ने युद्धविराम की घोषणा कैसे कर दी? और प्रधानमंत्री मोदी इस पर बयान देकर संदेहों और सवालों को खत्म क्यों नहीं कर रहे हैं? हमें 1971 का दौर भी याद आ रहा है, जब 16 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अचानक युद्धविराम की घोषणा कर दी थी। भारत-पाकिस्तान युद्ध जारी था और हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान की फौज का कचूमर निकाल दिया था। करीब 93,000 पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। तब भी भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आगे बढ़ सकती थी। भारत अपने कब्जाए कश्मीर को वापस अपने अधिकार-क्षेत्र में ले सकता था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने युद्ध को रोक दिया। यही नहीं, 1972 में शिमला समझौता वार्ता में भी कश्मीर का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मौजूदा दौर में भी ऐसे ही सवाल हैं कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर तक पहुंच कर अपना हिस्सा वापस ले सकता था, पाक फौज को और भी कुचला और तबाह किया जा सकता था, ऐसे में अमरीका की ओर से क्या दबाव दिया गया कि युद्धविराम घोषित करना पड़ा? भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी लीपापोती वाला स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो आदि ने फोन पर बातचीत की, लेकिन व्यापार संबंधी कोई बात नहीं हुई।

राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार की धमकी दे रहे हैं कि उसी आधार पर उन्होंने युद्धविराम के लिए भारत-पाक को सहमत कर लिया। व्यापार का संदर्भ है, तो भारत-अमरीका के बीच करीब 10 लाख करोड़ रुपए का ही कारोबार होता है। भारत करीब 6.50 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करता है, जबकि करीब 3.50 लाख करोड़ रुपए का आयात किया जाता है। अमरीका और पाकिस्तान के दरमियान करीब 61,989 करोड़ रुपए का व्यापार किया जाता है। अमरीका से करीब 43,307 करोड़ रुपए का आयात पाकिस्तान करता है। छोटा हिस्सा पाकिस्तान निर्यात करता है। क्या सिर्फ इसी आधार पर कोई देश युद्धविराम सरीखा अमरीकी निर्देश मान सकता है? भारत-अमरीका के बीच व्यापार-सौदे की बातचीत जारी है। दोनों देश अपना कारोबार 500 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। चीन के साथ व्यापारिक खुन्नस के मद्देनजर दक्षिण एशिया में भारत ही एकमात्र विकल्प है अमरीका के लिए। इतने विराट बाजार को अमरीका नाराज नहीं कर सकता। ट्रंप ने अपनी चुनाव रैलियों के दौरान अमरीकी जनता को आश्वस्त किया था कि राष्ट्रपति बनने के 24 घंटों में ही वह रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा देंगे। राष्ट्रपति बने चार माह हो चुके हैं। अमरीका ईरान को भी दबाव में नहीं ले सका। यूरोपीय देश भी अमरीका से खिन्न हैं और अपनी ताकत को लामबंद करने में जुटे हैं। यही नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि कश्मीर समाधान के लिए मिल कर काम करेंगे। यह ठेकेदारी किसने सौंपी? भारत की विदेश नीति रही है कि वह द्विपक्षीय मामलों में किसी तीसरे का दखल नहीं चाहता। शिमला समझौते का भी यह प्रावधान है कि कश्मीर पर किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। जो भी मसले हैं, दोनों देश आपस में सुलटा लेंगे। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, हमारी पहचान है, हमारे देश की अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है, राष्ट्रपति ट्रंप को मध्यस्थता की ठेकेदारी किसने दी है? अमरीकी राष्ट्रपति के बयान हमारी संप्रभुता और निर्वाचित प्रधानमंत्री को अपमानित कर रहे हैं। यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है? बेशक संयुक्त राष्ट्र में अमरीका ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' में भारत का लगातार समर्थन किया है, लेकिन उसे बेलगाम नहीं छोड़ा जा सकता।

# जातीय जनगणना पर कांग्रेस का धोखा : सामाजिक न्याय या सियासी रणनीति?


वसीम राईन

जातीय जनगणना को लेकर देश में एक बार फिर बहस तेज हो गई है। ओबीसी वर्ग के अधिकारों की बात जब-जब उठती है, तब-तब कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठने लगते हैं। एक ओर जहां ओबीसी के लाल नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कदम बढ़ाए हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी सरकार के रहते जातीय जनगणना पर प्रतिबंध लगाने वाली कांग्रेस पार्टी अब भी स्पष्ट रुख अपनाने से बचती दिख रही है। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल के दौरान जातीय जनगणना को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाले रखा। वजह साफ थी, अगर जातियों के वास्तविक आंकड़े सामने आ जाते, तो 'बांटो और राज करो' की उसकी राजनीति का चेहरा बेनकाब हो जाता। जातिगत समीकरण को धुंधला रखकर कांग्रेस ने वर्षों तक सामाजिक वर्गों को केवल एक वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया।

कांग्रेस ने सामाजिक न्याय के मुद्दों को केवल चुनावी मंचों पर भुनाया है, जबकि उसे कानूनी और संवैधानिक रूप देने की दिशा में कभी कोई ठोस प्रयास नहीं किया। उनका यह भी कहना है कि जब तक जातीय आंकड़े आधिकारिक रूप से सामने नहीं आते, तब तक सामाजिक न्याय केवल एक नारा ही बना रहेगा।

राहुल गांधी पर भी कई सवाल खड़े करती है। जब देश भर में सामाजिक जागरूकता बढ़ रही है और वंचित वर्ग अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, तब विपक्ष के एक बड़े नेता का जाति जनगणना बिल लाकर एक्ट बनवाने कोई दिलचस्पी नहीं हैं उनकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। क्या कांग्रेस वाकई में सामाजिक समानता की पक्षधर है या फिर वह सिर्फ सत्ता की राजनीति में उलझी हुई है? जातीय जनगणना को सिर्फ एक राजनीतिक घोषणा न बनाकर संसद में सेंसस अमेंडमेंट बिल लाया जाए, ताकि इसे सेंसस अमेंडमेंट एक्ट के रूप में कानूनी दर्जा मिल सके। इससे सामाजिक भागीदारी के साथ-साथ संसाधनों के वितरण में भी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ओबीसी वर्ग से आते हैं और उन्हें इस वर्ग की पीड़ा व स्थिति की गहराई से समझ है। यही कारण है कि उन्होंने वह करके दिखाया, जो दशकों तक कांग्रेस नहीं कर सकी। यह कदम न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि देश की सामाजिक संरचना में संतुलन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

आज सवाल यह नहीं है कि कौन सी पार्टी क्या कह रही है, बल्कि सवाल यह है कि कौन ईमानदारी से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की बात कर रहा है। कांग्रेस की खामोशी उसकी पुरानी सोच को उजागर करती है, एक ऐसी सोच, जो हाशिए पर खड़े समाज को बराबरी का हकदार नहीं, बल्कि केवल वोट बैंक मानती है। जातीय जनगणना कोई आंकड़ों का खेल नहीं, यह सामाजिक बदलाव का आधार बन सकती है, बशर्ते राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता के साथ इसे लागू किया जाए। समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ करें, क्योंकि अब देश सिर्फ वादे नहीं, बदलाव चाहता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं।**

# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण


सी.पी.एस बख्शी

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है।

हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। ऐप की फीडबैक-संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया।



ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। 2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके।

भारतीय हज चिकित्सा दल को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और यह मक्का एवं मदीना में हज के दौरान स्थापित क्षेत्रीय अस्पतालों तथा औषधालयों के नेटवर्क के माध्यम से तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। एम्बुलेंस का एक नेटवर्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। इसका लक्ष्य तीर्थयात्रियों के लिए निर्बाध प्रवेश और उपचार सुनिश्चित करना है। इससे डॉक्टरों को उपचार के लिए उपलब्ध डेटा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी और हज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों को समुचित चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी।

ऐप की बहुविध सराहनीय लगेज ट्रैकिंग प्रणाली को आरएफआईडी आधारित टैगिंग के साथ और उन्नत किया गया है। यह गुम हुए सामान को ट्रैक करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा और उच्चतम स्तर की सेवा सुनिश्चित करेगा। मीना, अराफात और मुजदलिफा सहित माशाएर क्षेत्र की डिजिटल मैपिंग द्वारा हज अनुष्ठानों के नेविगेशन को बदल दिया गया है। तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक मार्गदर्शन करने और रेगिस्तान की अत्यधिक गर्मी में खो जाने के जोखिम को कम करने के लिए शिविर स्थलों की पहचान की जाती है और मानचित्र पर ट्रैक किया जाता है। नमाज अलार्म, किबला कम्पास और अस्पतालों, बस स्टॉप, सेवा केंद्रों और भारतीय मिशन कार्यालयों की स्थान-आधारित मैपिंग जैसी सुविधाएं तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव और सुविधा को काफी समृद्ध करती हैं। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। यह चैटबॉट संवादात्मक लहजे में नियमित प्रश्नों का उत्तर देने, तत्काल सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए है। सुविधाओं का यह समग्र सेट सरकार की मंशा का संकेत है कि वह न केवल सेवा वितरण के साधन के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहती है, बल्कि एक ऐसे उपकरण के रूप में भी है जो आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों सहित सभी के लिए सम्मान, सुविधा और सक्षमता को सशक्त बनाता है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को हुआ

**लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है।**


अशोक मधुप

भारत के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी -अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को । भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिजाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढ़ेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नही था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्र -शस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नही कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ।चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नहीं है।

पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए एचक्यू-16 और एचक्यू-9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। एचक्यू-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो एचक्यू-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए , इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नही मिजाइल।यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए। भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा । पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ न मिल सका।पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और सीएच-II ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया।



हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है । कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नही हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिसतान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक।यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए।चीन रास्ते पर आ जाएगा।

लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। भारतीय तुर्की की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। इस्तांबुल, कप्पाडोसिया और अंताल्या में भारतीयों की सबसे ज़्यादा दिलचस्पी है। विदेश में प्रति भारतीय पर्यटक का औसत खर्च प्रति यात्रा ए से सवा लाख रुपये है। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्की और अजरबैजान की ओर आकर्षित कर रही है।भारत के कारण, तुर्की और अजरबैजान में 20,000 प्रत्यक्ष पर्यटन नौकरियों का सृजन हुआ। अप्रत्यक्ष नौकरियां 45,000-60,000 से अधिक हैं। पिछले चार वर्षों में तुर्की के आतिथ्य क्षेत्र में भारतीय निवेश में 35त्न की वृद्धि हुई है।

अपने दुश्मन देश को लाभ पहुंचाना बंद करने देखिए।सांप और सपोलिए पालना बंद करिए। सब रास्ते पर आ जाएंगे। दुनिया भर के देशों में घूमने के लिए बहुत सी खूबसूरत जगह हैं, सिवाय इन दो देशों के। अगली बार, जब भी यात्रा की योजना बनाएँ, तो इन दो देशों को छोड़ कर कही भी चले जाए, ये ज्यादा ठीक होगा। इस चार दिन के भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बाद यह तै हो गया कि दुनिया में भारत के अपने शस्त्रों की विश्वसनीयता बढ़ी है। ब्रह्मोस्त्र की तो पहले ही मांग होने लगी थी। अब और ज्यादा मांग आएगी। भारत का शस्त्रों का बाजार बढ़ेगा। निर्यात बढ़ेगा तो देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। रूस एस -500 बनाने की पहले ही तकनीक भारत को देने को तैयार है। रूस - भारत का विश्वसनीय मित्र है। भारत को चाहिए की समय की मांग को देखते हुए एस - 500 का निर्माण अपने यहां शुरू कर दे।राफेल की तरह दुनिया की सबसे श्रेष्ठ तकनीक खरीदे। अमेरिका मात्र शस्त्रों का सौदागर है। वह किसी देश का मित्र नही हो सकता। भारत को चाहिए कि अमेरिका का बिल्कुल विश्वास न करें।इन चार दिनों के युद्ध में रूस और इस्राइल भारत के साथ खड़े रहे। अब भारत को समय की जरूरत के हिसाब से नए मित्र बनाने होंगे। अपने को मजबूत करना होगा। तुर्की में भूकंप आने पर भारत ऑपरेशन दोस्त शुरू किया। इसके तहत तुर्की को मेडिकल सहायता भेजी गई। इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्की भेजीं। इसमें एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था। भारत की रेस्क्यू टीमों ने मलबे में दबे लोगों को खोजने, उन्हें बाहर निकालने में मदद की। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत ने छह विमान और 30 बिस्तरों वाला मोबाइल अस्पताल, मेडिकल सामग्री सहित सभी जरूरी सामान भिजवाए। तुर्किए में भारत का ऑपरेशन दोस्त 10 दिनों तक चला। इसका बदले तुर्की ने पाकिस्तान की किस तरह मदद की। किस तह शस्त्र भिजवाए, यह हाल में पता चल गया।

# विज्ञान व तकनीक से दूरसंचार में क्रांतिकारी बदलाव

**विश्व संचार दिवस का मकसद वैश्विक स्तर पर टेक्नोलॉजी और इंटरनेट के बारे में सकारात्मकता फैलाना है। विश्व दूरसंचार दिवस का उद्देश्य सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सूचना और संचार दोनों को आसानी से सुलभ बनाना है। वर्ष 2020 को 5 जी का साल कहा गया है। लेकिन कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया इसलिए इसे कुछ आगे बढ़ाया गया है। अब हालांकि 5 जी नेटवर्क के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी बदलाव देखने को मिला है।**


सुरेश सिंह बैस

17 मई को पूरी दुनिया में हर साल दूरसंचार दिवस मनाया जाता है। सन् 2005 में सबसे पहले दूरसंचार दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व सूचना समाज दिवस के रूप में घोषित किया। इसके बाद से ही 17 मई को विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। वैसे विश्व दूरसंचार दिवस पहली बार 1969 में मनाया गया था। आइए आज इस खास मौके पर इस दिवस के बारे में कुछ और खास बाते जानते हैं। पहले अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन के हस्ताक्षर की वर्षगांठ भी 17 मई को पड़ता है। खास बात यह है कि यूएन ने जब विश्व दूरसंचार दिवस की घोषणा हुई तो उस दिन भी 17 मई ही थी।

2006 नवम्बर में, तुर्की के अंताल्या में आईटीयू प्लेनिपोटेंटरी सम्मेलन ने सत्रह मई को दोनों विश्व दूरसंचार और सूचना दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया, और तब विश्व दूरसंचार दिवस की घोषणा हुई तो उस दिन भी सत्रह मई ही थी। विश्व दूरसंचार दिवस पूरी दुनिया में इंटरनेट और संचार के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। विश्व संचार दिवस का मकसद वैश्विक स्तर पर टेक्नोलॉजी और इंटरनेट के बारे में सकारात्मकता फैलाना है। विश्व दूरसंचार दिवस का उद्देश्य सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सूचना और संचार दोनों को आसानी से सुलभ बनाना है। वर्ष 2020 को 5 जी का साल कहा गया है। लेकिन कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया इसलिए इसे कुछ आगे बढ़ाया गया है। अब हालांकि 5 जी नेटवर्क के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी बदलाव देखने को मिला है। और आने वाले समय में इसमें काफी विकास होगा। 2025 में तो 6 फीसदी की तैयारी भी शुरू हो गई है। भविष्यवाणी की गई है कि 2025 में दुनियाभर में 5 फीसदी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर रेवेन्यू लगभग 4.2 बिलियन डॉलर को छू जाएगा, जो लगभग 89 प्रतिशत की साल-दर-साल की वृद्धि दर्ज करेगा। क्लाउड कम्यूनिकेशनः 2025 में, क्लाउड कंम्यूनिकेशन पर होने वाला खर्च कुल तकनीक पर होने वाले खर्च का सत्तर फीसदी है। 2025 तक दुनिया भर में लगभग अस्सी फीसदी व्यवसाय क्लाउड कम्यूनिकेशन पर निर्भर हैं। खास बात यह है कि कोरोना महामारी ने इसकी योजनाओं पर कुछ व्यवधान तो जरूर डाला पर इसके विकास को और तेज कर दिया। डाटा एंड इंफ्रास्ट्रक्चर- डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट ने टेक्नोलॉजी को ऊपर ले जाने में काफी मदद की है।

विश्व दूरसंचार अंतर्राष्ट्रीय दिवस और सप्ताह दरअसल जनता को दुनिया भर के समस्या और सुधार के मुद्दों पर शिक्षित करने, वैश्विक समस्याओं को दूर करने के लिए राजनीतिक




इच्छाशक्ति और संसाधनों को जुटाने और मानवता की उपलब्धियों का जश्न मनाने और सुदृढ़ करने के अवसर हैं। ये अवसरृ संयुक्त राष्ट्र की स्थापना से पहले का है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में अपनाया है। हम अन्य संयुक्त राष्ट्र के पालनों को भी चिह्नित करते हैं। एक विशेष दूरी पर संचारित करने के लिए संदेश-संकेतों की आवश्यकता होती है, और हम इस प्रक्रिया को दूरसंचार के रूप में जानते हैं। इससे पहले, दूर-दराज के लोगों को संदेशों को संवाद करने के लिए चिटठी, ड्रम, सेमफोर, झंडे या हेलीओग्राफ का उपयोग किया जाता था। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ दूरसंचार के लिए टेलीफोन, टेलीविजन, रेडियो या कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अब उपयोग आम हो गया है।

विश्व दूरसंचार दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की सालगिरह के रूप में भी चिह्नित किया जाता है। जिसे 1865 में शुरू किया गया था और पूरे विश्व में सत्रह मई को विश्व दूरसंचार दिवस मनाया जाता है। भारत में संचार के रुप में टेलिफोन की शुरुआत 1880 में हुई जब दो टेलीफोन कंपनियों द ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड और एंग्लो इंडियन टेलीफोन कंपनी लिमिटेड ने भारत में टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना करने के लिए भारत सरकार से संपर्क किया। इस अनुमति को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया कि टेलीफोन की स्थापना करना सरकार का एकाधिकार था। और सरकार खुद यह काम शुरू करेगी। 1881 में सरकार ने अपने पहले के फैसले के खिलाफ जाकर इंग्लैंड की ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी लिमिटेड को कोलकाता, मुंबई, मद्रास (चेन्नई) और अहमदाबाद में टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिए लाइसेंस दिया। इससे 1881 में देश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना हुई।

विश्व दूरसंचार दिवस वास्तव में राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंतः क्रियाशीलता को बढ़ावा देने के लिए भी और इसके साथ ही इंटरनेट, टेलीविजन, फोनदेश में पहली औपचारिक टेलीफोन सेवा की स्थापना भी हुई। विश्व दूरसंचार दिवस राष्ट्रीय नीतियों को बढ़ाने, तकनीकी मतभेदों को भरने, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, सिस्टम की वैश्विक अंतःक्रियाशीलता को बढ़ावा देने और इंटरनेट, टेलीविजन, फोन इत्यादि के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भौतिक दूरी पर नियंत्रण करने के लिए केंद्रित है। आज संचार के कारण दो लोगों के बीच की दूरी कम हो पाई है। पहले लोग पहले एक-दूसरे से बात किए बिना एवं उन्हें देखे बिना सालों तक दूर रहते थे किन्तु आज सूचना क्रांति के कारण उनकी दूरी एक क्षणभर की रह गई है। इंटरनेट की तेजी, मोबाईल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि के जरिए जिन लोगों से मुलाकात किए सालों बीत जाते थे, आज उनसे रोज बाते की जा सकती है। व्यक्ति के विकास में भी दूरसंचार ने अहम भूमिका निभाई है। आज कोई भी व्यक्ति इंटरनेट के जरिए अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकता है। अपनी बात दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकता है। आज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति लाने का श्रेय भी दूरसंचार तकनीक को ही जाता है। आज के समय में थ्री जी, फोर जी, फाइव और कई देशों में सिक्स जी के आ जाने से संचार के क्षेत्र मे क्रांति आ गइ है। इस तकनीक ने मोबाइल की दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। थ्री जी फोन सबसे पहले 2001 में जापान में लांच किया गया था। थ्री जी तकनीक के मोबाइल की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्पीड है। लेकिन आज दुनिया भर में थ्रीजी की तेजी के टक्कर देने के लिए फोर जी, फाइव जी, सिक्स जी मोबाइल इंटरनेट आ गए हैं। जो एक सेंकेड से भी कम समय में आपके संदेश को एक देश से दूसरे देश पहुंचा देते हैं।

# जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर सीएम सख्त

अवधनामा संवाददाता

■ अब तक 183 अफसरों-कर्मचारियों पर एक्शन
■ 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों-कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि 6 को निलंबित कर दिया गया है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल 7 मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा 5 अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और 7 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर 4 को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर 02 का निलंबन किया गया है। वहीं, 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और 6 का निलंबन किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर हुई गोष्ठी

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सीएमओ की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस डेंगू रोग के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए मनाया जाता है। 2025 में राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है। देखें, साफ करें, ढ़के, डेंगू को हराने के उपाय करें। मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाने का महत्व आम लोगों को डेंगू रोग के लक्षण, बचाव आदि की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है। डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि डेंगू रोग एक वायरस जनित रोग है, यह मुख्य रुप से यह एडिज एजिप्टाई मादा मच्छर के काटने से फैलता है। किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बदन दर्द, हड्डियों में दर्द, बदन में लाल चकत्ते, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नाक, मुंह आदि लक्षण हो तो निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जा कर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## हज कमेटी में शामिल हुए पांच पसमांदा मुस्लिम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हज कमेटी के हालिया गठन में 5 सदस्यों को पसमांदा मुस्लिम समाज से शामिल किया गया है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस निर्णय का स्वागत करता है और इसे एक ऐतिहासिक कदम मानता है। संगठन ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, और संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय पसमांदा मुस्लिम समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुहम्मद युनुस ने इस अवसर पर कहा, हज कमेटी में पसमांदा समाज के सदस्यों की भागीदारी, सामाजिक समावेशिता और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे समाज को न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी सशक्तिकरण मिलेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की पसमांदा समाज के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने भी इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा, यह कदम पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ एकता और विश्वास को बढ़ाने का प्रतीक है। हम सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हैं और विश्वास करते हैं कि इससे पसमांदा समाज को नए अवसर मिलेंगे और उनकी आवाज़ और मजबूत होगी।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ का मानना है कि इस पहल से भविष्य में अन्य आयोगों और सरकारी निकायों में भी पसमांदा समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। संगठन उम्मीद करता है कि केंद्र और राज्य सरकारें पसमांदा समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाती रहेंगी।

## चार उप निरीक्षक समेत बीस पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कुछ दिनों पहले चर्चा में आये एक प्रकरण में निलम्बित किये गये उप निरीक्षक विवेक धामा को पुलिस लाइन से थाना जखौरा भेजा गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक विकास कुमार और उप निरीक्षक सरोत्तम दोनों को थाना तालबेहट एवं उप निरीक्षक सियाराम को थाना पाली भेजा गया है। जिले की कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के एसपी मो.मुश्ताक ने 16 मई को चार उप निरीक्षकों के अलावा बीस पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। मुख्य आरक्षी बृजबिहारी सेंगर को कोतवाली से थाना सौजना, मुख्य आरक्षी महेन्द्र सिंह को थाना बालाबेहट से थाना तालबेहट, आरक्षी दिलीप कुमार को कोतवाली से जखौरा, आरक्षी विक्रम सिंह को कोतवाली से थाना पाली, आरक्षी शुभम तिवारी को मदनपुर से थाना जखौरा, आरक्षी पुष्पेन्द्र भदौरिया को बालाबेहट से पुलिस लाइन, आरक्षी उदय प्रताप को पुलिस लाइन से थाना जखौरा, विक्रम सिंह कठेरिया को थाना कोतवाली से थाना मड़ावरा भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईजीआरएस से सम्बंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस के सम्बन्ध में अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। निस्तारण आख्या अपलोड करने से पूर्व एल1 अधिकारी द्वारा अच्छी तरह से जाँच की जाये। रिपोर्टिंग व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। शिकायत को संगत श्रेणी में ही श्रेणीबद्ध किया जाये। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने आख्या अपलोड करते समय ध्यान देने योग्य सावधानियों व प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने की कल्याणकारी विभागों की समीक्षा

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कल्याणकारी विभागों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणाधीन आँगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जल्द पूरा किया जाये। वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन के सभी लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण जल्द सुनिश्चित किया जाये। बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाये। वन स्टॉप सेंटर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीईओ बनी शिक्षिका, बच्चों को पढाया विज्ञान का पाठ

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। खण्ड शिक्षा अधिकारी बार शैलजा व्यास ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया। पर्यवेक्षक के दौरान बीईओ ने विद्यालय में रूपांतरित नव सृजित विज्ञान कक्षा कक्ष का अवलोकन कर बच्चों को अंतरिक्ष एवं सौरमंडल के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय में गठित इको क्लब, स्पोर्ट क्लब, सिविक सेंस क्लब, रीडिंग क्लब, विज्ञान गणित क्लब, कला एवं संस्कृति क्लब आदि के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की सराहना भी की। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सोनी ने बताया कि विज्ञान शिक्षण में अवलोकन जांच एवं प्रयोग का महत्व है। इसके दृष्टिगत विद्यालय में विज्ञान कक्षा का सृजन किया गया है। इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास किया जा सके। उन्होंने बताया कि बाला पेंटिंग के माध्यम से परमाणु संरचना, कोशिका संरचना, प्रकाश संश्लेषण, डीएनए संरचना, अंतरिक्ष संरचना, सौरमंडल आदि को बच्चों की सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को गति देने के लिए अंकित कराया गया है। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सोनी, जावेद खान मंसूरी, अनिल त्रिपाठी, सोनल गुप्ता, रामसिंह, दिनेश वर्मा, प्रीति जैन, राजीव त्रिपाठी, रीना यादव, इकराम अल्ला मौजूद रहे।

### सैयद गाजी उर्स मामले में हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स की जिलाधिकारी द्वारा अनुमति न देने का मामले में शुक्रवार को भी दरगाह को अंतरिम राहत नहीं मिली। दरअसल न्यायालय ने याची वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच से पूछा कि वर्तमान मुकदमा दाखिल करने का याची का क्या अधिकार है तथा जिस कमेटी के द्वारा वर्तमान मुकदमा दाखिल किया गया है, उसका गठन किसने किया व किस प्रावधान के तहत हुआ है।

## सिन्धी भाषा में अद्भुत राष्ट्रीय चेतना गोष्ठी संपन्न : सुमनलता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भाषा विभाग लखनऊ उ प्र शासन के नियन्त्रणाधीन उ प्र सिन्धी अकादमी लखनऊ एवं विशेश्वर दयाल विद्यालय समिति लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सिन्धी भाषा में राष्ट्रीय चेतना विषय पर विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस गोष्ठी में श्रीमती सुमन लता मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में अपना उद्बोधन दिया। उन्होने कहा कि सिन्धी भाषा भारत की एक विशिष्ट भाषा है। इस भाषा में विविध भाषाओं की तरह राष्ट्र की स्वतन्त्रता के लिए कविताओं एवं लेखों में राष्ट्रीय चेतना निहित है। जिससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। यह भाषा सिन्ध प्रान्त के आलावा गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में भी बोली जाती है। उत्तर प्रदेश में उ प्र सिन्धी अकादमी सिन्धी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सीता देवी, रिसर्च फेलो, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ने उक्त विषय पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होने बताया कि सिन्धी भाषा के विकास हेतु उ प्र सिन्धी अकादमी अप्रतिम कार्य कर रहा है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के सुरेशचन्द श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा की भारत विविधताओं का देश है। यहां विविध जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय के लोग निवास करते है। उनके संस्कृतिक परम्परा तथा भाषा में भी विविधा कमोवेश दिखायी देती है। भाषा किसी भी जाति व संम्प्रदाय की नहीं है बल्कि एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो में बोलियों में विविधता पायी जाती है।

## दहेज न मिलने पर बहू को घर से निकाला

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम बंगरा निवासी डोली कुशवाहा पुत्री कैलाश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि चार वर्ष पहले उसकी शादी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खुरा निवासी हरचरन कुशवाहा पुत्र हरिराम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी, जिसमें उसके माता-पिता ने अपनी हैसीयत अनुसार दान-दहेज भी दिया था और शादी के बाद उसका एक ड़ेढ़ वर्ष का पुत्र भी है। बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही उसकी सास सुमन्तत्रा, ससुर हरीराम, देवर विनोद व पति द्वारा आये दिन किसी न किसी बात को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि उसके ससुरालियों ने उस पर मायके से 50 हजार रुपये व एक मोटर साइकिल का अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाया गया। उसने जब इसका विरोध किया तो ससुरालियों द्वारा उसे गालियां देकर मारपीट की जाती और जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालियों ने उसे कई बार घर से बाहर भी निकाल दिया गया। जब पीड़िता के पिता कैलाश व मां गजरा ने समझाया तो ससुरालियों द्वारा उसे तलाक देने की धमकी दी जाती रही। पीड़िता ने बताया कि 14 मई को सुबह करीब 8 बजे वह अपने घर पर थी, तभी उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी और बिना सामान दिये ही बच्चे के साथ जान से मारने की धमकी देते हुये घर से बाहर निकाल दिया।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि– | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | साप्ताहिक | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि– | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | साप्ताहिक | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि– | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | साप्ताहिक | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि– | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | साप्ताहिक | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि– | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि– | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि– | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | 5 दिन | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मंडल कार्यक्रम प्रबंधक ने नागरिकों को दिए स्वच्छता के टिप्स



■ संबंधित सफाई कर्मियों को खामियां मिलने पर लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, कानपुर पलक शर्मा एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय शिवम सिंह द्वारा नगर के वार्ड संख्या-09 हर्ष नगर में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक में प्रतिभाग कर आम जनता को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होनें वार्ड में कूड़ा के सोर्स सेग्रीगेशन के सम्बन्ध में सम्बन्धित सफाई मित्र एवं सफाई नायक से वार्ता कर उन्हें सोर्स सेग्रीगेशन के महत्व को समझाते हुये बताया कि कचरे को सोर्स पर ही गीले एवं सूखे कचरे में अलग-अलग करने से उनका निस्तारण आसान हो जाता है जबकि मिश्रित कचरा को निस्तारित किया जाना एक दुर्गम प्रक्रिया है जिसमें समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है एवं वातावरण भी प्रदूषित होता है जो कि आम जनता के लिये हानिकारक है। बैठक उपरांत मण्डल प्रबन्धक द्वारा वार्ड में नागरिकों से भी सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त किया गया जिसमें अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि पालिका गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित किये जाने हेतु रिक्शा चला रही है जिसमें नागरिकों द्वारा अलग-अलग कचरा प्रदान किया जाता है। इसके उपरांत पालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों, आम जनता के साथ बैठक कर उनको सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये एवं सफाई सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट पहन कर ही कार्य किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। इस दौरान सभासद निर्मल श्रीवास्तव, सफाई नायक राजन बाबू, मनोज तिवारी, नागरिक कमरून्निशा, मोहित गुप्ता, सुधांसू, अमित आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने साइबर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोंद कुमार ने शुक्रवार को साइबर थाना कन्नौज का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, कंप्यूटर कार्यालय एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरान्त उन्होनें कार्यालय के अभिलेखों को बारीकी से चेक किया गया और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

शुक्रवार को साइबर थाना कन्नौज के वार्षिक निरीक्षण दौरान एसपी विनोद कुमार नें साइबर अपराधों से निपटने में तेजी लाने, लंबित मामलों के समयबद्ध शीघ्र निराकरण और पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के बदलते स्वरूप को देखते हुए पुलिसकर्मियों को सतत प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होनें यह भी बताया कि जनता में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है ताकि वे ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, और डेटा चोरी जैसे अपराधों से बच सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को शिक्षित किया जाए। इस अवसर पर थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री के समक्ष रखीं बिजली और जल निकासी की समस्याएं

■ दौरे पर आये राज्यमंत्री ने ईओ से वार्ता कर समाधान का दिलाया भरोसा



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माईपुर में दौरे पर आए राज्य मंत्री रमेश चन्द्र कुण्डे के समक्ष भाजपा नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने इलाके की गंभीर समस्याएं रखीं। जिसमें मुख्य रूप से बिजली आपूर्ति में बार-बार हो रही बाधा और जल निकासी की खराब व्यवस्था को लेकर लोगों ने चिंता जताई।

शुक्रवार को ग्राम इस्माईपुर में दौरे पर आए राज्य मंत्री उ. प्र. सरकार रमेश चन्द्र कुण्डे के समक्ष भाजपा नेताओं कानपुर बुंदेलखण्ड भाजपा कार्य समिति सदस्य मुस्लिम खॉन चिश्ती, मखमूल खॉन सहित दर्जनों नागरिकों नें बताया कि आए दिन बिजली कटौती से फसलों को सूखनें सहित उन्हें गर्मी के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही बारिश के समय जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गलियों और घरों में पानी भर जाता है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ साथ संक्रामक रोगों की चपेट में आ जाते हैं। राज्य मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तत्काल इन मुद्दों का समाधान करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए जल्द ही तकनीकी सुधार किए जाएंगे और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम शुरू किया जाएगा। राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति लोगों को दिखाई देगी। इस अवसर पर अपना दल के जिलाध्यक्ष सहित साहिबे कुरैशी, चंगेज आलम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हज पर जाने वाले 42000 आजमीन को मायूस होना पड़ा

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** हज 2025 के लिए प्राइवेट टूर्स के ज़रिये हज पर जाने की तमन्ना रखने वाले हिंदुस्तान के 42000 आज़मीन को आख़िरकार मायूस होना पड़ा। पिछले कुछ महीनों से इसको लेकर चल रही अटकलें अपने आख़री दौर में 20 फीसदी कोटे तक महदूद होकर रह गई, हज ग्रुप आर्गेनाइज़र्स के कोटे में अरब सरकार की जानिब से की गई 80 फीसदी कटौती ने हज पर जाने का पूरी तरह मन बना चुके हिंदुस्तान के आज़मीन को नाराज़ कर दिया। फैसला एनवक्त पर लिया गया जब बहुत से आज़मीन ने जहाँ प्राइवेट टूर्स को अपनी पूरी रकम जमा करा दी और हज पर जाने की तैयारियों में मशगूल हो गए। वहीं टूर ऑपरेटर्स भी सऊदी तक के बहुत से इंतज़ामात कर चुके थे, कभी ख़ुशी-कभी गम की तर्ज पर पिछले दो महीने से यही सुनने को मिलता रहा कि कोटा बढ़ेगा, सभी जायेंगे तो कभी एकदम से यह सुनने को मिलता रहा कि बहुत मुश्किल है। कोटा 20 परसेंट ही रहेगा, हिंदुस्तान के बहुत से टूर के ज़िम्मेदार सऊदी जाकर रुके रहे ताकि कहीं से कोई बात बन जाए।उन्होंने कोशिशे भी की लेकिन नतीजा सिफर रहा, अल्पसंख्यक मंत्रालय की ओर से भी इस मुताल्लिक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जो फैसला सऊदी सरकार ने कर दिया उसी पर इत्मीनान कर लिया गया। शायद ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, पिछले एक दशक से हज के नाम पर गैर रजिस्टर्ड टूर्स से बुकिंग कराकर फंस चुके लोगों की खबरों को पढ़-सुनकर यही बेदारी मुहिम चलाई जाती रही कि कोई ऐसे बगैर लाइसेंस वाले टूर को हज के नाम पर पैसा न दें नहीं तो धोखा हो सकता है, लेकिन इस साल तो लोगों ने रजिस्टर्ड टूर को पैसा जमा कराया था, उनके खाते में पेमेंट ट्रांसफर किया था फिर भी धोखा हो गया। अगले साल क्या लोग भरोसा करेंगे टूर पर? और टूर वाले भी क्या बोलकर बुकिंग करेंगे, सऊदी सरकार का कब कौनसा क़ानून आ जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। हज पर जाने की तमन्ना रखने वाले हज कमेटी में नाम न आने और लम्बी वेटिंग की वजह से प्राइवेट टूर्स से जाने का मन बनाते हैं। हज के लिए ज़िन्दगी भर की कमाई में से पाई-पाई जोड़ अपने फ़र्ज़ की अदायगी को पूरा करने में ख़ुशी-ख़ुशी उसे नेक काम में सर्फ करते हैं लेकिन जब हज पर जाना कैंसल होता है तो उन पर क्या बीतती है वही जानते हैं।

ऐसा क्यूँ हुआ ? क्या गलती रही ? किसकी गलती रही ? लेकिन सबसे बड़ा सवाल हज पर जाने वालों की क्या गलती रही ? उन्होंने तो तयशुदा वक़्त पर अपनी रकम जमा करा दी थी, उन्हें सज़ा क्यूँ ? अरब सरकार को हज पर आने वालों की तादाद कम करना था तो पहले ही क्लियर कर देना था ताकि मंत्रालय हज ग्रुप ऑर्गेनाईज़र्स को इस साल सऊदी सरकार का रवैय्या बता देता ताकि फौरन कोई फैसला लिया जाता।

बहरहाल.. अब तो सब कुछ खत्म हो गया है पोर्टल बंद कर दिया गया है, कोटे में इज़ाफ़ा होने की उम्मीद नहीं के बराबर है, प्राइवेट टूर्स के साथ हज का इरादा रखने वालों ने आस छोड़ दी है। 20त्न कोटे के मान से आज़मीन को ले जाने के लिए कुछ ग्रुप आपस में मिलकर बड़ा ग्रुप बनाकर निकल गए हैं कुछ निकलने वाले है, जिनकी जिस रेट में बुकिंग हुई है उनसे एक्स्ट्रा अमाउंट लिए जाने की खबरें हैं ।तो किसी वजह से वीज़ा आने के बाद कैंसल करा चुके आज़मीन से केंसिलशन के नाम पर हज ऑर्गनाइजेशन द्वारा मोटी रकम काटे जाने की भी शिकायतें हैं। जो टूर ऑपरेटर 20त्न कोटे को लौटा दिए जाने की बात कर रहे हैं उनमें कितनी सच्चाई है ? ये जाँच का विषय है मंत्रालय को इस पर गौर करना चाहिए। हज ग्रुप ऑर्गेनाइज़र्स ने हज का अमाउंट जिस तरह से भी आगे भेजा है उसे फौरन वापस किये जाने के साथ एयरलाइन्स कम्पनियों को बगैर किसी शर्त या कोई रकम काटे हज ऑर्गनाइजर को रकम लौटाने में जल्दबाजी दिखाना चाहिए ताकि वे भी हज के लिए जमा की गई रकम अपने यहाँ बुकिंग कराने वालों को लौटा सकें ।

# कंटेनर की टक्कर से चालक व खलासी की मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** डीसीएम का टायर पंचर होने पर चालक एवं क्लीनर द्वारा टायर बदलते समय कंटेनर की टक्कर से डीसीएम चालक व खलासी की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। कानपुर नगर के रतूपुरवा निवासी सलामुद्दीन पुत्र जलालुद्दीन कानपुर अपनी डीसीएम में भाड़ा लादकर सिद्धार्थ नगर के थाना भवानीगंज क्षेत्र के चाका गांव निवासी खलासी श्रवण (27) पुत्र विजय कुमार के साथ लखनऊ जा रहा था तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर भल्लाफार्म के पास उसकी डीसीएम का पहिया पंचर हो गया। इसी दौरान पीछे से डीसीएम लेकर आ रहे साले महमूदुल्ला पुत्र स्व.अब्दुल अजीज (35) निवासी कव्बापुर थाना महराजगंज जिला बलरामपुर बहनोई की गाड़ी पंचर देख रुक गया और खलासी श्रवण के साथ पंक्चर टायर खोलने लगा तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से डीसीएम में टक्कर मार दी। इसमें महमूदुल्ला की मौके पर मौत गई। घायल श्रवण को नवाबगंज सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। सलामुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने कंटेनर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर शवों को मोर्चरी भेजा। हादसे की खबर पर पहुंचे छोटे भाई अब्दुल बाकी ने बताया कि महमूदुल्ला तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से पत्नी जमीला खातून बदहवाश है। उसके तीन बच्चों में बेटियां साइना, सनोवर व बेटा सैफ है। वहीं जवान बेटे की मौत से मां नूरजहां भी बेहाल है। वहीं इकलौते बेटे की मौत से श्रवण का पिता विजय बेहाल है। वहीं पति की मौत पत्नी राजकुमारी बदहवाश है। उसके सामने तीन मासूम बेटो सिद्धार्थ, विवान व आर्यन की परवरिश का संकट खड़ा हो गया। एसओ शरद कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** बीते सप्ताह खाना बनाते समय आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पति की सूचना एवं नायब तहसीलदार के निर्देश पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ाई निवासी महिपाल ने थाना पुलिस को दी गई सूचना में बताया है कि बीते शनिवार 10 मई को खाना बनाते समय उसकी 22 वर्षीय पत्नी अंजली आग से झुलस गई थी। जिसका उपचार घर पर ही चल रहा था। बुधवार 14 मई की रात अंजली की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गई है। गुरुवार को पति की सूचना एवं मामले की पड़ताल में गांव पहुंचे बांगरमऊ नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल के निर्देश पर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार महिपाल चार माह पूर्व मृतका को लव मैरिज करके आजमगढ़ से लाया था। जबकि महिपाल पहले से शादीशुदा है तथा घर पर उसकी पहली पत्नी और दो बेटे है। उपनिरीक्षक दिनेश रावत ने बताया है कि मृतका के पति की सूचना तथा नायब तहसीलदार के निर्देश पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने खाया जहर

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र के खैरागाड़ा निवासी लक्ष्मीकांत के बेटे आशीष 35 वर्ष ने आज गुरुवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** जनपद कानपुर नगर के थाना ककवन अंतर्गत ग्राम चम्पत नेवादा निवासी संदीप 27 वर्ष पुत्र श्रीपाल आज बाइक से लखनऊ जा रहा था तभी रास्ते में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्थित ग्राम बहलोलपुर के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और फिसल गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने उसे आनन-फ़ानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सरकार की कृषि योजनाओं को पलीता लगा रहा कृषि विभाग

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लाभ के लिए किसानों ने कृषि विभाग में आनलाइन पंजीकरण कराया था। उनमें से करीब 50 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। पंजीकरण अपडेट होकर नए पोर्टल पर न होने से बीघापुर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को कृषि संबंधी दवा और बीज का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। किसानों द्वारा पंजीकरण अपडेट कराए जाने पर विभाग की वेबसाइट बंद होना बताया जाता हैं। इस संबंध में बीघापुर सीड स्टोर प्रभारी ने बताया कि पंजीकरण स्वत रद्द हो गए है किस कारण रद्द हुए यह नहीं बता सकता। जिन किसानों ने अभी कुछ माह पहले रबी की फसल बुआई के लिए दवा बीज लिया था उनके भी पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं। ऐसे में कई किसानों ने आन लाइन शिकायत की है और बहुत से लोगों ने जिला कृषि अधिकारी जिलाधिकारी उन्नाव तथा मुख्यमंत्री कृषि मंत्री को भी शिकायती पत्र भेजने की बात कही है।

# विधान परिषद की समिति ने की समीक्षा बैठक दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उ0प्र0 विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक सभापति सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के माननीय सदस्य किरण पाल कश्यप , उमेश द्विवेदी तथा हंसराज विश्वकर्मा उपस्थित रहे। सभापति ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने कार्यों की शिलापट्टिका में माननीय जनप्रतिनिधियों के नामों को अंकित करे। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परियोजना निदेशक अरुण कुमार को निर्देश दिए कि पात्रों को आवास अवश्य मिले। सर्वे के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, कोई भी पात्र छूटना नहीं चाहिए। सभापति ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जनपद में पानी की समस्या पर कार्य योजना बनाकर समस्या को दूर कराए। सभापति ने सख्त निर्देश दिए कि माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों का प्राथमिकता से संज्ञान लेते हुई निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्यवाही से माननीय को अवगत भी कराया जाए। बैठक में सभापति ने पंचायत राज विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, नेडा आदि की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे। पानी की समस्या वाले स्थानों पर सीसी रोड बनाए। माननीय सभापति जी ने सिंचाई विभाग की समीक्षा में अधिशासी अभियंता शौर्य वर्धन के कार्यों में लापरवाही/ शिथिलता के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव सिंचाई विभाग से अधिशासी अभियंता शौर्य वर्धन का स्पष्टीकरण एक सप्ताह में लेते हुए समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता शौर्य वर्धन को अवमानना का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## सेवा ही सर्वोप्रियः जन्मदिन को बनाया सेवा दिवस

**मथुरा।** भौतिकता के दौर में जहाँ जन्मदिन का अर्थ पार्टी, केक और उत्सव तक सीमित होता जा रहा है, वहीं हमारे संस्था के एक समर्पित सदस्य चंदन सोनी निवासी राया ने इसे सेवा का माध्यम बनाकर एक नई मिसाल कायम की है। इनका मानना है कि सच्ची खुशी किसी के चेहरे पर मुस्कान लाकर मिलती है, न कि केक काटकर। अपने जन्मदिन पर इन्होंने किसी होटल या पार्टी हॉल में जश्न नहीं मनाया, बल्कि जरूरतमंदों को भोजन कराकर दिन को यादगार बना दिया। सड़क किनारे रहने वाले असहाय और ज़रूरतमंदों बच्चों और बुजुर्गों को खाना खिलाते हुए इन्होंने मानवता का वह रूप दिखाया, जो आज के समाज में कहीं खोता जा रहा है।हमारी संस्था गर्व के साथ कह सकती है कि ऐसे सेवाभावी सदस्य हमारे बीच हैं, जो हर कदम पर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह कार्य न केवल प्रेरणादायक है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने का एक सशक्त प्रयास भी। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे नेक कार्यों से प्रेरित होकर और लोग भी अपने खास दिनों को खास अंदाज में मनाएं।

# पुलिस ने दो तमचों व कारतूसों सहित दो को पकड़ा




अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा दो तमचों व दो कारतूसों को बरामद कर बल अपचारी सहित दो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है। शुक्रवार को अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गस्त कर रहे प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक विनय शर्मा, सूर्यपाल पटेल, हेड कांस्टेवल बृजपाल सिंह, कांस्टेवल दीपक कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर बाल अपचारी के पास से 315 बोर के एक तमंचा व एक कारतूस करीमपुर तिराहे से करीमपुर गांव की तरफ से व अभियुक्त पियूष राजपूत पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम तहसीपुर के पास से 315 बोर के एक तमंचा व एक कारतूस सहित पुल पर से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर बाल अपचारी व अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

## मनचले ने किशोरी को बुरी नीयत से खेत में खींचा

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव में मनचले ने खेत पर जा रही एक किशोरी को बुरी नीयत से दबोच लिया और मक्के की फ़सल के अंदर खींच कर ले जाने लगा। किशोरी की चीख-पुकार पर खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े। तब दरिंदा किशोरी को छोड़कर भाग निकला। मां की तहरीर पर पुलिस ने मनचले के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित किशोरी की मां द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी बीते मंगलवार को अपने खेत पर जा रही थी। तभी रास्ते में गांव के ही एक मनचले युवक ने बुरी नीयत से किशोरी को पकड़ लिया और उसे खींच कर मक्का की फसल के अंदर ले जाने लगा। किशोरी के चीखने-चिल्लाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े और ललकारा। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# क्राइम मीटिंग में कप्तान के तेवर सख्त अधीनस्थों का छुट्टा पसीना

अवधनामा संवाददाता

■ मथुरा एसएसपी श्लोक कुमार लापरवाही बरतने वाले अफसरों की जमकर लगा रहे क्लास

**मथुरा।** किसी भी विभाग की सफलता में अनुशासन एक महत्वपूर्ण पहलू माना जाता है, अगर किसी विभाग का मुखिया अनुशासन के लिए अगर सख्त कदम उठाता है तो निश्चित वह विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य को संवारने के क्रम की पहली कड़ी माना जाता है वही कार्य मथुरा के पुलिस कप्तान के द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ किया।एसएसपी श्लोक कुमार ने बुधवार की रात को दूसरी क्राइम मीटिंग ली। इसमें लेट आने वाले थाना प्रभारी निरीक्षकों को सजा के तौर पर रायफल के साथ दौड़ाया। एसएसपी की इस सजा के बाद थाना एवं चौकी प्रभारियों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने लापरवाह थाना एवं चौकी प्रभारियों को पहली और आखिरी चेतावनी भी दी। रात आठ बजे पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी ने क्राइम मीटिंग ली। वह तय समय पर पहुंच गए, लेकिन जैंत, नौहझील, बरसाना और बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक काफी देरी से पहुंचे। क्राइम मीटिंग में देरी से आने वाले चार थाना प्रभारी निरीक्षकों को उन्होंने रायफल के साथ ही सभागार के आगे ग्राउंड में दौड़ा दिया।क्राइम मीटिंग में उन्होंने लापरवाह, जनता की शिकायत की अनदेखी करने वाले, विवेचना समय से न निपटाने वाले अधीनस्थों की जमकर क्लास ली।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि चार्ज संभालने के बाद लगातार मुख्यालय पर फरियादियों की संख्या बढ़ी है। इसका सीधा मतलब है कि उनकी समस्याओं का समाधान थाना एवं चौकी पर नहीं हो रहा है। क्राइम मीटिंग में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय पर यदि कोई वास्तविक फरियादी आया तो थाना, चौकी प्रभारी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

# बांकेबिहारी कॉरिडोर बनने से भाजपा का उद्धार या अयोध्या की तरह होगा चमत्कार

अवधनामा संवाददाता



**वृन्दावन (मथुरा)** तीर्थ नगरी वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपना रास्ता साफ कर दिया इसे लेकर भाजपाई खेमा प्रफुल्लित है। दरअसल यह कॉरिडोर अब भाजपा के मिशन 2027 के एजेंडे को धार देगा। पिछले साल मथुरा में हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की दस दिवसीय बैठक में यह अहम मुद्दा था और इस मामले पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने मथुरा आकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की थी।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने के बाद से ही ब्रज की फिजा में एक नारा जोरशोर से तैर रहा है। आ गए हैं अवध बिहारी, अब आएंगे कृष्ण मुरारी। इसके दो मायने निकाले जाते रहे हैं। एक, श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भी अयोध्या की ही तरह श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण। दूसरा, बांके बिहारी कॉरिडोर को अयोध्या की तर्ज पर ही भव्य रूप प्रदान करना। हालांकि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद ही इसकी तैयारियां पर भी मथुरा में जोरशोर से शुरू हो गई थीं पर इसकी असली आवाज अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद ही उठी। तभी से स्थानीय स्तर से लेकर सरकार स्तर तक और अदालत में इसके फैसलों पर सभी की निगाह लगी थी।

पिछले साल अक्तूबर माह में मथुरा के परखम में आरएसएस की दस दिवसीय बैठक हुई थी। बैठक में संघ के सभी आला पदाधिकारियों ने भाग लिया था। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत भी इस बैठक शामिल हुए थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां आकर संघ प्रमुख से लंबी वार्ता की और बेहद खुश अंदाज में वह यहां से रवाना हुए थे। यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में होना है। इस बैठक में मिशन-2027 पर मंथन अहम बिंदु रहा था। दरअसल अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब संघ और भाजपा दोनों के ही एजेंडे में मथुरा है। मथुरा में बांके बिहारी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला दो प्रमुख मामले हैं और दोनों ही अदालत में थे। इनमें से एक बांके बिहारी कॉरिडोर पर अब रास्ता साफ होने से भाजपा के इस एजेंडे को नई धार मिलने वाली है।

लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम चौंकाने वाला आया। भाजपा को कई सीटों पर झटका लगा। सबसे ज्यादा झटका फैजाबाद मंडल की सभी सीटों पर लगा और भाजपा ये सीटें हार गई। बावजूद इसके कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ था और भाजपा इसके अपना तुरुप का पत्ता मान रही थी। भले ही देश भर में इसकी गूंज रही हो पर अयोध्या में तो इसका जादू चला ही नहीं। यही कारण था कि भाजपा थिंक टैंक इस पर मंथन कर रहा था कि कहीं मथुरा में बांके बिहारी कॉरिडोर पर खेला गया दांव भी दगा न दे जाए। विरोध के सुर भी लगातार उठते रहे हैं। आरएसएस की बैठक में भी इस पर मंथन हुआ था लेकिन उसमें यह बात भी रखी गई कि भाजपा अपने मूल हिंदुत्व के एजेंडे से दूर खिसकी। इसलिए ही लोकसभा चुनाव में उम्मीद के अनुरूप यूपी परिणाम नहीं आया। खास तौर से यूपी में झटका लगा। ऐसे में यही तय हुआ था कि अपने एजेंडे पर पार्टी बरकरार रहेगी और बांके बिहारी और जन्मभूमि दोनों ही मुद्दों पर अपनी स्थिति स्पष्ट रखेगी।

### कॉरिडोर बनने के बाद सभी को बेहद सुख अनुभूति होगी : हेमामालिनी

सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय केवल वृंदावन ही नहीं बल्कि देश भर के सभी श्रद्धालुओं के लिए बेहद अच्छा है। इस निर्णय से यहां के सेवायत और इससे प्रभावित होने वाले लोगों को कोई भी नुकसान नहीं होने दिया जाएग। विश्वास कीजिए, रिडोर बनने के बाद आने वाले लोगों को अयोध्या और काशी की तरह ही बेहद सुखद अनुभूति होगी। वहीं कुछ वृन्दावन के निवासी इस पर अपनी अलग अलग प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं, वृन्दावन के तीर्थ पुरोहित, एवं पड़ा समाज इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिखाई दे रहे है उनके द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि अपने दिए गए फैसले पर एक बार पुनर्विचार करें। कुछ लोगों का कहना है जिस प्रकार भाजपा सरकार ने हठ पूर्वक अयोध्या में मंदिर निर्माण के समय लोगों की भावनाओं का अनादर किया जिसके परिणाम स्वरूप लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार से पार्टी को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है वही हाल मथुरा में भी देखने को मिल सकता है, समय रहते भाजपा को वृन्दावन के नागरिकों की भावना को समझते हुए कार्य करने का विचार करना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल के इन बीचेज पर पार्टनर संग बिताएं रोमांटिक पल



पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

घूमने के शौकीन लोग अक्सर घूमने का प्लान बनाते हैं। वहीं कपल्स घूमने के लिए किसी ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकें। जब कपल्स रोमांटिक और सुकून भरा पल बिताने के लिए किसी जगह की तलाश करते हैं, तो उनकी लिस्ट में मनमोहक और खूबसूरत बीचेज भी शामिल रहता है। पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

**दीघा बीच**

पश्चिम बंगाल में स्थित सबसे रोमांटिक और खूबसूरत बीच घूमने के लिए कई कपल्स सबसे पहले दीघा बीच पहुंचते हैं। यह बीच पूरे पश्चिम बंगाल का भी मुख्य आकर्षण का केंद्र माना जाता है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

## यादगार होगा हर लम्हा

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में स्थित दीघा बीच अपनी कई चीजों के कारण रोमांटिक बन जाता है। यहां के बीचेज से सूर्योदय और सूर्यास्त के लुभावने दृश्यों के अलावा सुनहरी रेत के लिए भी फेमस है। दीघा बीच कैसुरीना के बागानों से भी घिरा है। इसलिए इस बीच को एक परफेक्ट रोमांटिक प्लेस माना जाता है।

**ताजपुर बीच**

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में स्थित ताजपुर बीच भी काफी फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। ताजपुर बीच अपनी खूबसूरती से कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कई कपल्स सूर्योदय और सूर्योस्त के दृश्यों को देखते हुए हसीन पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर एक तरफ बंगाल की खाड़ी है, तो दूसरी ओर हरियाली है। यहां पर कपल्स वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

**शंकरपुर बीच**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 176 किमी और दीघा से करीब 14 किमी दूर शंकरपुर बीच स्थित है। यह राज्य का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत बीचेज में से एक है। यह बीच भी राज्य के प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

शंकरपुर बीच में हर दिन दर्जन से ज्यादा पर्यटक को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कपल्स भी घूमने के लिए पहुंचते हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर कई कपल्स हसीन शामें बिताने के लिए पहुंचते हैं। आप इस बीच से बंगाल की खाड़ी की हसीन लहरों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

**उदयपुर बीच**

पश्चिम बंगाल में उदयपुर बीच पर सबसे अधिक संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस बीच को पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने और खूबसूरत समुद्री तटों में से एक माना जाता है।

यह बीच सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही नहीं बल्कि ओडिशा के लिए भी आकर्षण का केंद्र माना जाता है। क्योंकि यह ओडिशा की सीमा से कुछ दूरी पर है। यहां पर दर्जनों की संख्या में कपल्स रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। उदयपुर बीच से सनसेट और सनराइज का दृश्य देखने लायक होता है।

**इन जगहों पर घूमें**

इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कई अन्य बीचेज घूम सकते हैं। यहां पर कई कपल्स पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। जैसे- पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित मंदारमणि बीच, बक्खाली बीच और डायमंड हार्बर बीच एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# गोवा घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें पांडवों की गुफा



सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं। गोवा में घूमने के लिए वैसे तो कई अच्छी जगहें हैं। कई लोगों को लगता है कि गोवा सिर्फ अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। गोवा अपने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक आकर्षणों के लिए भी फेमस है। गोवा को बीच के नाम से इसलिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां के समुद्र तट काफी फेमस है। साथ ही यहां की नाइटलाइफ भी काफी ज्यादा फेमस है। अक्सर गोवा को बीच डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट किया जाता है। वहीं सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

**अरवलम गुफा**




बताया जाता है कि अवरलम गुफा महाभारत में पांडवों के वनवास के दौरान रुकने का स्थान था। यही वजह है कि इस गुफा को पांडव गुफा भी कहा जाता है। इन गुफाओं की वास्तुकला हिंदू और बौद्ध प्रभाव से जुड़ी हुई लगेंगी। यह गुफा अवरलम झरने की तरफ जाने वाले रास्ते में पड़ती है। यह गोवा में घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**लोकेशन**

गोवा के नॉर्थ गोवा में संकेलिम के पास स्थित है।

पणजी से यह गुफा करीब 29 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से कुछ दूरी पर अवरलम झरना और रुद्रेश्वर मंदिर भी है। आप यहां के नजारे भी देख सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे अरवलम गुफा**

अगर आप थिविम रेलवे स्टेशन से आ रहे हैं, तो यह करीब 20 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में आपको करीब 30 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से गोवा का नजदीकी डाबोलिम एयरपोर्ट से लगभग 45 किमी है।

आप गोवा में कही भी जाने के लिए कैब बुक कर सकते हैं। आपको मापसा या पणजी से कैब और बस मिल जाएगी।

आप चाहें तो बाइक रेंट पर लेकर घूम सकते हैं।

# भारत में सतत पर्यटन बाजार के 216 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद



कोविड-19 महामारी के गंभीर प्रभावों और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत में संधारणीय पर्यटन ने उड़ान भरी है! यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 79% भारतीय यात्री संधारणीय पर्यटन को प्राथमिकता देते हैं; हालाँकि, वर्तमान में, इस अभ्यास को अपनाने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 2% है। तो, एक या दो दशक में संधारणीय पर्यटन बाजार का आकार क्यों बदल जाएगा?

वर्तमान में, भारत का संधारणीय पर्यटन बाजार 316.72 करोड़ (37 मिलियन) है, जिसके 1,848.96 करोड़ (216 मिलियन) की अकल्पनीय दर तक बढ़ने का अनुमान है। 2023 के लिए छोटे वैश्विक अनुमानों, 2.73 ट्रिलियन से 11.4 ट्रिलियन की अनुमानित वृद्धि को देखते हुए, भारतीय पर्यटन बाजार के आंकड़े भविष्य के आंकड़ों के विपरीत हैं। भारत में संधारणीय पर्यटन का महत्व चर्चा के केंद्र में है, क्योंकि भले ही यह वर्तमान में बहुत छोटा है, लेकिन सन् 2034 तक सतत पर्यटन का भविष्य उज्ज्वल होगा। 2025 में Agoda द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 82% भारतीयों ने भविष्य में भारत में संधारणीय पर्यटन को चुनने के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

भारत वर्तमान में सतत पर्यटन प्रथाओं को अपनाने में पाँचवें स्थान पर है। तो फिर इंतजार क्यों करें? आप अभी शुरू कर सकते हैं! अपने हरे-भरे सफर के लिए डोमेस्टिक और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट टिकट बुकिंग सबसे अच्छे दामों पर बुक करें।

यात्री पर्यावरण पूरक मार्ग क्यों चुन रहे हैं?

संधारणीय पर्यटन का अर्थ है, एक ऐसी यात्रा जो प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक वातावरण पर न्यूनतम नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह पर्यटन के आर्थिक और सामुदायिक-निर्माण लाभों को बनाए रखता है। भारत विविध संस्कृतियों, अनुपम प्राकृतिक स्थलों और किफायती पर्यटन स्थलों का एक शक्तिशाली केंद्र है, इस कारण यहाँ सतत पर्यटन की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।कुछ कारण जिनकी वजह से पर्यटक अब हरित विकल्प चुन रहे हैं, वे हैं-

24% लोग अपने मूल्यों और नैतिकता से प्रभावित हैं।

21% लोग लग्जरी की बजाय असली और सच्चे अनुभव पसंद करते हैं।

21% लोग पीक सीजन की भीड़ से बचने के लिए ऑफ-रोड गंतव्यों की यात्रा करना पसंद करते हैं।16% लोग पर्यावरण के अनुकूल यात्रा की आदतों से प्रभावित हैं, क्योंकि वे पर्यावरण के अनुकूल ठहरने और सार्वजनिक परिवहन या साइकिल से यात्रा करना पसंद करते हैं।

इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय पर्यटन मंत्रालय ने भारत में सतत पर्यटन व्यवसाय का विस्तार करने के लिए एक नई ट्रैवल ऑफ लाइफ योजना शुरू की है। आप सभी संधारणीय प्रथाओं का पालन करने वाले पर्यावरण के अनुकूल ठहरने के लिए ऑनलाइन सर्वश्रेष्ठ होटल बुकिंग डील्स पा सकते हैं!

**भारतीय गंतव्यों में टिकाऊ पर्यटन**

भारत में संधारणीय पर्यटन की शुरुआत आपसे होती है, इसलिए इस 2025 में, ऐसे अविश्वसनीय स्थलों पर जाएँ जो कम बजट में संधारणीयता की बात करते हैं! कुछ शीर्ष संधारणीय पर्यटन स्थलों में शामिल हैं-

**सिक्किम**

100% जैविक राज्य, जो हिमालय पर्वत के बेजोड़ दृश्य, समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों की पेशकश करता है। सिक्किम की मनमोहक घाटियों में ट्रैकिंग करना एक ज़रूरी काम है। यहाँ प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध है।

**माजुली द्वीप, असम**

दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप, माजुली द्वीप, प्रदूषण से रहित है और यहाँ प्लास्टिक की भी चिंता नहीं है।

**तेनमाला, केरल**

भारत का पहला इको-टूरिस्ट सेंटर, थेनमाला तिरुवनंतपुरम से 70 किलोमीटर की दूरी पर है, जहाँ स्थानीय लोग अपनी आजीविका चलाने के लिए रोज़ाना शहद और रबर का उत्पादन करते हैं।

**मावलिननॉन्ग, मेघालय**

एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव भारत में एक ऐसा टिकाऊ पर्यटन स्थल है जहाँ प्लास्टिक और धूम्रपान प्रतिबंधित है।

**कुर्ग, कर्नाटक**

पश्चिमी घाट में छिपा हुआ, कुर्ग, अपने सुगंधित कॉफी बागानों, हरे-भरे पहाड़ियों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है, जो टिकाऊ पर्यटन का शिखर है।

भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जहाँ स्थायी गंतव्य हैं। आप क्योटो, भूटान, फिलीपींस, ताइवान और अन्य जगहों की यात्रा करने के लिए सभी समावेशी टूर पैकेजों और ऑनलाइन वीज़ा सेवाएँ 180 से ज़्यादा गंतव्यों के लिए भी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्पेन घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर देखें ये जगहें

अगर आप भी स्पेन में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको पारंपरिक फ्लेमेंको डांस, ला फेरेरिया, टोमाटीना, बुल रनिंग फेस्टिवल और म्यूजिक इवेंट आदि देखने जरूर जाना चाहिए। ऐसे में आज हम आपको स्पेन की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने वाले है।

यूरोप महाद्वीप के सबसे सुंदर देशों में स्पेन का नाम शामिल है। यह घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है। स्पेन के बर्सिलोना, मलागा और कैनरी आइलैंड्स जैसी जगहों पर लोग लंबे ट्रिप पर आते हैं। स्पेन अपने खूबसूरत समुद्री तटों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। अगर आप भी स्पेन में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको पारंपरिक फ्लेमेंको डांस, ला फेरेरिया, टोमाटीना, बुल रनिंग फेस्टिवल और म्यूजिक इवेंट आदि देखने जरूर जाना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्पेन की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने वाले है। जहां का नजारा देखने के बाद आपका भी इन जगहों पर जाने का मन हो जाएगा।



**बर्सिलोना**

अगर आप स्पेन गए हैं, तो आपको यहां के सबसे खास शहर बर्सिलोना जरूर घूमना चाहिए। यहां का शानदार आर्किटेक्चर, फुटबॉल, कला संस्कृति, नाइटलाइफ और सुंदर समुद्री तटों के लिए भी जाना जाता है। बर्सिलोना में लोग स्पेशल एंटोनी गौडी की वास्तुकला का नजारा देखने जाते है। यहां पर सग्रादा फमिलिया नामक चर्च देखकर खुद की आंखों पर भरोसा नहीं कर पाएंगे। यह डिजाइन काफी अद्भुत है। स्पेन में यह घूमने के लिए काफी अच्छी जगह है। यहां पर आप पार्क गुएल, ला रैंबला और कैंप नोउ देखने भी जा सकते हैं।


**मैड्रिड**

मैड्रिड स्पेन की राजधानी है और यह एक खास जगह है। मैड्रिड में आपको आधुनिकता और इतिहास का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। एक जहां पर पुरानी इमारतों का डिजाइन आपको आकर्षित करेगा, तो वहीं नई इमारतों से भी आप नजर नहीं हटा पाएंगे। मैड्रिड में आप सैंटियागो बर्नबू स्टेडियम देखने जरूर जाएं। भले ही आप फुटबॉल प्रेमी नहीं भी हैं, तो यहां जाना आपको पसंद आएगा। वहीं यूरोपियन आर्ट और इतिहास में भारतीय पर्यटकों को रुचि होती है, उनके लिए Prado Museum और Reina Sofia Museum के लिए भी अच्छा है। आप यहां पर रॉयल पैलेस ऑफ़ मैड्रिड, ग्रैन विया, सैंटियागो बर्नबू स्टेडियम और प्राडो म्यूज़ियम आदि घूम सकते हैं।

**सेविल, स्पेन**

आपको सेविल में स्पेनिश संस्कृति का असली रंग देखने को मिलेगा। आप यहां पर अल्काजार पैलेस और सेविल कैथेड्रल जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा मूरिश राजाओं द्वारा बनाए गए फेमस शाही महल भी देखने के लिए जा सकते हैं। सेविल कैथेड्रल और ला गिराल्डा टॉवर भी घूमने जा सकते हैं, यह दुनिया के सबसे बड़े गॉथिक चर्चों में से एक है।

# अपने दोस्तों के साथ यास आइलैंड, अबू धाबी में जिंदगी को यास बोलें!



अपने रोज़मर्रा के जीवन को एक रोमांचक मोड़ दें और यास आइलैंड, अबू धाबी की ओर एक साहसिक सफ़र पर निकलें अपने सबसे अच्छे यारों को भी साथ ले जाएं, ताकि आप सभी को अपनी पसंदीदा बॉलीवुड फ़िल्म के मुख्य किरदार जैसा महसूस हो। यकीन मानिए, यास आइलैंड अबू धाबी की यह मज़ेदार यात्रा उतनी ही यादगार होगी जितनी कोई दिल को छू लेने वाली फ़िल्म इसकी गारंटी देता है वह पाँच-एपिसोड वाला विशेष श्रृंखला, जिसमें आपके चहेते द बॉयज़ नज़र आते हैं!

**यास आइलैंड अटट्रक्शन्स की श्रृंखला**

हर किसी को अपनी दोस्ती को और मज़बूत करने के लिए थोड़े उत्साह की ज़रूरत होती है– और यास आइलैंड अबू धाबी के आकर्षण ठीक वही करते हैं, जैसा कि जिंदगी को यास बोलो की कास्ट ने भी साबित कर दिया है! इस अनौपचारिक प्रीक्वल की पृष्ठभूमि में जो प्रमुख स्थल दिखाई देते हैं, उनमें यास मरीना सर्किट, सीवर्ल्ड यास आइलैंड, अबू धाबी, फेरारी वर्ल्ड अबू धाबी, वार्नर ब्रदर्स वर्ल्ड™ अबू धाबी और भी बहुत कुछ- सभी थीम पार्क वातानुकूलित हैं, इसलिए यह सभी महीनों, मूड और मौसमों के लिए एकदम उपयुक्त है।

यास आइलैंड का थीम पार्क सिर्फ़ एक साधारण रोमांच स्थल नहीं है, बल्कि यह एक रोमांचकारी अनुभव प्रदान करता है विशेष रूप से वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी में, जहाँ अत्याधुनिक 29 आकर्षण मौजूद हैं। यहाँ आपको छह विशेष थीम पर आधारित क्षेत्र मिलेंगे– कार्टून जंक्शन की हास्य दुनिया से लेकर अंधकारमय गॉथम सिटी तक, जहाँ बैटमैन का राज चलता है! फरारी वर्ल्ड में स्थित फॉर्मूला रोसा दोस्ती की डोर को और भी मज़बूत करने का एक उत्तम स्थान है, जहाँ यह राइड 149 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती है। यास आइलैंड, अबू धाबी एक सुंदर समुद्रतट पर दृश्य परिवर्तन का भी

शानदार अवसर देता है– क्योंकि हर गहरी और सच्ची दोस्ती को एक भावनात्मक सूर्यास्त के समय समुद्र किनारे की बातचीत की ज़रूरत होती है। अगर आपको यात्रा के लिए प्रेरणा चाहिए तो ज़िन्दगी को यास बोल के एपिसोड देखें! 2025 में अपने दोस्तों के साथ एक सहज रोमांच के लिए यास आइलैंड होटल्स या बेस्ट होटल्स इन अबू धाबी और अबू धाबी की सस्ती फ्लाइट टिकटें प्राप्त करें! अपनी निजी दुबई टूर पैकेज को फ्रीज करें ताकि आपकी मज़ेदार छुट्टी में लग्ज़री का तड़का लग सके और यूएई की यात्रा और भी खास बन जाए। यास आइलैंड अबू धाबी में हर चुनौती का जवाब सिर्फ़ एक ही होता है हाँ, यास! ठीक वैसे ही जैसे हमारे तीन साथियों ने किया। तो बस सही समय पर पहुंचिए, यानी इस अवधि के बीच-

फरारी वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यास वाटरवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 6 बजे शाम तक।

वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 10 बजे रात तक।

सीवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यह समय बदल सकते हैं, कृपया अपनी यात्रा से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी चेक करें। वेबसाइट के माध्यम से खरीद के लिए उपलब्ध मल्टी-थीम पार्क पैकेजों के साथ यास द्वीप के हर कोने का अन्वेषण करें। महिलाओं, अपनी सबसे अच्छी दोस्त को साथ लीजिए और 25 अप्रैल 2025 को यास आइलैंड, अबू धाबी में होने वाली महिलाओं के लिए विशेष रोमांचों का आनंद लें, जो 1 बजे दोपहर से 10 बजे रात तक आयोजित होंगे! इस दिन, यास आइलैंड टूरिज़्म पार्क इन घंटों के दौरान केवल महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा।

**यास आइलैंड पैकेजेस**

तो, अपने जीवन के सबसे बड़े रोमांच को यास कहें, जहां यादें बनाना इतना आसान है, जैसे तीनों दोस्तों का मिलना! अक्बरट्रेवेल्स.कॉम के ज़रिए यास आइलैंड हॉलिडे पैकेजेस के लिए सभी-समावेशी बेहतरीन ऑफ़र बुक करने से आपको आइलैंड तक की एक साधारण सवारी से कहीं ज़्यादा कुछ मिल सकता है, जिसमें अबू धाबी में रोमांच, बेहतरीन ठहरने की जगहें आदि शामिल हैं! उनके पास न केवल शानदार डील्स हैं जो आपको कहीं और नहीं मिलेंगी बल्कि आपके ट्रिप बुकिंग को बिना किसी परेशानी के सुनिश्चित करने के लिए 45+ सालों का अनुभव भी है! यास आइलैंड अबू धाबी में कुछ रोमांचक थीम वाले आगामी

कार्यक्रम भी हैं, जिनमें मम्मा मिया संगीत कार्यक्रम, अबू धाबी कॉमेडी सीज़न के दौरान हास्य कलाकारों की एक वैश्विक लाइनअप, यूएफसी फाइट नाइट और बहुत कुछ शामिल हैं। अकबर ट्रावेल्स- 45 साल से अधिक समय से हम आपके लिए यात्राएँ यादगार बना रहे हैं।

खास पलों को संवारने का काम अकबर ट्रैवल्स को सौंप दें, जो 1978 से यात्रा के क्षेत्र में छाई हुई है, यह सबसे पुरानी और सबसे भरोसेमंद कंपनियों में से एक है!

# कोणार्क की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति पर्यटकों को करती है आकर्षित

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेव द्व द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। कोणार्क, ओडिशा राज्य का एक प्रमुख शहर है, जो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह शहर खासकर अपने प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता है, जो यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। कोणार्क न केवल अपने मंदिरों और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

**कोणार्क सूर्य मंदिर- स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण**

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेवद्व द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर की संरचना एक विशाल रथ (रथ का रूप) की तरह बनाई गई है, जो सूर्य देवता की यात्रा को दर्शाता है। इसके चार पहिये और घोड़े की मूर्तियाँ अत्यधिक बारीकी से बनायी गई हैं।

कोणार्क सूर्य मंदिर के दीवारों पर उकेरी गई चित्रकला और शिल्पकला भारतीय स्थापत्य का एक अद्वितीय उदाहरण है। यहाँ की मूर्तियाँ और नक्काशी दर्शाती हैं कि उस समय के शिल्पकारों ने कितना उच्च स्तर का कला कौशल हासिल किया था। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय शिल्पकला और वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

**कोणार्क बीच**

कोणार्क का एक और प्रमुख आकर्षण है यहाँ का सुंदर समुद्र तट, जिसे कोणार्क बीच कहा जाता है। यह समुद्र तट अपनी शांत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।



पर्यटक यहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। यह समुद्र तट उन लोगों के लिए आदर्श है जो समुद्र के नजदीक शांति और सुकून की तलाश करते हैं। साथ ही, यहाँ विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भी आनंद लिया जा सकता है, जैसे कि स्विमिंग, बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स।

**कोणार्क की ऐतिहासिक धरोहर**

कोणार्क में केवल सूर्य मंदिर ही नहीं, बल्कि अन्य ऐतिहासिक स्थल भी हैं जो इस क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। कोणार्क म्यूजियम में पर्यटक इस क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ की पुरानी मूर्तियाँ, शिल्पकला और अन्य पुरातात्त्विक वस्तुएं इस क्षेत्र की समृद्ध धरोहर को उजागर करती हैं।

**कोणार्क महोत्सव**

कोणार्क नृत्य महोत्सव हर साल दिसंबर महीने में आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव में ओडिशा के पारंपरिक नृत्य रूपों, जैसे कि ओडिसी नृत्य, के शानदार प्रदर्शन होते हैं। यह महोत्सव कोणार्क सूर्य मंदिर के पास खुले आकाश के नीचे आयोजित होता है, जहाँ पर्यटक और कलाकार एक साथ ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मनाते हैं। यह महोत्सव कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है।

**नजदीकी पर्यटक स्थल**

कोणार्क के आसपास कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चिलिका झील जो एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है, केवल 30 किलोमीटर दूर स्थित है। यह झील अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षी अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ आप बोटिंग का आनंद ले सकते हैं और पक्षियों को देख सकते हैं। इसके अलावा, पुरी और भुवनेश्वर जैसे अन्य पर्यटन स्थल भी कोणार्क के पास स्थित हैं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

कोणार्क यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में असुविधा हो सकती है। कोणार्क एक अद्भुत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है, जो अपनी प्राचीन वास्तुकला, सूर्य मंदिर और समुद्र तट के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को आकर्षित करती है। अगर आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला के प्रति रुचि रखते हैं, तो कोणार्क एक अवश्य देखे जाने योग्य स्थान है। यह जगह हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

## महिला वकील से मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल; तीन दिन बाद गिरफ्तार वरिष्ठ वकील 14 दिन की हिरासत में



**तिरुवनंतपुरम।** महिला जूनियर वकील से मारपीट के आरोपी वरिष्ठ वकील बेयलिन दास को 13 दिन की फरारी के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। आरोपी के वकील ने जमानत याचिका दी है, जिस पर शनिवार को सुनवाई होगी। महिला जूनियर वकील से कथित मारपीट के मामले में वरिष्ठ वकील बेयलिन दास को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट (कोर्ट नं. 11) रेविथा केजी ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान दास के वकील, दिलीप सथ्यान ने बताया कि उनके मुवक्किल की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई होगी। उन्होंने दावा किया कि उनके मुवक्किल पर लगे आरोप निराधार हैं और दास खुद भी घायल हुए हैं। बता दें कि मारपीट के आरोप के बाद पिछले 13 दिनों से दास फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार, घटना 13 मई को हुई थी, जिसके बाद से दास तिरुवनंतपुरम के अलग-अलग स्थानों में छिपे हुए थे। शुक्रवार को गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले ही उन्होंने अग्रिम जमानत की याचिका भी दाखिल की थी।

केरल बार काउंसिल ने दास पर फिलहाल वकालत करने पर रोक लगा दी है। हालांकि दास की ओर से महिला वकील श्यामिली पर भी हमले का आरोप लगाया गया, जिसे पीड़िता के परिवार ने सिरे से खारिज करते हुए इसे आरोपी को जमानत दिलाने की चाल बताया।

# गुजरात बना सौर ऊर्जा का सिरमौर, पीएम सूर्य घर योजना में सबसे अधिक 34% योगदान

**योजना**

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई थी।**



**गांधीनगर।** राज्य सरकार की संस्था गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 11 मई 2025 तक गुजरात में पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3.36 लाख सोलर रूफटॉप पैनल्स स्थापित किए गए हैं, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नीतिगत दृढ़ता, प्रशासनिक कुशलता और जनसहभागिता का समन्वय किसी भी योजना को राष्ट्रीय सफलता में बदल सकता है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित 3.05 लाख सोलर रूफटॉप पैनल्स के इंस्टॉलेशन्स का लक्ष्य समय से पहले पूरा कर लिया है। राज्य सरकार की संस्था गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 11 मई 2025 तक गुजरात में पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3.36 लाख सोलर रूफटॉप पैनल्स स्थापित किए गए हैं, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। इस योजना के बेहतरीन कार्यान्वयन के कारण आज गुजरात सोलर रूफटॉप इन्स्टॉलेशन्स में देश में अकेले 34त्र का योगदान दे रहा है। यह उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत गुजरात के 3.03 लाख उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से ?2362 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। इस योजना की सफलता में देश के शीर्ष पांच राज्यों की बात करें तो पहले नंबर पर गुजरात के बाद, महाराष्ट्र 1.89 लाख सोलर रूफटॉप पैनल इंस्टॉलेशंस के साथ दूसरे स्थान पर है, उत्तर प्रदेश 1.22 लाख इंस्टॉलेशंस के साथ तीसरे स्थान पर, केरल 95 हजार इंस्टॉलेशंस के साथ चौथे स्थान पर और राजस्थान 43 हजार इंस्टॉलेशंस के साथ पांचवे स्थान पर है। GUVNL के आँकड़ों के अनुसार गुजरात में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत स्थापित 3.36 लाख सोलर रूफटॉप सिस्टम से 1232 मेगावाट से अधिक ऊर्जा सृजित हुई है जो परंपरागत बिजली उत्पादन के 1834 मिलियन यूनिट के बराबर है। यदि इतनी ही ऊर्जा कोयला आधारित संयंत्रों से उत्पन्न की जाती, तो लगभग 1284 मीट्रिक टन कोयले की खपत होती। इस बचत के चलते वातावरण में 1504 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से भी बचाव हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई थी। योजना के तहत नागरिकों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने के साथ-साथ 3 किलोवाट तक की प्रणाली पर ?78 हजार तक की सब्सिडी दी जाती है। इस योजना के लिए कोई भी छत वाला घर मालिक पात्र है। आवेदन की प्रक्रिया सरल और पूरी तरह ऑनलाइन है, https://pmsuryaghar.gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। गुजरात में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की अभूतपूर्व सफलता के पीछे न केवल प्रशासन की दूरदर्शी कार्यप्रणाली की अहम भूमिका रही है, बल्कि यहां की जागरूक जनता और स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्य सरकार ने गांव-गांव और शहर-शहर व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर नागरिकों को योजना के लाभों से अवगत कराया और आवेदन प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाया। यही समन्वित और समर्पित प्रयास आज गुजरात को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित कर रहे हैं।


## करवार बंदरगाह पर पाकिस्तानी नागरिक को भारत में नहीं मिला प्रवेश

**बंगलूरू।** इराक के रास्ते भारत आ रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को देश में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक के करवार बंदरगाह एक जहाज में सवार पाकिस्तानी नागरिक को उतरने नहीं दिया गया और वापस जहाज के साथ भेज दिया गया। कर्नाटक के करवार बंदरगाह पर एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। यह जानकारी भारतीय तटरक्षक बल इंडियन कोस्ट गार्ड - आईसीजी और तटीय सुरक्षा पुलिस कोस्टल सिक्योरिटीप पुलिस - सीएसपी ने दी है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 12 मई की है, जब एक मालवाहक जहाज एमटी आर महासागर करवार बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज इराक से बिटुमिन सड़क बनाने में इस्तेमाल होने वाला पदार्थ लेकर भारत आया था। जहाज पर कुल 17 लोग सवार थे- जिनमें से 14 भारतीय, दो सीरियाई और एक पाकिस्तानी नागरिक था।

## दुनिया के सामने पाकिस्तान का पर्दाफाश करेंगे एनडीए सांसद, मित्र देशों को बताएंगे सच्चाई

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के पार्ट दो के अंतर्गत एनडीए के सांसद दुनिया के दर्जनों मित्र देशों की यात्रा करेंगे और उन्हें पाकिस्तान की सच्चाई बताएंगे। यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिए की जाएगी। सांसदों का यह दौरा 22 मई के बाद शुरू होगा और उन सभी मित्र देशों को किया जाएगा जिन्हें भारत पहलगाम हमले के बाद से ही जानकारी देता रहा है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और आस्ट्रेलिया के साथ-साथ मध्य पूर्व के मुस्लिम देश भी शामिल होंगे। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है।

# भारत की गलती नहीं फिर भी पूरी तत्परता से जलवायु कार्रवाई कर रहा, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री का बयान



**जलवायु**

**भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत पूरी तत्परता से जलवायु कार्रवाई में अपना योगदान दे रहा है।**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संकट का सबसे ज्यादा असर हिमालयी पर्वत शृंखला पर पड़ रहा है। भारत के लिए हिमालय क्षेत्र बेहद अहम है और इस पर पड़ रहे असर को भारतीय हिमालयी राज्यों में साफ तौर पर महसूस किया जा सकता है। भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत पूरी तत्परता से जलवायु कार्रवाई में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि जलवायु संकट में भारत की भूमिका बेहद सीमित है। सागरमाथा संबाद कार्यक्रम के पहले संस्करण में अपने संबोधन में भूपेंद्र यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर पर्वतीय क्षेत्रों में पड़ रहा है। उन्होंने विकसित देशों द्वारा कार्बन बजट में कटौती पर भी नाराजगी जाहिर की। वैश्विक कार्बन बजट, पर्यावरण में कार्बन डाइ ऑक्साइड छोड़े जाने के अनुपात में विकसित देशों द्वारा दिया जाने वाला फंड है। यादव ने कहा कि विकसित देशों ने जलवायु वित्त, तकनीक और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित देशों में क्षमता निर्माण का वादा किया था, लेकिन अब वे इससे मुकर रहे हैं। इससे जलवायु संकट बढ़ रहा है। सागरमाथा संबाद को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ संवाद का मंच नहीं है बल्कि अब हमें एकजुट होकर कार्रवाई करने की जरूरत है। भारत, पीएम मोदी के नेतृत्व में जलवायु कार्रवाई में जितनी जरूरत है, उतना पूरी तत्परता योगदान कर रहा है, जबकि भारत की इस संकट में बेहद कम भूमिका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संकट का सबसे ज्यादा असर हिमालयी पर्वत शृंखला पर पड़ रहा है। भारत के लिए हिमालय क्षेत्र बेहद अहम है और इस पर पड़ रहे असर को भारतीय हिमालयी राज्यों में साफ तौर पर महसूस किया जा सकता है।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि सभी देशों के एकजुट होकर ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की कोशिश करनी होगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया पूरी दुनिया में कुल कार्बन उत्सर्जन का सिर्फ 4 प्रतिशत ही उत्सर्जन करता है, जबकि यहां दुनिया की कुल आबादी की 25 फीसदी आबादी रहती है। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल और अन्य हिमालयी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में 1.42 अरब पेड़ लगे हैं और इनमें से 72 करोड़ पेड़ भारत के हिमालयी क्षेत्र में लगे हैं।

## सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को उनके निर्वाचन क्षेत्र मऊ में जाने के दौरान यूपी के गाजीपुर में उनके घर में रहने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने उस आदेश को संशोधित किया जिसमें अंसारी को दी गई अंतरिम जमानत पर कुछ शर्तें लगाई गई थीं। पीठ ने स्पष्ट किया कि अब्बास अंसारी का गाजीपुर में तीन रातों से अधिक का प्रवास नहीं होगा और गाजीपुर में रहने के दौरान वह कोई सार्वजनिक बैठक नहीं करेंगे।

## बंगाल के कर्मचारियों को 25 प्रतिशत डीए देने का आदेश




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य कर्मचारियों को 25 प्रतिशत डीए के भुगतान का आदेश दिया है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए पश्चिम बंगाल सरकार को डीए के भुगतान के लिए तीन महीने का समय दिया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अगस्त में तय की है। पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों को 18 प्रतिशत डीए मिलता है। इस साल अपने बजट भाषण में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीए में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का एलान किया। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत डीए मिलता है। राज्य के कुछ कर्मचारियों ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर डीए को केंद्र सरकार के बराबर करने की मांग की और लंबित डीए को भी क्लीयर करने की मांग की। इस पर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को कर्मचारियों को 31 प्रतिशत डीए देने का आदेश दिया। बंगाल सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि उच्च न्यायालय के आदेश में कोई गलती नहीं थी और सरकार को राज्य कर्मचारियों को 25 प्रतिशत डीए देने का आदेश दिया।

# इस्राइल ने लगातार तीसरे दिन गाजा पर किया घातक हवाई हमला, 20 लोगों की गई जान

**हमला**

**गौरतलब है कि सात अक्तूबर 2023 के हमास ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला कर 1,200 लोगों को मार डाला।**



**गाजा।** गाजा में शुक्रवार सुबह इस्राइल ने एक बार फिर घातक हवाई हमला किया है। इस हमले में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। इंडोनेशियन अस्पताल में शवों की पुष्टि हुई है।

इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार सुबह एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वहां उपस्थिति पत्रकार ने इंडोनेशियन अस्पताल में 20 शवों को गिनने की पुष्टि की। वहीं दूसरी ओर घायलों और बचावकर्मियों ने बताया कि कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। बता दें कि इस्राइल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमले ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड इन दिनों मिडिल ईस्ट के दौरे पर थे। साथ ही उन्होंने लगातार से इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम कराने के कई अहम प्रयास भी किए हैं।

हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमेरिकी समर्थित संस्था गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे।

ध्यान रहे कि इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इस्राइल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। बात अगर बुधवार की करें तो बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल थे।

गौरतलब है कि सात अक्तूबर 2023 के हमास ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला कर 1,200 लोगों को मार डाला। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा में बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की माने तो इस्राइल के हमले में अब तक लगभग 53,000 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। वहीं लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा।

# ट्रंप का पश्चिम एशिया दौरा पूरा; कई नेताओं से मिले

**समापन**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पश्चिम एशिया दौरे का समापन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में किया।**



**अबू धाबी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पश्चिम एशिया पूरा हो गया है। अपने दौरे के दौरान ट्रंप ने कई मुलाकातें की और कई अहम जगहों का दौरा भी किया। जिसमें अब्राहमिक फैमिली हाउस का दौरा भी शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पश्चिम एशिया दौरे का समापन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में किया। अपने दौरे के आखिरी दिन ट्रंप ने एक कारोबारी सम्मेलन में हिस्सा लिया और उसके बाद एक विशेष धार्मिक स्थल - अब्राहमिक फैमिली हाउस का दौरा किया।

यह धार्मिक स्थल एकता और सहिष्णुता का प्रतीक है, जहां एक साथ एक मस्जिद, एक चर्च और एक सिनेगॉग (यहूदी उपासना स्थल) मौजूद हैं। इसे अब्राहम अकॉर्ड्स के तहत बनाया गया था, जो एक ऐतिहासिक समझौता है। इसके तहत यूएई और कुछ अन्य अरब देशों ने इस्राइल को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह तीन प्रमुख धर्मों – इस्लाम, ईसाई धर्म और यहूदी धर्म – को जोड़ने वाला एक प्रतीक स्थल है।

अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने अबू धाबी में शुक्रवार सुबह एक व्यापारिक बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने यूएई के व्यापार जगत के प्रमुख लोगों से मुलाकात की। इस दौरान व्यापार और निवेश से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं ट्रंप की मौजूदगी के दौरान अबू धाबी की सरकारी एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने घोषणा की कि वह 28 बोइंग विमान खरीदेगी। इनमें बोइंग 787 और 777ङ्ग मॉडल के विमान शामिल हैं। यह सभी विमान जीई इंजन से लैस होंगे और इनके साथ एक सेवाओं से जुड़ा पैकेज भी मिलेगा। हालांकि बोइंग कंपनी की ओर से अभी तक इस सौदे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस सौदे को अमेरिका और यूएई के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों का संकेत माना जा रहा है। ट्रंप इससे पहले सऊदी अरब और कतर भी गए थे, जहां कतर ने अपनी एयरलाइन कतर एयरवेज के लिए बोइंग विमानों का एक बड़ा ऑर्डर दिया।

डोनाल्ड ट्रंप के इस दौरे के दौरान वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में हिंसा की घटनाएं भी हुईं। गाजा में 120 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। हालांकि ट्रंप की ओर से इस पर कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं आई। ट्रंप का यह दौरा मध्य पूर्व में अमेरिका के पुराने संबंधों को मजबूत करने और व्यापार को बढ़ावा देने की एक कोशिश माना जा रहा है।

# माउंट एवरेस्ट से उतरते समय भारतीय पर्वतारोही की मौत



**काठमांडू।** एक 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। दावा किया जा रहा है कि ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या होने पर भारतीय पर्वतारोही की जान गई। मृतक भारतीय पर्वतारोही की पहचान सुब्रत घोष के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस सीजन में माउंट एवरेस्ट पर मरने वाले सुब्रत घोष दूसरे विदेशी पर्वतारोही हैं। नेपाली मीडिया ने ट्रैकिंग कराने वाली एजेंसी के एमडी बोधराज भंडारी के हवाले से बताया कि सुब्रत घोष की जान माउंट एवरेस्ट की चोटी से ठीक नीचे हिलेरी स्टेप पर हुई। भंडारी ने बताया कि सुब्रत अपने गाइड के साथ दोपहर करीब दो बजे माउंट एवरेस्ट पहुंचे थे। वहां से उतरने के दौरान उन्हें बेहद थकान हुई और ऊंचाई से होने वाली बीमारी के लक्षण दिखाई दिए। भंडारी ने सुब्रत को ले जाने वाले गाइड चंपाल तमांग के हवाले से बताया कि सुब्रत ने आगे बढ़ने से इनकार कर दिया। सुब्रत के इनकार के बाद गाइड चंपाल देर रात तक कैंप-4 पर वापस लौट आया और सुबह घटना के बारे में जानकारी दी।

भंडारी ने बताया कि अब सुब्रत के शव को वापस लाने की तैयारी हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घोष पर्वतारोही संगठन, कृष्णानगर-स्नो एवरेस्ट एक्सपीडिशन 2025 का हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि बीती 14 मई को फिलीपींस के पर्वतारोही 45 वर्षीय फिलिप-2 सेंटियागो की भी एवरेस्ट पर चढ़ाई की तैयारी करते हुए मौत हो गई थी। अब तक इस सीजन में 50 से ज्यादा पर्वतारोही सफलतापूर्वक एवरेस्ट की चढ़ाई कर चुके हैं। 450 से ज्यादा पर्वतारोहियों को चढ़ाई शुरू करने की मंजूरी दी जा चुकी है।

# भूकंप में ढही बैंकॉक की इमारत बनाने वालों पर शिकंजा, धांधली के आरोपों के बाद बिल्डर का आत्मसमर्पण



**बैंकॉक।** मार्च महीने के अंत में म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप के कारण बैंकॉक में एक गगनचुंबी इमारत गिरने के मामले में धांधली के आरोपों के बाद उसे बनाने वाले बिल्डर ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस भूकंप में म्यांमार और थाईलैंड में करीब पांच हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। म्यांमार में इस साल 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के कारण थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक ऊंची इमारत के ढहने के मामले में एक दिग्गज बिल्डर, डिजाइनर और इंजीनियर्स ने शुक्रवार को आपराधिक लापरवाही के आरोप में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। मामले में बैंकॉक के उप पुलिस प्रमुख नोप्पासिन पूनसावत ने बताया कि भवन परियोजना के मुख्य थाई ठेकेदार, इटालियन-थाई डेवलपमेंट कंपनी के अध्यक्ष प्रेमचाई कर्णसुता, डिजाइनरों और इंजीनियरों समेत 17 लोगों पर पेशेवर लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाया गया है। अब इस हादसे को लेकर पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है, जिसमें 92 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, जिन लोगों पर आरोप है, उन्होंने पुलिस के सामने जाकर आरोपों से इनकार किया है। इनमें से कई ने पहले भी मीडिया में आरोपों को झूठा बताया था। 28 मार्च को आएर विनाशकारी भूकंप का केंद्र म्यांमार था, लेकिन उसका असर थाईलैंड में भी महसूस हुआ। इस दौरान सिर्फ यही एक इमारत गिरी। इसमें काम कर रहे दर्जनों मजदूर और कर्मचारी मलबे में दब गए, जिसमें कुल 92 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। फिलहाल डीएनए जांच के जरिए अभी भी शवों की पहचान का काम चल रहा है, लेकिन मलबे से शव निकालने का काम रोक दिया गया है। बैंकॉक के डिप्टी पुलिस चीफ नोपसिन पूनसावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विशेषज्ञों की रिपोर्ट के अनुसार बिल्डिंग का डिजाइन और निर्माण तय मानकों पर खरा नहीं उतरा। पुलिस जांच में सामने आया कि, लिफ्ट शाफ्ट की संरचना में गंभीर खामी थी। सीमेंट और स्टील घटिया क्वालिटी के थे। बिल्डिंग की डिजाइन को लेकर दस्तावेजों में अनियमितताएं थीं। थाई मीडिया भी इस हादसे की रिपोर्टिंग लगातार कर रहा है और कई घोटालों की बात सामने आई है। इस प्रोजेक्ट में थाई कंपनी इटालियन-थाई ने एक चीनी कंपनी चाइना रेलवे नंबर 10 के साथ साझेदारी की थी। जांच में सामने आया है कि इस चीनी कंपनी ने थाई व्यापारिक कानून का उल्लंघन किया। झांग चुआनलिंग नाम के अधिकारी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उस पर आरोप है कि उसने अवैध रूप से थाई नागरिकों के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर चीन की कंपनी को नियंत्रित किया। इस आरोप में तीन और थाई अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह पहला मौका नहीं है जब प्रेमचाई कानून के शिकंजे में फंसे हैं। 2019 में उन्हें जंगल में शिकार के मामले में दोषी पाया गया था। उस केस में उन्होंने एक दुर्लभ काले तेंदुए, एक बाघ और एक हिरण का शिकार किया था। वन अधिकारियों ने 2018 में उन्हें एक संरक्षित जंगल में पकड़ा था, जहां तेंदुए का मांस पकाया भी जा चुका था। इस मामले में उन्हें करीब 3 साल जेल की सजा हुई थी।

# डीएम ने सई नदी पर निर्माणाधीन सेतु का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा गुरुवार सायं विधानसभा बदलापुर के ग्राम थन्ह्वा, कल्यानपुर में सई नदी पर निर्माणाधीन सेतु का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों एवं ग्राम प्रधान से संवाद किया तथा सेतु निर्माण के कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि सेतु निर्माण का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है तथा बीच-बीच में कार्य बंद भी हो जाता है, जिसपर ठेकेदार एवं अधिशासी अभियंता सेतु निगम के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में दिसम्बर 2025 तक निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा इसका प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा तहसील बदलापुर की ग्राम पंचायत राईपुर में जल जीवन मिशन की हर घर जल परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओवरहेड टैंक बना पाया गया तथा सोलर पैनल भी लगा हुआ पाया गया। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि परियोजना के माध्यम से गाँव में अब अधिकांश घरों में नल लग गए हैं एवं ससमय पानी की सप्लाई भी हो रही है। स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल में भी पानी की सप्लाई हो रही है। जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं भी नल चालू कर परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना पूर्ण रूप से क्रियाशील पायी गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उपजिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तैराकों ने निकाली सेना को समर्पित जल तिरंगा यात्रा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तिरंगा यात्रा का एक अनोखा आयोजन देखने को मिला। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में जल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस विशेष यात्रा में सैकड़ों राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय तैराक शामिल हुए। तैराकों ने जल में तिरंगा थामे हुए भारत माता की जय और सेना के जयकारे लगाए। पुरुष तैराकों के साथ महिला तैराक भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। यह आयोजन भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और समर्पण को समर्पित था। महिला तैराकों ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरणा लेकर इस साहसी यात्रा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जैसे जमीन और आकाश में तिरंगा यात्रा निकाली जाती है, वैसे ही जल में भी यह अनूठी पहल की गई। सभी तैराकों ने स्वीकार किया कि पानी में तिरंगा यात्रा निकालना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन देशभक्ति की भावना ने उन्हें प्रेरित किया। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने जोश और गर्व से तिरंगा लहराया। इस जल तिरंगा यात्रा ने साबित किया कि देशभक्ति का प्रदर्शन किसी भी माध्यम से किया जा सकता है। यह यात्रा राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक अनूठा उदाहरण बन गई।

# देर रात कचगांव में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**वाहन चालकों में मचा रहा हड़कम्प**

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र में बढ़ते अपराध के दृष्टिगत जफराबाद पुलिस द्वारा क्षेत्र के कचगांव बाजार में आधी रात को बैरियर लगाकर कई घण्टों का वाहनों की चेकिंग की गई। उक्त चेकिंग अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह व थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव द्वारा कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही पुलिस ने वाहनों की चेकिंग भी की। रात में सिरकोनी-कुद्दूपुर-रसैना मार्ग से आने-जाने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करते हुए तमाम वाहनों का चालान भी किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी देवेश सिंह की अगुवाई में जफराबाद पुलिस द्वारा देर रात दर्जनों से वाहनों के कागजात चेकिंग की गई। पुलिस की इस कार्यवाही सें उक्त रास्ते से गुजरने वाले वाहनों चालकों में हड़कम्प मचा रहा। रात्रि में बाजार में घुम रहे लोगों से सीओ सिटी ने आवश्यक पूछताछ की। इस संबंध में सीओ सिटी देवेश सिंह ने बताया कि रात्रि में वाहन चेकिंग अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया है। इस दौरान जो भी संदिग्ध युवक घूमते पाए गए हैं उनसे पूछताछ की गई और वाहन चेकिंग के दौरान लोगों के लाइसेंस व आरसी पेपर चेक किए गए जिनमें कई गाड़ियों पेपर न पाए जाने पर उनका चालान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस बुथ छुन्छा का एसपी ग्रामीण ने फीता काट कर किया शुभारंभ



**जौनपुर। (सराय ख्वाजा), अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के क्षेत्र के शिकारपुर चौकी अंतर्गत छुन्छा में नवनिर्मित पुलिस बूथ का अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। पंडित के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा पाठ किया गया। एएसपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि चौराहे पर एक नए बूथ का शुभारंभ होने से अपराधियों में भय रहेगा घटनाओं को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में 109 पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं। क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने भी संबोधित किया। थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ,शिकारपुर चौकी इंचार्ज गिरीश मिश्रा, हैंड कांस्टेबल प्रवेश दुबे, सुधीर दुबे,विस्मबर राय, कांस्टेबल रविशंकर शाह सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद थे।

### आकाश यादव अध्यक्ष सुरज उपाध्यक्ष राम बहादुर बने मंत्री



**जौनपुर (रामपुर) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकासखंड रामपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से संघ का गठन शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अभय सरोज (खंड विकास अधिकारी) के नेतृत्व एवं अवध नारायण (सहायक विकास अधिकारी पंचायत) की अध्यक्षता मेंविकासखंड रामपुर के सभागार में आकाश कुमार यादव अध्यक्ष, सूरज कुमार कनौजिया उपाध्यक्ष, राम बहादुर मंत्री, राजकुमार सरोज कोषाध्यक्ष, एवं अभय कुमार सरोज को संप्रेक्षक चुना गया?। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकाश कुमार यादव ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वे संगठन के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर अरुण कुमार (ए डि ओ आइ एस बी) चंद्रेश कुमार, दीपक कुमार सरोज, विजय द्विवेदी, राणा कौशिक, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, सचदेव, संतोष कुमार ,मकसूद आलम , जितेंद्र पटेल संजय कुमार पटेल,सोनू सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस दि. 17 मई को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह तहसील करहल में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील करहल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील किशनी में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील घिरोर में जन-समस्याएं सुनेंगे।

### व्यापार बंधु की बैठक 28 मई को

**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर ने बताया कि व्यापार बंधु की बैठक दि. 28 मई को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपरान्ह 05 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत की जायेगी। उन्होने समिति के सदस्यों, सम्बन्धित अधिकारियों से अद्यतन सूचनाओं के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

# मिस्टर फेयरवेल शशांक, मिस फेयरवेल सानिया सोनी बनीं

**अवधनामा संवाददाता**

**बी.एससी. के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में बी.एससी. बायो ग्रुप के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के छात्रों ने तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव गौड़ (अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷ज्ञान एवं समर्पण के साथ ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।÷ उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने छात्रों को शोधपरक शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ. ऋषि श्रीवास्तव, डॉ. संजीव मौर्य, डॉ. अवधेश मौर्य एवं डॉ. दिनेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल का खिताब शशांक यादव को एवं मिस फेयरवेल का खिताब सानिया सोनी को प्रदान किया गया। संचालन एवं आयोजन में अंशिका सिंह, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, आकाश यादव, साहिल कश्यप, दिव्यांशी साहू, सौम्या त्रिपाठी एवं रिया सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर व्यवस्थापक धीरज श्रीवास्तव एवं बी.एससी. बायो के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 19 मई को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 19 मई को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि0, उद्योग नगर, नैनी, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10ः00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी याजिकी इण्डिया प्रा0लि0, कृष्णा मारूति प्प्रा0लि0, मदरसन मेट ऑटोमटिव एवं द गोल इण्डिया आदि द्वारा लगभग 550 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी0टेक0, ड्रेस मेकिंग ट्रेड कोर्स उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# उ.प्र. ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन 18मई 2025 को

**विकास भवन में जुटेंगे पूरे जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारी**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा जौनपुर के अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन 18 मई 2025 दिन रविवार को विकास भवन सभागार जौनपुर में संपन्न होगा। डॉ सिंह ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के समस्त विकास खंडो में विकासखंड इकाइयों का गठन पूर्ण हो चुका है जिसमें विकासखंड बदलापुर मे रणजीत सिंह अध्यक्ष एवं सत्यम प्रकाश यादव मंत्री, बरसठी में अमित कुमार यादव अध्यक्ष एवं महेंद्र प्रताप मंत्री, बक्शा में विजय भान यादव अध्यक्ष एवं महेश तिवारी मंत्री, धर्मापुर में राजेश कुमार यादव अध्यक्ष एवं अखिलेश कुमार मंत्री, डोभी में किशन कुमार अध्यक्ष एवं पंकज कुमार गौतम मंत्री, जलालपुर में डॉ प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष एवं दिनेश राजभर मंत्री, करंजाकला में नागेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष एवं नवनीत सिंह मंत्री, केराकत में आसिफ अंसारी अध्यक्ष एवं मटरू राम मंत्री, खुटहन में सिम्मी सिंह अध्यक्ष एवं उमेश कुमार यादव मंत्री, मुंगरा बादशाहपुर में आशीष कुमार यादव अध्यक्ष एवं शशिकांत तिवारी मंत्री, महराजगंज में विनय कुमार यादव अध्यक्ष एवं विकास यादव मंत्री, मड़ियाहू में अजीत प्रताप सिंह अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार मंत्री, मछली शहर में सुशील कुमार उपाध्याय अध्यक्ष एवं शैलेंद्र कुमार पटेल मंत्री, मुफ्तीगंज में प्रवीन कुमार सिंह अध्यक्ष एवं हरिहर लाल मंत्री, रामनगर में मनोज कुमार यादव अध्यक्ष एवं उदय राज मंत्री, रामपुर में आकाश यादव अध्यक्ष एवं राम बहादुर मंत्री, शाहगंज में संजय यादव अध्यक्ष एवं दीपक सिंह मंत्री, सिकरारा में राजकुमार पांडेय अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार यादव मंत्री, सिरकोनी में श्याम बहादुर यादव अध्यक्ष एवं मो. साजिद अंसारी मंत्री, सुंइथाकला में जयप्रकाश मौर्य अध्यक्ष एवं राजकुमार पटेल मंत्री तथा सुजानगंज में सौरभ सिंह अध्यक्ष तथा अजय सरोज मंत्री निर्वाचित हुए हैं। डॉ सिंह ने जनपद के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों से अपील किया कि आप सभी निश्चित तिथि एवं समय पर द्विवार्षिक अधिवेशन में अपनी सहभागिता करें तथा संगठन की एकता एवं मजबूती को अपने हित एवं पावनों के लिए अधिक सशक्त बनावें।

# विश्वविद्यालय परिसर में इसी सत्र से स्नातक की कक्षाएं होगी गतिमान

**अवधनामा संवाददाता**

**निरीक्षण में शि.ने.का. की परीक्षा सुचिता से संतुष्ट दिखे कुलपति**

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के कुलपति ने शिब्ली नेशनल कॉलेज में एक प्रेस वार्ता के दौरान आजमगढ़ और मऊ जनपद के छात्र-छात्राओं को एक अनमोल तोहफा देते हुए यह अवगत कराया कि विश्वविद्यालय परिसर में अब स्नातक-कला, स्नातक- विज्ञान वर्ग, स्नातक वाणिज्य-विभाग एव बी. बी. ए. सहित अन्य कई टेक्निकल विभागों को नए सत्र से संचालित कर दिया जाएगा। प्रेस वार्ता के उपरांत साथ ही महाविद्यालय चल रही परीक्षा कि सुचिता को भी परखा। कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रक्रिया पंजीकरण के उपरांत यदि कोई अभ्यर्थी महाराजा सुहेलदेव यूनिवर्सिटी आजमगढ़ परिसर में प्रवेश लेना चाहता है तो उसे पंजीकरण के उपरांत ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरना होगा, सर्वप्रथम ऑप्शन वन में यूनिवर्सिटी केंपस को क्लिक करना होगा और उसके उपरांत अगली प्रक्रिया क्रमवार पूर्ण करना होगा, ध्यान रखिए कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ की प्रवेश संबंधित आधिकारिक वेबसाइट पर इसका सारा डिटेल उपलब्ध है, पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा और एक ईमेल आईडी एवं फेन नंबर से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा इसलिए सही और सक्रिय ईमेल आईडी एवं फेन नंबर का ही उपयोग करें क्योंकि ओटीपी आपके द्वारा दिए गए ईमेल एवं फेन नंबर पर भेजा जाएगा। तदोपरांत अपना पूर्ण विवरण यानी माता-पिता का नाम ईमेल आदि भरकर अपनी प्रोफइल पूर्ण कर लेंगे इसके उपरांत छात्राएं अपना फेटो वह हस्ताक्षर आदि अपलोड करेंगे तत्पश्चात पंजीकरण शुल्क जमा करेंगे प्रोफइल पूर्ण करने के उपरांत 300 का भुगतान वेबसाइट पर दिए गए पेमेंट गेटवे के माध्यम से करेंगे यदि खाते से रुपया कट जाए लेकिन भुगतान सफल न हो तो कम से कम 48 घंटे तक दोबारा भुगतान न करें भुगतान सफल होते ही आपका रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें आप अपने पंजीकरण का प्रिंट आधार पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही कुलपति ने यह भी अवगत कराया की यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है तो उसे केवल पहले पंजीकरण करना होगा विश्वविद्यालय से जुड़े जनपदवासियों का ख्वाब निश्चित ही पूर्ण होगा।

## नैनी में वकीलों से मारपीट पर हाईकोर्ट चौराहे पर चक्का जाम

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील आकाश मिश्रा के साथ मारपीट के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों वकीलों ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने हाईकोर्ट फ्लाईओवर के बाहर धरना देकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने इंस्पेक्टर नैनी और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 307 के तहत स्नढ्ढक्रदर्ज करने की मांग की।

आकाश मिश्रा ने बताया कि वह वर्दी में नैनी इलाके में जा रहे थे। तभी स्थानीय दरोगा और पुलिसकर्मियों ने बिना कारण उन्हें रोक लिया। उनके साथ गाली-गलौज की और सिर पर डंडे से हमला किया। वकील के सिर पर गहरी चोट आई और पांच टांके लगे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें गंभीर हालत में छोड़ दिया। घटना के दस मिनट बाद एक राहगीर ने घायल आकाश मिश्रा को अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही हाईकोर्ट परिसर में वकीलों में रोष फैल गया।

प्रदर्शनकारी वकीलों की मांग है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# तुर्की और अज़रबैजान के साथ व्यापार बहिष्कार करेंगे भारत के व्यापारी

**भारतीय व्यापारी नेताओं ने कैट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया निर्णय**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राजधानी दिल्ली में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अज़रबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है। यह जानकारी कैट उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेन्द्र गोयल ने दी है। उन्होंने बताया कि व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्की और अज़रबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें, और यदि कोई फिल्म वहाँ शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसे फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अज़रबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा। इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन सभी ताकतों का सख्ती से विरोध करने का संकल्प लिया जो भारत के खिलाफ खड़ी हैं। यह प्रस्ताव तुर्की और अज़रबैजान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के पक्ष में खुले समर्थन के संदर्भ में पारित किया गया है, जब भारत एक संवेदनशील और गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारिक समुदाय का मानना है कि यह भारत के साथ एक प्रकार का विश्वासघात है, विशेष रूप से उस मानवीय एवं कूटनीतिक सहायता को देखते हुए जो भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकट के समय इन देशों को प्रदान की थी।

## विद्युत केबल बदलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शुक्रवार को वार्ड नंबर 6 पांडे बाजार के वार्ड वासियों समेत वार्ड सभासद वह उनके प्रतिनिधि अनूप श्रीवास्तव द्वारा अधिशासी अभियंता को वार्ड नंबर 6 पांडे बजार तिराहा से पांडे बाजार चौराहा तक की खराब केवल को बदलवाने के लिए अवगत कराया गया। अधिशासी अभियंता द्वारा कहा गया कि वार्ड नंबर 6 पांडे बाजार तिराहे से चौराहा तक की खराब तार को बदलकर नया लाल लगाया जाएगा इस मौके पर अनूप श्रीवास्तव पूर्व सभासद. रवि. पवन गौड. प्रदीप. विपुल. शुभम. अमित. प्रिंस.अमित. अविनाश सिंह.प्रमोद सिंह.माता प्रसाद सिंह.आदि लोग उपस्थित रहे।

# खेलों में दबदबा कायम कर रहे विद्या भारती के खिलाड़ी



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसकी इसी महत्ता को ध्यान में रखकर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान शिक्षण के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिणाम दे रही है। विद्या भारती से संबंधित विद्यालयों के खिलाड़ी भैया एवं बहन लगातार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्कूल नेशनल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, जूनियर नेशनल जैसी प्रतियोगिताओं में तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदकों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक यूनिट (राज्य इकाई) के रूप में मान्यता भी प्रदान किया है। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के खेलकूद प्रमुख जगदीश कुमार सिंह के अनुसार इस वर्ष आयोजित 68वें स्कूल नेशनल में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश से 18 खेल विधाओं में 170 भैया व 86 बहने कुल मिलाकर 256 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक प्राप्त किया है द्य एस.जी.एफ.आई. द्वारा आयोजित नेशनल स्कूल नेशनल में अंडर 17 वॉलीबॉल की टीम ने उत्तर प्रदेश को फाइनल मैच में हराकर विद्या भारती ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया द्य इसी के साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से 10 खिलाड़ियों का चयन 4 खेल विधाओं में हुआ था।

## गंदगी से लोगों का हाल बेहाल, सफाई की मांग



**प्रयागराज।** राजापुर मदरसे के नजदीक स्थित बारी मस्जिद नाले के पास के निवासियों ने स्थानीय प्रशासन से क्षेत्र में व्याप्त गंदगी और अव्यवस्थाओं के समाधान की अपील की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में कूड़ा और गंदगी के कारण बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि नाले का कूड़ा बाहर रखा गया है, जिससे घरों में बदबू आ रही है। सड़कों पर कचरा पड़ा रहता है और नालियां और नल बंद हैं। लोगों ने आरोप लगाया है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे गंदगी का माहौल बना रहता है। इस बाबत मोहल्ला वासियों ने सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। सफाई व्यवस्था की निगरानी की व्यवस्था की जाए और कूड़े को तत्काल हटवाया जाए। मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से इन समस्याओं का समाधान करने का निवेदन किया है ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य का माहौल बनाया जा सके।

# नमाजियों और राहगीरों को पिलाया शर्बत

**तपती गर्मी में बहादुरगंज के लोगों ने पेश की इंसानियत की मिसाल**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी के प्रकोप से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं बहादुरगंज के लोगों ने शुक्रवार को साबुन गढ़ मस्जिद से जुमे की नमाज के बाद एक सराहनीय पहल की। नमाज पढ़कर निकल रहे नमाजियों और राहगीरों को तपती धूप में राहत पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों ने ठंडे शर्बत की व्यवस्था की।

दोपहर की चिलचिलाती धूप में जब नमाजी मस्जिद से बाहर निकल रहे थे, तो बहादुरगंज के उत्साही युवाओं और बुजुर्गों ने उन्हें रोककर ठंडा शर्बत पिलाया। इस दौरान राहगीरों को भी शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की। शर्बत पीकर नमाजियों और राहगीरों के चेहरे पर सुकून दिखा। कई लोगों ने इस नेक काम के लिए आयोजकों का शुक्रिया अदा किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में हर किसी को राहत पहुंचाने का यह एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखने की बात कही। बहादुरगंज के लोगों द्वारा किया गया यह कार्य निश्चित रूप से समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करता है। तपती गर्मी में ठंडे शर्बत की यह पहल न केवल लोगों को राहत पहुंचाती है, बल्कि इंसानियत का भी एक सुंदर उदाहरण पेश करती है।

# जिलाधिकारी ने की समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में समस्त अधिशासी अधिकारियों के आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं टाइड,अनटाइड ग्रान्ट द्वारा नगर पालिका,नगर पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि टाइड,अनटाइड ग्रांट से होने वाले कार्यों का पुनः आकलन करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिशासी अधिकारी कराए जाने वाले कार्यों का एक प्रमाण पत्र देंगे कि उपरोक्त कार्य को कराया जाना अत्यंत आवश्यक है एवं इसका भी प्रमाण पत्र देंगे कि उपरोक्त कार्य पिछले कार्य योजना में शामिल नहीं है अथवा कराया नहीं गया है एवं उक्त कार्य किसी अन्य योजना में प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार कराए जाने वाले कार्यों का टेंडर समय से करा लें। शासन द्वारा जारी वित्तीय नियमों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को तत्काल निस्तारित करेंएवं शिकायत करने वाले लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर उनको आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय में आवेदनों के सापेक्ष व्यक्तियों का सर्वे कर पात्र लाभार्थियों का नाम सर्वे लिस्ट में शामिल करें। उन्होने कहा कि यदि किसी पात्र लाभार्थी के पास आवास बनाने के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है, तो संबंधित उप जिलाधिकारी से मिलकर आवास निर्माण के लिए जमीन का पट्टा करायें। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को ऑनलाइन/डिजिटली पेमेंट कराने के लिए प्रोत्साहित करें एवं इसके लाभों के बारे में भी बताएं। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी बारिश की दृष्टिगत शीर्ष प्राथमिकता पर यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी पानी का जल जमाव न हो। उन्होंने कहा कि शहर के एंट्री पॉइंट, बाजार एवं मेन रोड के किनारे सफई का विशेष ध्यान दें, कहीं भी कूड़ा-कचरा नहीं दिखाई देना चाहिए।

## सोना 1400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं, चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई। आइए जानते हैं सर्राफा बाजार का विस्तृत हाल।

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,400 रुपए की बढ़त के साथ 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के भाव पर कारोबार करता दिखा। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमशः 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# व्यापारिक संगठनों की सरकार से अपील, तुर्की और अजरबैजान से बंद हो व्यापार



**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की और अजरबेजान जैसे देशों का पाकिस्तान को खुला समर्थन देना भारत के लोगों को रास नहीं आया है। भारतीयों की ओर से उनका बहिष्कार किया जा रहा है। इस बीच, देश के सभी व्यापारी संगठनों ने भारत सरकार से इन देशों से सभी प्रकार के व्यापार बंद करने का आग्रह किया है। व्यापारियों के संगठन कैट ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान को हाल ही में दिए गए ÷समर्थन÷ का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

देश के अन्य संगठनों ने भी अपने सभी व्यापारियों से कहा है कि वे ग्राहकों को सामान देते हुए बताएं कि यह उत्पाद तुर्की और अजरबैजान का है और दूसरा इन देशों के उत्पादों का प्रचार नहीं किया जाए। महाराष्ट्र के व्यापारी भी इसमें पीछे नहीं हैं। महाराष्ट्र में नवी मुंबई एपीएमसी मार्केट एसोसिएशन, चेम्बर ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड (सीएएमआईटी) और मुंबई मेवा मसाला मर्चेंट एसोसिएशन सहित मुंबई फ्रूट संगठनों ने भी सरकार से आग्रह किया है कि इन दोनों देशों के बीच व्यापार पर रोक लगाई जाए। चेम्बर ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड (सीएएमआईटी) के अध्यक्ष दिपने अग्रवाल कहते हैं, हमने सरकार से आग्रह किया है, कि पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले दोनों देशों तुर्की और अजरबैजान से के साथ कारोबार पर रोक लगाई जाए। भारती जनभावनाओं के साथ एक जुटता दिखाते हुए राष्ट्र सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए संगठन और महाराष्ट्र भर में उसके जुड़े संगठन तुर्की और अजरबैजान की संस्थाओं के साथ अपने व्यापारिक लेन-देन को स्वेच्छा से तत्काल प्रभाव से निलंबित करेंगे। वहीं नवी मुंबई एपीएमसी मार्केट एसोसिएशन के अनुसार तुर्की से सबसे अधिक फलों का आयात होता है, जिसमें सेब, अंगूर, लीची, बेर और चेरी का आयात मुख्य है। हमने कारोबारियों को उनकी संस्थाओं से कारोबार नहीं करने का अनुरोध किया है। मुंबई मेवा मसाला मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश गणात्रा कहते हैं, देखिए अभी सरकार की ओर से कारोबार बंद करने का कोई आदेश नहीं आया है, लेकिन एक देशभक्त होने के नाते हम सभी व्यापारियों का फर्ज बनता है कि हम वहां से जुड़ी कारोबारी संस्थाओं से कारोबार नहीं करें। ड्राईफ्रूट्स में तुर्की से अंजीर, एप्रिकॉट, हैजलनट और किशमिश आते हैं। हमने अपने सभी व्यापारियों से कहा है कि वे ग्राहकों को उत्पाद बेचने से पहले यह बताए कि यह उत्पाद तुर्की या अजरबैजान का है। दूसरा वे वहां के उत्पादों का प्रचार नहीं करें। इससे उत्पाद की बिक्री कम होगी। वहीं कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देश भर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया, कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अजरबैजॉन के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों को पूर्ण बहिष्कार करेंगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस25 एज के लिए प्री-बुकिंग की घोषणा की, कीमत 109,999 रुपये से शुरू



**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंगने आज अपने श्रेणी को परिभाषित करने वाले गैलेक्सी एस25 एजके लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह गैलेक्सी एस सीरीज़ का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है। स्टाइल और ताकत को ध्यान में रखकर बनाया गया, गैलेक्सी एस25 मजबूत टाइटेनियम बॉडी में प्रीमियम, प्रो-लेवल परफॉर्मेंस का नया बैलेंस प्रदान करता है। एस25 एज एस सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाता है, इसमें एक आइकॉनिक गैलेक्सी एआई-इनेबल्ड कैमरा दिया गया है और यह एक पोर्टेबल डिवाइस में रचनात्मकता के नये द्वार खोलता है। गैलेक्सी एस25 एज, 5.8 mm के पतले चेसिस के साथ, इंजीनियरिंग की दुनिया में एक शानदार उपलब्धि है। यह स्मार्टफोन डिज़ाइन के लगभग हर तत्व को फिर से परिभाषित करता है। इसका हल्का महज 163 ग्राम वजन वाला फ्रेम स्टाइल और कार्यक्षमता दोनों में अव्वल है। यह स्लिम स्मार्टफोन्स को नए स्तर पर ले जाता है और गैलेक्सी एस सीरीज़ की एक जैसी डिज़ाइन को बनाए रखता है।

अपनी खूबसूरत, स्लिम डिज़ाइन के साथ यह फोन बेजोड़ मजबूती भी लेकर आता है। इसके घुमावदार किनारे और मज़बूत टाइटेनियम फ्रेम रोज़मर्रा के इस्तेमाल में शानदार सुरक्षा देते हैं। फ्रंट डिस्प्ले में इस्तेमाल हुआ नयाकॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास सिरैमिक 2न सिर्फ बेहतरीन चमक देता है, बल्कि असाधारण मजबूती भी प्रदान करता है। गैलेक्सी एस25 एज का पतला और हल्का डिज़ाइन यूजर्स के लिए कभी भी, कहीं भी यादगार पल कैप्चर करना और अपनी क्रिएटिविटी दिखाना आसान बनाता है। 200 एमपी का वाइड लेंसगैलेक्सी एस सीरीज़ के शानदार कैमरा अनुभव को बरकरार रखता है और नाइटोग्राफी को नए स्तर पर ले जाता है। इसकी अल्ट्रा-हाई रेजोल्यूशन से तस्वीरें बेहद शार्प और कम रोशनी में 40% बेहतर चमक के साथ स्पष्ट रहती हैं। यह स्मार्टफोन 12 एमपी के अल्ट्रा-वाइड सेंसर ऑटो फोकस के साथ आता है, जो मैक्रो फोटोग्राफी को और रचनात्मक बनाता है जिससे और अधिक रचनात्मक लचीलापन मिलता है। गैलेक्सी एस25 एज में गैलेक्सी एस25 के लिए ऑप्टिमाइज़्ड प्रोविजुअल इंजन का उपयोग किया गया है, जो कपड़ों, पौधों और पोर्ट्रेट में प्राकृतिक रंगों के लिए शार्प डिटेल्स सुनिश्चित करता है।

## पीपीएस मोटर्स ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के 'पहले दिन और रात' भारतबेंज वर्कशॉप का उद्घाटन किया



**लखनऊ।** पीपीएस मोटर्स, भारत के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल रिटेल समूहों में से एक का हिस्सा, ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े और 'पहले दिन और रात भारतबेंज वर्कशॉप' के शुभारंभ की घोषणा की। इस सुविधा का उद्घाटन डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स के क्षेत्रीय सेवा प्रबंधक श्री सईद फैसल की उपस्थिति में हुआ, साथ ही दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन में 75 से अधिक प्रमुख ग्राहकों, फ्लीट ऑपरेटरों और व्यापारिक साझेदारों ने भाग लिया।

लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर बंथरा, जुनबगंज में रणनीतिक रूप से स्थित, यह आधुनिक 60,000 वर्ग फुट की सुविधा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण वाणिज्यिक वाहन सेवा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। 15 उन्नत सर्विस बे के साथ, जो प्रति वर्ष लगभग 7,500 वाहनों को आसानी से सेवा प्रदान कर सकते हैं, और 85 प्रशिक्षित पेशेवरों की समर्पित टीम के साथ, यह वर्कशॉप दिन और रात दोनों समय में वाहन रखरखाव और मरम्मत के उच्च मात्रा को संभालने के लिए सुसज्जित है। इस सुविधा में वातानुकूलित ड्राइवर विश्राम क्षेत्र भी शामिल हैं, जो सर्विस के दौरान प्रतीक्षा समय में आराम सुनिश्चित करते हैं। यह वर्कशॉप पास के एक्सप्रेसवे और रिंग रोड निर्माण परियोजनाओं सहित बुनियादी ढांचे से भारी क्षेत्रों में तैनात भारतबेंज फ्लीट को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

ट्रक सर्विसिंग के अलावा, यह वर्कशॉप लखनऊ और आसपास के जिलों में बस ऑपरेटरों की जरूरतों को भी पूरा करेगा।

## टाटा.ईवी ने भारत की ईवी यात्रा को दी रफ्तार, लॉन्च किए 10 टाटा.ईवी मेगाचार्जर्स

**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी 4-व्हीलर ईवी निर्माता और देश की ईवी क्रांति की अग्रणी कंपनी टाटा.ईवी ने आज अपने पहले 10 टाटा.ईवी मेगाचार्जर्स का उद्घाटन किया। यह हाई-स्पीड चार्जर्स की सीरीज चार्जज़ोन और स्टैटिक के साथ साझेदारी में शुरू की गई है, जो टाटा.ईवी की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है जिसके तहत कंपनी ने 2027 तक देशभर में चार्जिंग पॉइंट्स की संख्या को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 4 लाख करने का लक्ष्य रखा है।

भारत में इलेक्ट्रिफिकेशन के अगले चरण को गति देते हुए, टाटा.ईवी ने अपने ओपन कोलेबोरेशन फ्रेमवर्क के माध्यम से न केवल कई चार्ज प्वाइंट ऑपरेटर (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ मजबूत साझेदारियाँ की हैं, बल्कि प्रमुख राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज़ी से विस्तार भी किया है। इसी फ्रेमवर्क के अंतर्गत टाटा.ईवी मेगाचार्जर नेटवर्क की शुरुआत की गई है, जो



हाई-स्पीड चार्जिंग और बेहतरीन विश्वसनीयता प्रदान करेगा।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर श्री बालाजी राजन ने पहले 10 टाटा.ईवी मेगाचार्जर साइट्स के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, जब भारत में ईवी अपनाने की गति तेज हो रही है, तब एक व्यापक और भरोसेमंद चार्जिंग नेटवर्क समय की मांग है। देश के प्रमुख ईवी कॉरिडोर्स में इन पहले 10 TATA.ev मेगाचार्जर साइट्स की स्थापना एक सुपरफास्ट चार्जिंग नेटवर्क की शुरुआत है, जिसे हम देश के बड़े राजमार्गों पर फैलाएंगे। यह नेटवर्क भारत के सभी प्रमुख शहरों को जोड़ते हुए चार्जिंग की चिंता को खत्म करेगा। हमारा मिशन है तेज़, भरोसेमंद और सहज चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराना ताकि देशभर में निर्बाध ईवी मोबिलिटी सुनिश्चित हो सके और यह तो बस शुरुआत है।

**TATA.ev मेगाचार्जर्स के बारे में**

TATA.ev ने भारत के प्रमुख राजमार्गों और शहरी केंद्रों पर रणनीतिक रूप से 10 TATA.ev मेगाचार्जर्स लगाए हैं, ताकि तेज़ और सुविधाजनक चार्जिंग विकल्प मुहैया कराया जा सके। ये हाई-कैपेसिटी चार्जर्स उन क्षेत्रों में स्थित हैं जहां ईवी की संख्या अधिक है, जिससे उपयोगकर्ताओं को आराम, गति और सुविधा मिलती है। झ्झ.द्द1 ने देशभर में कुल 500 TATA.ev मेगाचार्जर्स लगाने का लक्ष्य रखा है। नीचे पहले चरण के अंतर्गत लगाए गए 10 चार्जर्स की सूची दी गई है-

**मुंबई- अहमदाबाद राजमार्ग**

चार्जज़ोन की साझेदारी में TATA.ev ने गुजरात और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर तीन हाई-कैपेसिटी मेगाचार्जर्स लगाए गए हैं-

श्रीनाथ फूड हब, वडोदरा

शांति कॉम्प्लेक्स, वापी

होटल एक्सप्रेस इन, घोड़बंदर

लगभग 150-200 किमी की दूरी पर स्थित इन स्टेशनों में रेस्टोरेंट और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, ताकि प्रीमियम और भरोसेमंद चार्जिंग अनुभव डिलीवर किया जा सके। वडोदरा का 400 किलोवॉट मेगाचार्जर एक साथ 6 वाहनों को चार्ज कर सकता है और मात्र 15 मिनट में 150 किमी की रेंज प्रदान करता है।

## लीड स्टूडेंट्स ने सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया



**उन्नाव।** हर बच्चे को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के अपने मिशन के तहत लीड ग्रुप ने 2025 की सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में अपने छात्रों के शानदार प्रदर्शन की घोषणा की। टियर 2 और टियर 3 शहरों के लीड स्टूडेंट्स ने राष्ट्रीय औसत से डेढ़ गुना बेहतर प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 125 लीड छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो कि राष्ट्रीय औसत का 1.5 गुना है। कुल 32 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो राष्ट्रीय औसत से दो गुना बेहतर है। इसी क्रम में उन्नाव जिले में लीड कक्षा 10 टॉपर्स में आर. पी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल की सिमरन यादव (97 प्रतिशत), रिचा मिश्रा (96 प्रतिशत), प्रतिका सिंह (92 प्रतिशत) हाई-टेक पब्लिक स्कूल के ऋषभ सविता (91 प्रतिशत) शामिल रहे। लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने कहा हमारे छात्रों के सीबीएसई कक्षा 10 के शानदार परिणाम यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा किसी विशेष स्थान या पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं है। हमारे छात्रों के ये परिणाम न केवल उनकी अकादमिक सफलता का प्रतीक हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि लीड भारत के पिछड़े क्षेत्रों में कैसे बदलाव ला रहा है। आर. पी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संस्थापक अशोक सैनी ने कहा, हम अपने सभी छात्रों पर गर्व करते हैं जिन्होंने 2025 की सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह परिणाम न केवल उनके समर्पण और मेहनत का प्रमाण हैं, बल्कि लीड द्वारा प्रदान की गई शैक्षणिक सहायता और मार्गदर्शन का भी परिणाम हैं।

## Drishti Juicidiary द्वारा इंदौर और लखनऊ में नए बैचों की शुरुआत की घोषणा

**इंदौर/लखनऊ।** Drishti IAS की पहल Drishti जुडिशियरी ने इंदौर और लखनऊ में कानून के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए दो नए शैक्षणिक बैचों की शुरुआत की घोषणा की है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपने अनुभव और विश्वसनीयता के साथ, दृष्टि जुडिशियरी अब कानूनी शिक्षा को और अधिक विस्तार दे रहा है।

**इंदौर में जुडिशियरी कोर्स बैच - 22 मई से शुरू**

इंदौर सेंटर में 22 मई 2025 से जुडिशियरी परीक्षा की तैयारी के लिए एक नया बैच शुरू किया जा रहा है। यह कोर्स विशेष रूप से उन लॉ ग्रेजुएट्स के लिए तैयार किया गया है जो विभिन्न राज्य न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसमें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई, व्यवस्थित पाठ्यक्रम, नियमित टेस्ट और पर्सनल मेंटरशिप जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

लखनऊ सेंटर पर 27 मई 2025 से CLAT (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) की तैयारी के लिए नया बैच शुरू होगा। यह कोर्स खास तौर पर उन छात्रों के लिए है जो देश के प्रमुख नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश लेना चाहते हैं। इस कोर्स में विषयवार गहराई से पढ़ाई, डाउट-क्लियरिंग सेशन और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग की सुविधा होगी।

हमारा उद्देश्य है कि देशभर के छात्रों को उच्च गुणवत्ता की कानूनी शिक्षा सुलभ कराई जाए। इंदौर और लखनऊ में नए बैचों की शुरुआत के साथ हम छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन, संसाधन और सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं चाहे वो जुडिशियरी परीक्षा हो या CLAT जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं रबमीत कौर, मुख्य शैक्षणिक अधिकारी, ये दोनों प्रोग्राम दृष्टि जुडिशियरी की यह प्रतिबद्धता दर्शाते हैं कि वह पूरे भारत में छात्रों को सर्वोत्तम कानूनी शिक्षा, संसाधन और सफल माहौल प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है।

दृष्टि जुडिशियरी, दृष्टि IAS की एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य न्यायिक सेवा परीक्षाओं और CLAT जैसे लॉ एंट्रेंस टेस्ट्स की तैयारी करवाना है। अनुभवी फैकल्टी और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, यह संस्था गंभीर कानून छात्रों के लिए एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है।

Drishti IAS के बारे में-

1999 में स्थापित, दृष्टि IAS भारत की सबसे सम्मानित सिविल सेवा एवं प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग संस्थानों में से एक है। विशेषज्ञ शिक्षकों, व्यापक पाठ्यसामग्री और छात्रों की सफलता के प्रति अपनी गहन प्रतिबद्धता के चलते यह लाखों छात्रों को अपने क्लासरूम और डिजिटल प्रोग्राम्स के माध्यम से शिक्षित करता है। इसका मिशन है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ, प्रासंगिक और भविष्योन्मुखी बनाना, अब AI की ताकत से और भी

## बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने Q4 और FY25 की वित्तीय और संचालन संबंधी प्रदर्शन रिपोर्ट जारी की

**लखनऊ।** बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड एक तकनीक-सक्षम डिजिटल सेवा प्रदाता, ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और पूरे वित्तीय वर्ष की ऑडिट की गई समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। प्रदर्शन और हालिया अपडेट्स के बारे में बात करते हुए बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन, श्री शिखर अग्रवाल ने कहा, हमें एफवाई 25 में शानदार प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है, क्योंकि हमने इस वित्तीय वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। एफवाई 25 हमारे अब तक के सर्वश्रेष्ठ वित्तीय प्रदर्शन वाला वर्ष रहा, जिसमें हमने कुल आय में 500 करोड़ का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया। वर्ष के दौरान कुल आय 545 करोड़ रही, जिसमें 76% की साल-दर-साल उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। आदिफिडेलिस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड का सफल अधिग्रहण और समेकन भी एक बड़ी उपलब्धि रही, जिसने हमारी टॉपलाइन ग्रोथ में योगदान दिया। ईबीआईटीडीए और शुद्ध लाभ (पीएटी) में भी क्रमशः 72.5% और 75.4% की मजबूत वृद्धि देखी गई।कंपनी की कुल आय FY25 में 545.0 करोड़ रही, जो FY24 में 309.6 करोड़ थी। यह 76.0% की साल-दर-साल वृद्धि है, जिसका प्रमुख कारण नवंबर 2024 में अधिग्रहित आदि फिडेलिस का समेकन रहा। इस तिमाही के दौरान, कंपनी ने केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआई (होम लोन काउंसलर सेवाओं के लिए), मेरा डॉक (हेल्थकेयर सेवाओं के लिए), एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस और बजाज फिनसर्व (EMI कार्ड वितरण के लिए) जैसे प्रमुख संगठनों के साथ रणनीतिक साझेदारियाँ कीं।

## ईशारा का 'मराठा विरासत' उत्सव लखनऊ में खोई हुई शाही खानों को करता है पुनर्जीवित



**लखनऊ।** प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध रेस्टोरेंट ईशारा एक अनोखा पाक उत्सव मराठा विरासत साम्राज्य के स्वाद के नाम से प्रस्तुत कर रहा है। यह महोत्सव श्रीमती सोनल नाइक निंबालकर महुरकर द्वारा क्यूरेट किया गया है और इसका आयोजन 16 मई से लखनऊ के फीनिक्स पलासियो में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मराठा साम्राज्य की शाही रसोइयों से जुड़ी भूली-बिसरी व्यंजनों को पुनर्जीवित करना और लोगों को इन प्राचीन स्वादों का अनुभव कराना है। ईशारा, बेलोना हॉस्पिटैलिटी द्वारा स्थापित एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट है, जो भारत के पारंपरिक और अब लुप्त हो चुके व्यंजनों को अपने मेहमानों तक पहुँचाने के लिए जाना जाता है। यह उत्सव मुख्यधारा के महाराष्ट्रीयन खाने से अलग, मराठा शासकों की समृद्ध और विविध पाक परंपराओं को उजागर करता है। इसमें उन शाही रेसिपियों को प्रस्तुत किया गया है, जो पीढ़ियों से मराठा घरानों में संजोई गई हैं जिनमें योद्धाओं के आहार, उत्सवों के भोज, और दरबारी रसोइयों की विशेष झलक मिलती है। इस उत्सव का मेनू श्रीमती सोनल नाइक निम्बालकर महुरकर द्वारा क्यूरेट किया गया है, जो एक प्रसिद्ध मराठा पाक विशेषज्ञ हैं। उनके पूर्वज छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंध रखते थे और मराठा इतिहास में उनकी भी अहम भूमिका रही है। वे कहती है, ÷यह मेनू शाही विरासत को साझा करने और खास व्यंजन परोसने का मौका देता है, जो अपनी खास तैयारी और पारंपरिक तरीके से पेश किए जाने के लिए जाने जाते हैं। मराठा खाने पर राजस्थान, नेपाल और दूसरी रियासतों का असर दिखता है। इन व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक मसाले सदियों से निखरे हैं और यही मराठा स्वाद की पहचान हैं। इस मेनू को एक नए शहर में लाना लोगों को इन समृद्ध पाक परंपराओं का अनुभव करने का अवसर देता है। बेलोना हॉस्पिटैलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत इस्सर ने कहा, ÷ईशारा प्रामाणिक और लगभग भुला दिए गए व्यंजनों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह लोगों को भारत की विविध पाक संस्कृति और परंपराओं के अनूठे स्वादों का अनुभव करने का अवसर देता है।

# कॉमवीवा ने भारत में टेक प्रतिभाओं को सशक्त करने के लिए युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन, दिल्ली के साथ साझीदारी की

**नई दिल्ली।** ग्राहक अनुभव और डेटा मोनेटाइजेशन सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी कॉमवीवा ने युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन, दिल्ली के साथ एक रणनीतिक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने, साझीदारी का पारितंत्र तैयार करने और भविष्य के कार्यबल को सशक्त करने के अपने कॉमवीवा 2.0 विजन के साथ यह गठबंधन उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूती देने और डिजिटल प्रतिभा की अगली पीढ़ी की एक जबरदस्त पाइपलाइन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस साझीदारी के जरिए, कॉमवीवा और युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन दिल्ली का लक्ष्य प्रतिभा विकास, सामूहिक नवप्रवर्तन और समुदाय पर प्रभाव पर केंद्रित रणनीतिक पहल विकसित करना है। इससे युनिवर्सिटी के दिल्ली कैंपस में विद्यार्थियों के लिए सीखने के समृद्ध अवसरों का सृजन होगा जिससे वे अत्याधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ और वास्तविक दुनिया की कारोबारी चुनौतियों पर काम कर सकेंगे।

इस समझौते के तहत कॉमवीवा पूरे अकादमिक वर्ष के दौरान सुगठित कार्यक्रमों की एक सीरीज चलाएगी जिसमें विद्यार्थियों के साथ संवाद के लिए ड्रॉप इन सेशन, उद्योग के रुख और करियर के मार्गों को लेकर नियोक्ता द्वारा अंतर्दृष्टि साझा करना और विद्यार्थियों की व्यवहारिक क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है।

युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन ने अपना भारतीय कैंपस गुड़गांव में इंटरनेशनल टेक पार्क में स्थापित किया है जहां अगस्त में विद्यार्थियों का पहला समूह पढ़ाई शुरू करने जा रहा है। इस पहल के साथ युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन, इस देश की नई उच्च शिक्षा रूपरेखा के



तहत कैंपस स्थापित करने वाली पहली युनिवर्सिटी बन गई है।

प्रारंभिक दौर में बिजनेस, कंप्यूटिंग, इकोनॉमिक्स और फाइनेंस में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियों की पेशकश की जाएगी और आने वाले वर्षों में पाठ्यक्रम पेशकश का विस्तार कर इसमें इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, आर्ट एवं डिजाइन, सोशल साइंस और साइंस एवं टेक्नोलॉजी को शामिल किया जाएगा।

कॉमवीवा के साथ इस साझीदारी को इंडिया बिजनेस ग्रुप ने सुगम बनाया जोकि एक अग्रणी रणनीतिक परामर्श समूह है और युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन को इसके भारतीय कैंपस के लिए भागीदारों के साथ जोड़ने में सहयोग करता रहा है।

इस साझीदारी को लेकर कॉमवीवा के सीईओ राजेश चंडीरमणि ने कहा, ÷कॉमवीवा में हमारा मानना है कि डिजिटल नवप्रवर्तन का भविष्य ऐसी सार्थक साझीदारी के निर्माण में निहित है जो अकादमिक और उद्योग के बीच अंतर को पाट सके। युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन के साथ यह गठबंधन, भविष्य के लिए प्रतिभा को पोषित करने, नवप्रवर्तन की संस्कृति को बढ़ावा देने और समावेशी वृद्धि में सहयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता परिलक्षित करता है। यह युवाओं को सशक्त करने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए सॉल्यूशंस का मिलकर निर्माण करने के हमारे कॉमवीवा 2.0 विजन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रतिभा विकास से परे यह साझीदारी, साथ मिलकर अनुसंधान एवं विकास करने, क्षमता निर्माण करने और समुदाय केंद्रित कार्यक्रम चलाने के लिए एक मंच के तौर पर भी कार्य करेगी जिससे नवप्रवर्तन उत्कृष्टता और दीर्घकालीन सामाजिक प्रभावके हमारे साझा विजन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

युनिवर्सिटी ऑफ साउथैंप्टन में उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय संबंध) प्रोफेसर एंड्र्यू एथर्टन ने कहा, कॉमवीवा के साथ यह साझीदारी भारत में हमारे विद्यार्थियों के लिए सार्थक और करियर केंद्रित अवसरों का सृजन करने की हमारी सतत प्रतिबद्धता सामने लाती है। इस गठबंधन के जरिए हमारा लक्ष्य हमारे विद्यार्थियों को ऐसे कौशल और अनुभव से युक्त बनाना है जो एक वैश्विक कार्यस्थल और प्रतिस्पर्धी उद्योग में सफलता के लिए आवश्यक हैं।

## 5 लाख युवाओं को मिला प्रशिक्षण, 27,000 से ज्यादा को मिली नौकरी

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान एनआईआईटी फाउंडेशन ने अपने तरह-तरह के कौशल विकास कार्यक्रमों के ज़रिए 5,28,468 लोगों को प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट दिया। इसके अलावा, 38,519 लोगों को पैसे और डिजिटल तकनीक से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। स्कूलों में डिजिटल शिक्षा और एसटीईएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ) से जुड़े कार्यक्रमों के ज़रिए 5,07,605 बच्चों तक पहुँचा गया। इन सभी लाभार्थियों में करीब 50त्न महिलाएं थीं। 10,695 बच्चों ने होल-इन-द-वॉल लर्निंग स्टेशन ÷ का इस्तेमाल किया। इन्हें गरीब इलाकों में लगाया गया था। ये ऐसे डिजिटल सेंटर हैं जहाँ बच्चे खुद से पढ़ाई कर सकते हैं और बुनियादी चीजें सीख सकते हैं।एनआईआईटी फाउंडेशन की सीईओ सपना मौदगिल जी ने कहा, फाउंडेशन ने अब तक बहुत अच्छा काम किया है। हमारा मकसद है कि हम देश के और भी ज्यादा युवाओं को ट्रेनिंग दें, सर्टिफिकेट दें और उन्हें नौकरी दिलाएं। हम चाहते हैं कि 2047 तक भारत पूरी तरह से हुनरमंद (स्किल्ड) देश बन जाए। एनआईआईटी फाउंडेशन की पहल का एक अहम हिस्सा यह है कि उनके कार्यक्रमों से ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट पाने वाले युवाओं को नौकरी भी मिल सके। इस मकसद को पूरा करने के लिए फाउंडेशन ने कई कंपनियों और संस्थाओं के साथ साझेदारी की है, और ये सहयोग लगातार बढ़ रहे हैं। आईबीएम, जॉनसन मैथी, यूनाइटेड वे मुंबई, टाटा स्टील फाउंडेशन, यूनिसेफ, इंफोसिस, डेलॉयट, आईटीसी, एचडीएफसी एर्गो, जैसी कंपनियों के साथ मिलकर 27,321 छात्रों को अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी दिलाई गई है। इन छात्रों ने नई तकनीकों और ज़रूरत वाली स्किल्स में ट्रेनिंग पूरी की है।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 17 मई 2025



# ऑपरेशन सिंदूर भारत की शौर्य गाथा का प्रतीक : ए.के. शर्मा

## नगर विकास मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में पडरौना में निकाली गई तिरंगा यात्रा

शकील अहमद


कुशीनगर में तिरंगा यात्रा में शामिल नगर विकास मंत्री एके शर्मा

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह 8 बजे पडरौना गायत्री मंदिर से तिलक चौक तक भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य, पराक्रम एवं वीरता को नमन करने के लिए तथा नागरिकों को देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता व राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूक करने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सूझबूझ, भारतीय सेना के समन्वय एवं आतंकवादियों के खिलाफ वैश्विक संदेश देने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत की शौर्य गाथा का प्रतीक बन गया है। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते है और दुश्मन देश भारत की सरहदों पर आतंकवादियों को भेजकर हमारे नागरिकों पर जुल्म करता है, नृशंस हत्याएं करवाता है, आतंकवाद फैलाता है। इसलिए उन्हें पापीस्तान कहना चाहिए। उन्होंने पाठ पढ़ाने और सबक सिखाने के लिए देश के सभी नागरिकों,

> देश के सभी नागरिकों, युवाओं को एकजुट रहने का मंत्री ने किया आह्वान

युवाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने नगर पालिका परिषद पडरौना में बनाई गई निशुल्क लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए कहा कि हमारा नेतृत्व देश के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों के सपनों को साकार कर रहा है। यहां बच्चों के भविष्य को संवारा जा रहा है। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में सांसद विजय कुमार दुबे, समस्त विधायकगण, नपा अध्यक्ष पडरौना विनय जयसवाल, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सहित तमाम पदाधिकारी शामिल रहे।

## निर्धन पिछड़ी जाति पुत्रियों को मिलेगा पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना का लाभ

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट, आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया, वित्तीय वर्ष 2024- 25 के माह मार्च 2025 के आवेदन पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदन पत्रों की जांच-पड़ताल अच्छी प्रकार से करा ली जाए। किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न दिया जाए। पात्र लाभार्थी को शत प्रतिशत योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जरूरी दस्तावेज की सत्यता अवश्य प्रमाणित कर ली जाए। जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि नागरीय क्षेत्र के लिए 16 आवेदन और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 401 आवेदन अभी तक प्राप्त हो चुके हैं।

# डीएम ने बरहज में पीपा पुल का किया निरीक्षण, कार्य में देरी पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बरहज में सरयू नदी पर निर्माणाधीन पीपा पुल का निरीक्षण किया। कार्य में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और तीन दिन के भीतर पुल का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि निर्माण में तकनीकी अड़चनें और जलस्तर में वृद्धि के कारण विलंब हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्या का तत्काल समाधान निकालते हुए दो या तीन दिनों पुल को यातायात के लिए चालू किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने परसिया देवार व बरहज के बीच स्थित घाघरा नदी पर बने मोहन सेतु का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया

> तीन दिन में निर्माण पूर्ण करने के दिए निर्देश

गया कि परसिया देवार की ओर अप्रोच मार्ग का हिस्सा नदी की धारा में हुए कटान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि बरहज की ओर अप्रोच कार्य पूर्ण हो चुका है। बताया गया कि नदी की धारा में बदलाव के कारण मूल एस्टीमेट के अनुसार बनाए जा रहे अप्रोच मार्ग का हिस्सा पानी में समा गया, जिससे निर्माण कार्य बाधित हुआ। साथ ही, सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग के बीच समन्वय की कमी के चलते कार्य आगे नहीं बढ़ सका। अब दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है। पुल की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'मॉडर्न स्टडी' आई आई टी रुड़की द्वारा कराई गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त होते ही संशोधित एस्टीमेट शासन को शीघ्र भेजी जाय। युद्धस्तर पर कार्य कर पुल का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर नर्सिंग कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

# डेंगू से बचाव के लिए स्वछता और जागरूकता जरूरी : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर शुक्रवार को शहर के उमा नगर स्थित पैरा मेडिकल कॉलेज में सीएमओ अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डेंगू रोग की उत्पत्ती उसके लक्षण व इससे बचाव की जानकारी दी गई। सीएमओ ने नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं से सवांद कर डेंगू के बारे में सवाल भी किया और छात्राओं ने उसका जवाब भी दिया। इस दौरान सीएमओ ने छात्राओं व शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाया।

सीएमओ डा. अनिल गुप्ता ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता व स्वच्छता आवश्यक है। इसमें लापरवाही न बरतें। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम देखें, साफ करें, ढकें, करें डेंगू को हराने के उपाय रखी गई। उन्होंने कहा कि डेंगू एक ऐसी बीमारी है जिससे जागरूक रहकर अपना बचाव सकते हैं। प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य डेंगू के विषय में लोगों को बताना और इसके प्रति जागरूक करना है। इसके लिए सबसे जरूरी है मच्छरों की रोकथाम की जाए। उन्होंने बताया कि देश को डेंगू मुक्त करने का लक्ष्य आज हमारे सामने है। ऐसा तभी संभव है। जब समुदाय के लोगों को डेंगू के विषय में सही जानकारी हो। नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डिजिज कंट्रोल प्रोग्राम डा. हरेंद्र कुमार ने कहा कि यह रोग एडीज एजिप्टी मादा मच्छर के काटने से होता है। इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। यह वायरल रोग है।

# ढाई करोड़ रुपए के बजट प्रस्ताव आए, जर्जर सभागार पर बीडीसी की बैठक में चर्चा तक नहीं हुई

अवधनामा संवाददाता



### ब्लाक सभागार जर्जर, नहीं मिल रहा बजट

विकास खंड सभागार जर्जर और छोटा होने के कारण क्षेत्र पंचायत की बैठकें नगर पंचायत के हाल में हो रही हैं। शासन की ओर से बजट न मिलने के कारण पिछले चार साल में ब्लाक प्रमुख मंजू मौर्य नये भवन का निर्माण नहीं करा पाई हैं। मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की अंतिम बैठक हुई। इस बैठक में इस सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव नहीं पारित किया गया।

**अमेठी।** क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक नगर पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आठ सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यो से सम्बंधित प्रस्ताव लिए गए। लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत के कार्यो से सम्बंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ब्लाक प्रमुख मंजू मौर्य ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्य मंत्री आवास योजना, केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, निशुल्क बोरिंग और स्वच्छ शौचालय योजना पर चर्चा हुई। खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में नवीन तम गाइड लाइन और बजट आवंटन और प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। ए डी ओ आई एस बी मनीराम सरोज ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की जानकारी दी।

जल जीवन मिशन के प्रतिनिधि बैठक में नहीं थे। बैठक का संचालन अवर अभियंता वी के सिंह ने किया। पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया,लेखाकार अशोक सिंह, वरिष्ठ लिपिक कमलेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर नदीम, ए डी ओ पंचायत पवन कुमार यादव,ग्राम पंचायत अधिकारी अनुराग यादव, विपिन कुमार तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, कमलेश कुमारी, लाल बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान राहुल वर्मा, कुंवर बहादुर सिंह, स्वामी नाथ यादव, संजय सिंह, महेश गुप्ता, आदित्य सिंह, शशि सिंह, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ महिला की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया थाना क्षेत्र के शामपुर हतवा टोला पिपरा निवासी एक अधेड़ महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज



आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। शुक्रवार को उक्त गांव निवासी संगीता पत्नी संतोष गुप्ता उम्र करीब 45 वर्ष दोपहर बाद तीन बजे के आसपास अपने खेत में काम कर रही थी इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया। तेज आंधी पानी के साथ बिजली चमकने लगी। संगीता खेत से भागकर एक आम के पेड़ के नीचे छुप गई। इस दौरान पेड़ पर अचानक तेज गरज व चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गया जिससे महिला चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। महिला के मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# अगर राजस्व टीम के गाड़ें पत्थर को किसी ने उखाड़ा तो होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** राजस्व कार्यो के अंतर्गत सभी उपजिलाधिकारी गण जनता दर्शन में विशेष ध्यान दें। जनसुनवाई के मामलों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। एक समेकित आख्या प्रतिदिन भेजे। सभी लेखपालों के पास भूमि विवाद पंजिका, ग्राम सम्पत्ति पंजिका अवश्य रहे। सभी लेखपालों के पास दैनिक या डायरी रहनी चाहिए जिसमें वे अपने हल्का क्षेत्र में की गई नित प्रतिदिन की गतिविधियां पैमाईश, कब्जा हटाना, वरासत आदि दर्शाएंगे। लेखपालों की डायरी का नियमित अवलोकन कानूनगो, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम करेंगे। तहसील दिवस में मै भी उसका निरीक्षण करूंगा। प्रथम चरण में लंबित मामलों के अंतर्गत धारा 24 के चिन्हित मामलों के सापेक्ष तय तिथि तक निस्तारित मामलों के बारे में प्रत्येक एसडीएम से बारी बारी से पूछताछ की गई। तहसील हाटा में 44 प्रकरण के सापेक्ष 30 निस्तारित 14 अवशेष, पडरौना में 81 प्रकरण के सापेक्ष 55 निस्तारित एवं 26 अवशेष, कसया में 96 प्रकरण के सापेक्ष 55 निस्तारित एवं 41 अवशेष, कप्तानगंज में 38 प्रकरण के सापेक्ष 17 निस्तारित एवं 19 अवशेष, तमकुहीराज में 53 प्रकरण के सापेक्ष 36 निस्तारित एवं 17 अवशेष मामले पाए गए जिसपर समयांतर्गत सभी अवशेष धारा 24 के चिन्हित मामलों में पैमाईश कर पत्थर नसब या पत्थर गड्डी करवा दें। अगर राजस्व टीम के द्वारा पत्थर गाड़ने के बाद विपक्षी या अन्य के द्वारा हटाया या उखाड़ दिया जाता है उखाड़ने वाले के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पत्थर उखाड़ने के मामलों में लेखपाल सह कानूनगो या राजस्व निरीक्षक पुष्टि करने सहित अपनी स्पष्ट आख्या देंगे तथा पक्ष के द्वारा उसपर एफ आई आर भी कराया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की ढीलाई या कोताई बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजनाओं के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। एक भी मामला लंबित किसी भी तहसील स्तर से न रहे। वरासत के मामलों पर पैनी दृष्टि रखे। सभी एसडीएम एंटी भू माफिया पोर्टल की नियमित समीक्षा कर यथा आवश्यक कार्रवाई भी करें। सभी एसडीएम नगर निकाय के क्षेत्रों में संपत्ति रजिस्टर भी बनाए, उसमें कौन सी भूमि कब्जा मुक्त है या कब्जायुक्त है वह भी निरीक्षण कर दर्शाए। जिन विभागों को भूमि की आवश्यकता है उन्हें भूमि चिन्हित कर भूमि आवंटन एवं प्रस्तावित करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने आज की राजस्व एवं विकास कार्यों को समीक्षा बैठक में दिए।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रधानाचार्य विवेक कुमार तिवारी ने बताया है कि अधिशासी निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज लखनऊ द्वारा जनपद के 05 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं 02 पी0पी0पी0 संस्थान एवं 17 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म आवेदन 12 मई 2025 से प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 05 जून 2025 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र https://scvtup.in पर आवेदन कर सकते है। जिसमें सामान्य/पिछडा वर्ग हेतु 250 रु शुल्क एवं अनु0जाति/अनु0 जनजाति हेतु शुल्क 150 रु0 निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 गोरा बाजार रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# फुलवारी की कथा प्रेम और संस्कृति की कथा है : वीरेन्द्र तिवारी


कथा का रसपान कराते कथावाचक वीरेंद्र तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के गांव हरपुर सुक्खड़ अकटहवां टोले पर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित ग्यारह दिवसीय रूद्र महायज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को कथावाचक भोजपुरी मानस सम्राट पंडित विरेन्द्र तिवारी ने फुलवारी प्रसंग की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने कथा के माध्यम से बताया कि पूजा का फल तत्काल मिलता है। सीता ने अपने सखियों संग गिरजा की पूजन की पूजा के दौरान सीता ने राम को वर के रूप में मांगा था वह वर उन्हें तत्काल मिल गया। विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को लेकर आश्रम में पहुंचे और यज्ञ की रक्षा करने को कहा। दोनों भाइयों ने राक्षसों का वध कर यज्ञ पूर्ण कराया। सीता स्वयंवर की जानकारी होने पर ऋषि ने दोनों भाइयों को साथ लेकर जनकपुर गए। जनकपुर वासियों ने राम का सुंदर रूप देख मोहित हो उठे। पुष्प वाटिका में राम व ऋषि मुनियों की सुरक्षा के लिए प्रभु श्रीराम ऋषि विश्वामित्र के साथ जंगलों में भ्रमण करते हैं।

जंगल भ्रमण के दौरान जनकपुर में आयोजित धनुष यज्ञ में शामिल होने के लिए ऋषि विश्वामित्र के साथ जाते हैं और नगर के बाहर ठहरते हैं। ऋषि की आज्ञा से पूजा का फूल लाने के लिए पुष्प वाटिका में जाते हैं और वहां माता जानकी के साथ उनका पहली बार सामना होता है। वहां दोनों में एक-दूसरे के प्रति प्रेम उत्पन्न होता है। फुलवारी की कथा प्रेम और संस्कृति की कथा है।

## जेपी इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे मंत्री असीम अरुण

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस समारोह आज शनिवार शाम छः बजे निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण शामिल होंगे। इस अवसर पर मंत्री द्वारा वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी रामकोला विधायक विनय प्रकाश एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने संयुक्त रूप से दी है।

## सांसद के.एल शर्मा ने की जनसुनवाई

**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों के साथ बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सांसद को अपने गांव की समस्याएं बताईं। अधिकांश दर्खास्तें बिजली, पानी, आवास, पेंशन, इलाज और अन्य बुनियादी समस्याओं से सम्बंधित रहीं। सांसद ने सभी लोगों की समस्यायों को ध्यान से सुना और कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी को समस्याओं को रजिस्ट्रांकित करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर समुचित निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## 295 परियोजनाएं संचालित, 61 फीसदी है जल जीवन मिशन के काम की प्रगति



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को डी एम संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डी एम ने कहा है कि पेय जल योजनाओं की हकीकत की जानकारी के लिए स्वयं गांवों का दौरा करेंगे। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में कुल 487परियोजनाएं हैं।295नग पेय जल परियोजनाएं संचालित है।154परियोजनाओं में ओवर हेड टैंकों से जलापूर्ति की जा रही है।141ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं में सीधे पम्पिंग के माध्यम से ग्रामीणों को पेय जल की आपूर्ति की जा रही है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

## प्राथमिक विद्यालयों को वितरित की गई स्मॉर्ट टीवी



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालयों की बेहतरी के लिए सीखों, सिखाओं फाउण्डेशन और डालमिया भारत फाउण्डेशन के संयुक्त से प्रयासों से 800 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसी कड़ी में जिले के विद्यालयों में स्मॉर्ट टीवी, यूपीएस और अन्य उपकरण उपलब्ध कराएं गए हैं। जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों को डिजिटल टीवी दी गई। नव भारत उदय कार्यक्रम के तहत उपकरण उपलब्ध कराएं गए। सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई स्मॉर्ट टीवी से बच्चों को पढ़ाने में आसानी होगी। इस मौके पर दीनशाह गौरा ब्लॉक के 5, जगतपुर के 5 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को टीवी और अन्य उपकरण उपलब्ध कराएं गए।

# पूर्वांचल के विकास में मोदी-योगी का बड़ा योगदान है : एके शर्मा

## 54 करोड़ की लागत से 223 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो


कसया में गौशाला स्थल का निरीक्षण करते मंत्री


बाबू गेंदा सिंह के प्रतिमा का अनावरण करते मंत्री

**कुशीनगर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा अपने दो दिवसीय कुशीनगर जिले में प्रवास के दौरान शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित 54 करोड रुपए

> मंत्री ने कसया स्थित निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया

से अधिक लागत के 223 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कुशीनगर जिले के कसया स्थित निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया।

मंत्री ए.के. शर्मा ने कार्यक्रम में कुशीनगर पालिका परिषद के 7.88 करोड़ रुपए लागत के 35 कार्यों का लोकार्पण और 21.46 करोड़ रुपए लागत के 86 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। नगर पालिका परिषद हाटा के 1.88 करोड रुपए लागत के 04 कार्यों का लोकार्पण तथा 1.60 करोड रुपए लागत के 04 कार्य का शिलान्यास किया। नगर पंचायत रामकोला में 6.84 करोड रुपए लागत के 10 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 7.48 करोड रुपए लागत के 06 कार्यों का शिलान्यास हुआ। नगर पंचायत खड्डा में 38 लाख रुपए लागत के तीन कार्यों का लोकार्पण तथा 1.35 करोड रुपए लागत के 04 कार्यों का शिलान्यास हुआ। नगर पंचायत सेवरही में 3.08 करोड रुपए लागत के 10 कार्यों का लोकार्पण तथा 7.30 करोड रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ। नगर पंचायत तमकुहीराज में 40 लाख रुपए लागत के 01 कार्य का लोकार्पण तथा 5.92 करोड रुपए लागत के 21 कार्यों का शिलान्यास हुआ। नगर पंचायत छितौनी में 94 लाख रुपए लागत के 04 कार्यों का लोकार्पण तथा 1.16 करोड रुपए लागत के 03 कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पूर्वांचल के विकास में प्रधानमंत्री मोदी का बहुत बड़ा योगदान है। पूर्वांचल के विकास के लिए उन्होंने कहा कि मै पीएमओ में नौकरी के दौरान भी स्वयं पूरा प्रयास किया था। आज भी पूरा प्रयास कर रहा हूं। इतना विकास होने के बावजूद भी विपक्ष कहता है कि सरकार क्या कर रही है। मंत्री ने कुशीनगर जिले के कसया स्थित निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश को गुड और चारा खिलाया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के दौरान गो आश्रय स्थल में रह रहे सभी गोवंश को किसी भी प्रकार से भूसा, चारा और पानी की कमी न होने पाए। गर्मी धूप से गोवंश को बचाने के लिए भी उचित प्रबंध किया जाए।

**बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का मंत्री ने किया अनावरण-** तमकुहीराज तहसील के बरवा राजा पाकड़ स्थित गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम नेता प्रतिपक्ष, पूर्व सांसद व मंत्री स्व. बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश सरकार के नगर विकास व ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गेंदा बाबू किसानों के हितैषी, आदर्श समाजवादी विचारक और विकास पुरुष थे। उन्होंने गंडक नहर प्रणाली, सेवरही क्षेत्र में कृषि अनुसंधान केंद्र, बकरी व रेशम फार्म जैसे संस्थानों की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने गेंदा बाबू को स्वराज की अवधारणा को जमीन पर उतारने वाला कर्मयोगी बताया।

# पूरी दुनिया ने भारत के पराक्रम का लोहा माना : मीना

अवधनामा संवाददाता




■ सेना ने सिर्फ ट्रेलर दिखवाया, आगे पूरी पिक्चर दिखाएंगे, भारतीय सेना के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व, भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा।

**सुलतानपुर।** शहर की सड़कों पर शुक्रवार को, आपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद देश की सेना के शौर्य को नमन करते हुए उनके सम्मान में भाजपा, गोमती मित्र मंडल, गायत्री परिवार के लोगों ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा भव्यता से निकालीं। भाजपा की जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह व गायत्री परिवार के डॉ सुधाकर सिंह की अगुवाई में सुपर मार्केट परिसर से निकली भव्य यात्रा शहर की सड़कों से गुजरते हुए जिला पंचायत गेट स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम संयोजक विजय त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में समापन पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा पहलगाम हमले के बाद भारत की तीनों सेनाओं ने आपरेशन सिन्दूर के जरिए पाक में घुसकर 9 आतंकी अड्डों व 11 एअरवेस को नेस्तनाबूद कर दिया। उन्होंने कहा पूरी दुनिया ने भारत के पराक्रम का लोहा माना। उन्होंने कहा सेना ने अभी तो सिर्फ ट्रेलर दिखाया है। समय आने पर पूरी पिक्चर दिखाएंगे। भारतीय सेना के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अब सहता नही पलटकर जवाब देता है। मदन सिंह ने कहा भारत की सेना ने पहलगाम हमले का शानदार बदला लिया। डॉ सुधाकर सिंह ने कहा आपरेशन सिन्दूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यहां संचालन कार्यक्रम संयोजक विजय त्रिपाठी ने कहा। तिरंगा यात्रा में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, राज प्रसाद उपाध्याय, विनोद सिंह, डॉ आरए वर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, प्रवीन कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, कृपा शंकर मिश्रा, गांधी सिंह दिनेशानंद महाराज, राकेश सिंह दद्दू, जगजीत सिंह छंगू, घनश्याम चौहान, अजय सिंह लीडर, सुमन सिंह, डॉ प्रीति प्रकाश, अखिलेश जायसवाल, बबिता तिवारी, पूजा कसौधन, रीना जायसवाल, राजेश सिंह, चन्दन नारायन सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, अरुण जायसवाल, अनीता पाण्डेय, संदीप सिंह, सुनील वर्मा, राजित राम, प्रदीप शुक्ला, आशीष सिंह रानू, सचिन चोपड़ा, अरविन्द सिंह, शौर्य बर्धन सिंह, आकाश जायसवाल, कमला सिंह, कोकिला तिवारी, राम अभिलाष सिंह, अयोध्या प्रसाद वर्मा, एलके दूबे, इन्द्रदेव मिश्रा, राजित राम, नरेंद्र सिंह, बृजेश वर्मा, अरुण द्विवेदी, राहुल भान मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लेब टैक्नीशियन ने कमरे में फंदा लगा कर दी जान

**शिकोहाबाद।** सीएससी धनपुरा में लैब टैक्नीशियन के पद पर तैनात युवक ने किन्हीं कारणों के चलते घर पर कमरे में फंद्दा लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली। जब पत्नी ने पति को फंद्दे पर झूलता देखा तो आनन-फानन में उसको उतार कर ई-रिक्शा से लेकर अस्पताल आई। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मचारी की मृत्यु की जानकारी होते ही अस्पताल का स्टाफ एकत्रित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया।लैब टैक्नीशियन ऋषि राज पुत्र (40) पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी देव नगर आगरा रोड शिकोहबाद धनपुरा सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात था। संयुक्त चिकित्सालय स्थित सीएससी केंद्र पर सुबह दस बजे वह ड्यूटी करने सुबह पहुंचा। यहां से कुछ देर बाद घर चला गया। इसके बाद उसने घर पर जाकर कमरे में फंद्दा लगा कर आत्महत्या कर ली।

# शाहजहांपुर पुलिस ने बांटे एसी हेलमेट ट्रैफिक कर्मियों को भीषण गर्मी में राहत

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जहाँ उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है वहीं शाहजहांपुर पुलिस प्रशासन ने अपने ट्रैफिक कर्मियों के प्रति मानवीय संवेदना दिखाते हुए एक सराहनीय और अनोखी पहल की है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को चौराहों पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को अत्याधुनिक ÷एसी हेलमेट÷ यानी टेम्परेचर कंट्रोल डिवाइस युक्त हेड गार्ड वितरित किए।

इन हाईटेक हेल्मेट्स की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये गर्मी में ठंडी हवा और सर्दी में गर्म हवा देने में सक्षम हैं। आठ घंटे के बैटरी बैकअप वाले इन हेल्मेट्स का उपयोग जवानों को ड्यूटी के दौरान अधिक सहूलियत और आराम देगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जवानों को ब्रीफ करते हुए कहा, ÷आपका कार्य सिर्फ ट्रैफिक नियंत्रित करना नहीं है, बल्कि राहगीरों की मदद करना भी आपकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। शासन की मंशा है कि सड़क हादसे कम हों और अनमोल जीवन बचाए जा सकें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार सिंह और प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह पहल न केवल ट्रैफिक कर्मियों के स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आधुनिक तकनीक का समुचित उपयोग कर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता के साथ-साथ मानवीय संवेदना को भी मजबूत किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस में सीएमओ ने दी जानकारियां

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम की अध्यक्षता में मनाया गया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनमानस से अपील की गयी कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। कूलर का पानी सप्ताह में दो बार अवश्य बदल दें डेंगू रोग की जागरूकता पब्लिक में बहुत जरूरी है पब्लिक अपने घर के सभी कन्टेनरों का पानी हप्ते में जरूर बदले क्योकि मच्छर (एडीज एजिप्टी) साफ पानी में अण्डे रखते है, मच्छरों को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली लगवाये, मच्छर दानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी पूरी तरह से बन्द रखें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। संक्रमित होने की दशा में चिकित्सक के परामर्शानुसार दवाई का सेवन करें तथा कम से कम 3/4 लीटर पानी/ओ आर एस अवश्य पीये तथा तरल पदार्थों का सेवन करें गोष्ठी में डा. बृज मोहन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. कमल किशोर वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. पवन कुमार वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी.बी.डी., डा. वी. डी. अग्रवाल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया गोष्ठी में अन्य अधिकारियों ने बताया कि डेंगू रोग का कोई इलाज नहीं है जागरूकता ही सबसे बड़ी कामयावी है। डेंगू रोगी को अचानक बुखार और सिरदर्द, जोडों और मांसपेशियों में दर्द आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जो आंखों के हिलने-डुलने पर बढ़ जाता है, उल्टी आना, गंभीर मामलों में मसूड़े नाक मुंह से खून आना या त्वचा पर चकते होना। डेंगू रोगी को बुखार के समय आराम करने की सलाह दें, तापमान कम करने हेतु कोल्ड स्पंज करें, बुखार उतारने हेतु चिकित्सक की सलाह के अनुसार टेबलेट पैरासिटामोल का प्रयोग करें।

# दलालों के आगे नतमस्तक है मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य

अवधनामा संवाददाता



■ धड़ल्ले से लिखी जा रही बाहरी दवाएं

■ अस्पताल के ओपीडी में बैठा मनबढ़ दलाल सरकारी पर्चा आपने हाथों में लेकर लिखवा रहा है बाहर की मंहगी दवाइयां

**सुलतानपुर।** अक्सर विवादों की सुर्खियों में रहने वाला बहुचर्चित मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में तैनात जिम्मेदार स्वास्थ अधिकारी और चिकित्सक अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे है। यही नहीं भ्रष्टाचार को लेकर यहां के प्राचार्य आए दिन सोशल मीडिया और अखबारों की सुर्खियों बटोर रहे है। इसके बाद भी कोई नेता विधायक सांसद या मंत्री इनकी नकेल नहीं कस पा रहे हैं। योगी सरकार में डिप्टी सीएम के आदेश को ठेंगा देखाते हुए एक बार फिर मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पुनः चर्चा में आ गया। क्योंकि जिला अस्पताल में खुलेआम दलालों का बोल बाला है। जिसका उदाहरण है कि नेत्र विभाग के जूनियर रेजिडेंट चिकित्स्कों को कमीशन का लालच देकर मेडिकल कालेज में मनबढ़ दलाल अपनी कम्पनी की बाहरी दवा खिलवा रहा है। जिसका फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वही सीनियर चिकित्स्कों को कानो कान खबर तक नहीं, मामले का खुलासा तब हुआ जब एक राम कुमार नाम का मरीज अपनी आँख की पीड़ा को दिखलाने के लिए राजकीय मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग की ओपीडी मे गया। जहाँ पर पहले से मौजूद एक बिचौलिया जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक के साथ एक प्राइवेट आदमी दिखाई पड़ा। जिसका सूत्रो से पता चला कि ब्लू शर्त पहने हुए इन जनाब का नाम अमित है, वो मरीजों को अपने आपको आँख का डॉक्टर भी बताता है। उसके कहने पर जे.आर. ने बाहर से महंगी दवाई लिखी और ले आकर दिखलाने को कहा, अंदर कि दवाई फायदा नहीं करती इसलिए बाहर कि दवाई लिखवा रहा हूँ, ये बात वहा मौजूद उक्त कथित मेडिकल दलाल तथाकथित डॉक्टर अमित ने मरीज से बाहर की दवा लेकर दिखलाने को कहा, सूत्र बताते है कि उक्त मनबढ़ दलाल की सेटिंग कॉलेज के प्राचार्य से होने की वजह से वो बगल के कमरे के चर्म रोग के चिकित्सक डॉक्टर वीर विक्रम से भी है, जो की उक्त दलाल की दवाई बाहर से धुँवाधार लिखते है। ऐसे में यह कहावत यहां चरितार्थ हो रही है कि जब सैया भये कोतवाल तो डर काहे का पीड़ित मरीज राम कुमार का कहना है कि आज मैने अपनी आंख सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में दिखाई। मुफ्त दवा के नाम पर फोटो में जो 05 टेबलेट दिख रही है यही इस सरकारी अस्पताल मिली है। बाकी दवाएं 327 की दवा बाहर से खरीदनी पड़ी, जो मेडिकल कॉलेज से लिखी गई थी, वो भी अन्य किसी मेडिकल स्टोर पर नहीं मिल पाई, केवल अस्पताल गेट के बगल स्थित मेडिकल स्टोर पर ही मिली है। सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को लेकर जिले में कोई ऐसा जिम्मेदार नहीं है जो परेशान मरीजों और तीमारदारों की व्यथा को समझे और स्वास्थ्य विभाग के दोषियों पर कार्रवाई करवा कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुधार ला सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### रात के अंधेरे में अवैध खनन प्वाइंट पर पहुंचे एडीएम अरविंद कुमार

**शाहजहांपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में में एडीएम एफआर अरविंद कुमार चर्चाओं में रहते हैं तो वहीं गुरुवार की रात में खनन माफियाओं के पॉइंट पर पहुंचकर खनन करते हुए अताउल्लाह को मौके पर रंगे हाथों पकड़ा इसके बाद अरविंद कुमार ने अवैध खनन माफिया अताउल्लाह को जेल भेजने के लिए इंस्पेक्टर रोजा के हवाले कर दिया पूरा मामला थाना रोजा क्षेत्र के गांव जिंदी नगर बाड़ी गांव का हे जहां जिलाधिकारी के निर्देश पर आधी रात को अवैध खनन पकड़ने पहुंचे एडीएम अरविंद कुमार ने मौके से दो मिट्टी भरे डंपर भी पकड़े अवैध खनन इतने बड़े पैमाने पर हो रहा था की रात की कार्रवाई के बाद दोबारा फिर नाप जोख के लिए दिन में खनन पॉइंट पर जाना पड़ा एडीएम ऋक्र अरविंद कुमार ने बताया अत्ताउल्लाह को होगी जेल और साथ ही लगेगा 7 लाख का जुर्माना जिस जगह से खनन माफिया द्वारा अवैध मिट्टी खोदी जा रही थी उसकी लंबाई चौड़ाई और गहराई नापने के लिए एडीएम के साथ लेखपाल, नायब तहसीलदार निशि सिंह और खनन अधिकारी मौके पर पहुंचे इस कार्रवाई से जिले में अवैद खनन माफियों में हड़कंप मच गया है।

### स्कूल से लौटते वक्त एसबीआई प्रबंधक की सड़क हादसे में मौत शहर में शोक की लहर

**शाहजहांपुर, अवधनामा संवाददाता।** गंगसरा एसबीआई शाखा में तैनात शाखा प्रबंधक अंकुर रस्तोगी की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। मुकरमपुर के पास मोहम्मदी रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मूल रूप से बरेली निवासी अंकुर रस्तोगी लंबे समय से शाहजहांपुर में कार्यरत थे और परिवार के साथ सिटी पार्क कॉलोनी में रहते थे। उनकी अचानक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। प्रशासन की ओर से हादसे की जांच की जा रही है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### जिला टॉपर छात्रा का किया सम्मान



**शिकोहाबाद, अवधनामा संवाददाता।** सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद ने जिला टॉप करने वाली छात्रा प्रिया यादव को संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर, पुष्प माला पहना कर व मुंह मीठा कराकर परिवारजनों के साथ मिलकर जोरदार स्वागत व सम्मान किया। छात्रा प्रिया यादव पूर्व सैनिक संजीव कुमार यादव निवासी लाछपुर थाना नसीरपुर हॉल निवासी स्टेशन रोड मेहराबाद की पुत्री है। उसने सीबीएससी बोर्ड से द एशियन सीनियर सैकेंडरी स्कूल शिकोहाबाद में कक्षा 12 की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद फिरोजाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा ने कड़ी मेहनत और लगन से जिस मुकाम को हासिल किया है, इसका श्रेय छात्रा ने अपने माता पिता को दिया है। इस सम्मान समारोह में परिवार के लोग शामिल हुए। प्रिया के बाबा जय प्रकाश यादव, मा गायत्री देवी, भाई अतीत कुमार, ताऊ महेश बाबू,चाचा राजीव कुमार के अलावा सैनिक समाज सेवा संगठन के आगरा मण्डल संरक्षक दिनेश कुमार, फिरोजाबाद जिला संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, अध्यक्ष विशेष कुमार, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र, कोषाध्यक्ष ध्रुव जीत सिंह, तहसील अध्यक्ष केके शर्मा,उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, पवन किशोर, ज्ञानी राम, सपा नेता गौरव यादव,जय कुमार,जितेन्द्र कुमार,समर सिंह और वीर नारी कल्पना यादव मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** घर में घुसकर महिला व उसकी विवाहित पुत्री के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करने के साथ युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला की पुत्री ने एक नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिरोजाबाद के भीमनगर गली नंबर तीन निवासी कल्पना अपनी मां संगीता देवी निवासी जीवन नगर कॉलोनी थाना टूंडला के यहां अपने बच्चों के साथ रहकर गुजारा कर रही है। आरोप है कि आठ अप्रैल रात्रि 11 बजे धर्मपुर थाना पचोखरा निवासी लवकुश अपने तीन साथीयों के साथ घर में घुसकर उसकी मां संगीता देवी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने कल्पना के साथ भी मारपीट कर दी। पड़ोसियों को आता देख सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं प्राइवेट बसें

■ पैसे लेकर आंख मूंदकर बैठे हैं परिवहन विभाग के अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



बसों में नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं और पैसे लेकर आंख मूंदकर जिम्मेदार अधिकारी बैठे हैं। एमवीआइ और डीटीओ के स्तर पर यह कार्रवाई होनी चाहिए। नियमों के अनुसार, बस की ऊंचाई जमीन से 13 फीट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। साथ ही छत पर सामान लादने की भी मनाही है। लेकिन, बस संचालक इन परिवहन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। हर दिन खुलेआम बसों पर सामान लदे दिख जायेंगे। परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक, ऐसा करना अवैध है। इसके लिए 20 हजार 500 रुपये अर्थदंड का प्रावधान है। लेकिन, आम तौर पर जुर्माना नहीं किया जाता। पुलिस व सेल्स टैक्स के लोग भी इस अवैध धंधे से वाकिफ हैं, पर कोई कार्रवाई नहीं होती। क्योंकि, उनको इसके बदले अलग से कमीशन दिया जाता है। हर बस वाले से मंथली बंधा है, सीट आरक्षित उनके नाम पर होती है। इस कारण कोई कार्रवाई विभाग की ओर से नहीं की जाती है।

**बाँदा।** प्राइवेट बसों के तय नियम के तहत स्लीपर बसों में 30 लेटने वाली या 15 लेटने और 32 बैठने की सीटें तय हैं। बस संचालक अतिरिक्त लाभ कमाने के चक्कर में इसमें बदलाव कर देते हैं। पूर्ण स्लीपर बस में 30 की जगह 36 लेटने वाली सीट लगा देते हैं। वहीं, मिश्रित बस में 15 स्लीपर के साथ बैठने वाली 18 अतिरिक्त सीट लगा देते हैं। इससे बैठने वाली यात्रियों की संख्या 32 से 50 हो जाती है। बस में यात्रियों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 65 हो जाती है। इससे बस में अतिरिक्त भार होने से पटलने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही सीट बढ़ाने के लिए आपातकाल द्वार बंद कर देते हैं। एक स्लीपर बस में चार आपातकाल द्वार होते हैं। आग लगने या हादसा के समय यह खतरनाक हो जाता है। प्राइवेट बसों के तय नियम के तहत स्लीपर बसों में 30 लेटने वाली या 15 लेटने और 32 बैठने की सीटें तय हैं। बस संचालक अतिरिक्त लाभ कमाने के चक्कर में इसमें बदलाव कर देते हैं। पूर्ण स्लीपर बस में 30 की जगह 36 लेटने वाली सीट लगा देते हैं। वहीं, मिश्रित बस में 15 स्लीपर के साथ बैठने वाली 18 अतिरिक्त सीट लगा देते हैं। इससे बैठने वाली यात्रियों की संख्या 32 से 50 हो जाती है। बस में यात्रियों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 65 हो जाती है। इससे बस में अतिरिक्त भार होने से पटलने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही सीट बढ़ाने के लिए आपातकाल द्वार बंद कर देते हैं। एक स्लीपर बस में चार आपातकाल द्वार होते हैं। आग लगने या हादसा के समय यह खतरनाक हो जाता है।

## सट्टा खेलते चार गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा 04 अभियुक्तों को सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 7,890 रूपये व 01 कैलकुलेटर, 01 दफ्ती सट्टा, 02 दो रजिस्टर लेखा-जोखा बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण बाबूराम पुत्र महेश चन्द निवासी ग्राम नौशेरा, जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र हरिनन्दन निवासी परतापुर चौराहे का पास नगला किला, कमलेश कुमार पुत्र विश्राम सिह निवासी हीरा नगर एटा चौराहा निवासीगण थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद, अशफाक पुत्र हबीब निवासी जिला अस्पताल के पीछे मथुरा थाना कोतवाली जिला मथुरा को नाईयों वाली मस्जिद के पास स्थित बंद पडा अहाता थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद से सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के कब्जे से 7,890 रूपये, 01 कैलकुलेटर, 01 दफ्ती सट्टा, 02 रजिस्टर लेखा-जोखा, कार्बन पेपर, सफेद कागज व पेन आदि बरामद किये गये है।

# शशि इंटरनेशनल स्कूल में टॉपर्स का किया स्वागत व सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** शशि इंटरनेशनल स्कूल, टूंडला ने कक्षा 10वीं और 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 12 में होनहार छात्रा कृति यादव ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी गुप्ता रहीं, जिन्होंने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रियंशी यादव ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिषेक कुमार ने 93.6 प्रतिशत, हरिओम राजपूत ने 92 प्रतिशत, और हर्षित जादौन ने 91 प्रतिशत, आयुष पचौरी ने 86 प्रतिशत, प्रिंस भारद्वाज ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश प्रतिशत चौथा, पाँचवाँ, उठा, सातवा व आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कक्षा 10 वीं में मीनाक्षी मीणा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्णा गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया। वैष्णवी गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। आलिया आरिफखान ने 87.2 प्रतिशत, उन्नति और कौशल यादव ने 85 प्रतिशत, तथा हर्षित सिंह ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवपूर्ण सूची में दर्ज कराया। इस विशेष अवसर पर, स्कूल की अध्यक्ष श्रीमती शशिकला, संस्थापक राजेंद्र सिंह, निदेशक सौरभ सिंह और अमित सिंह और प्रिंसिपल मोनिका सिंह ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सभी ने मंच से छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में, बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पदक, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर गर्व, उत्साह और खुशी से भर गया। छात्रों के माता-पिता और शिक्षकों ने भी इस गौरवपूर्ण क्षण में भाग लिया और छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या मोनिका सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन तथा एक प्रेरक संदेश के साथ हुआ ष्सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है।

## अभियुक्त को आजीवन व 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड किया गया दण्डित

**फिरोजाबाद।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फिरोजाबाद पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं ठोस साक्ष्य संकलन के फलस्वरूप अभियुक्त रिन्कू दिवाकर को न्यायालय द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन÷ अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 936/22 धारा 302 भादवि0 के अभियुक्त रिन्कू दिवाकर पुत्र रामगोपाल निवासी ज्ञान भारती स्कूल वाली गली कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को न्यायालय पोक्सो- 03 द्वारा दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# उ.प्र.जू.हा. शिक्षक संघ तेजवापुर के पांचवीं बार अध्यक्ष बने न्यूटन

■ ब्लॉक तेजवापुर का त्रैवार्षिक चुनाव पायनियर पब्लिक स्कूल में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में उ.प्र.जू.हा. शिक्षक संघ ब्लॉक तेजवापुर का त्रैवार्षिक चुनाव पायनियर पब्लिक स्कूल, में चुनाव पर्यवेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं जिलाध्यक्ष/ का. महामंत्री की कार्यसमिति की निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर एम. सिराजुद्दीन न्यूटन 5 वीं बार, मंत्री पद पर अनुराग मिश्र दूसरी बार , कोषाध्यक्ष पद पर मांडवी शाही और उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नारायन निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन में 99प्रतिशत डेलीगेटों ने प्रतिभग किया। निर्वाचन स्थल की सुख सुविधाओं की बारम्बार प्रशंसा की गई तथा इसके लिए उपस्थित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं व सभी पदाधिकारियों ने मैनेजिंग डायरेक्टर आसिफ किरमानी जी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने संबोधित करते हुए किरमानी बधाई देते हुए संगठन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष न्यूटन ने 5 वीं बार अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर सभी डेलीगेटों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि शिक्षकों की समस्या व सम्मान ही मेरी पहली प्राथमिकता है। संगठन को किसी भी प्रकार से कमज़ोर नही होने दिया जाएगा। कुछ अपने नादानो द्वारा जू.शि.संगठन को कमज़ोर करने की कोशिश की जा रही है पर इसमें उनको कामयाबी नही मिलेगी। हमारे संगठन के लाखों लाख शिक्षकों के जांबाज़ नेता योगेश त्यागी हैं। इस संगठन को शिखर पर पहुंचाने वाले त्यागी हैं। संगठन और आगे जाएगा। बहराइच का संगठन आदरणीय मुख्य संरक्षक राधा कृष्ण पाठक के गोद मे है, इसलिए ये कमज़ोर होही नही सकता। संगठन को कमज़ोर करने वाले आने वाले भविष्य में अपनी चिंता करें। कार्यक्रम को पायनियर पब्लिक स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर किरमानी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाये रखने की बेहतर सलाह दी और संगठन हित मे अपना सहयोग हमेशा बनाये रखने का आश्वासन दिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने किरमानी का तहे दिल से स्वागत और संगठन की तरफ उपहार भेंट कर सम्मानित किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के युवा नेता मो. सादिक़ ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया और कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष न्यूटन को सिर्फ अपने ब्लॉक की ही नही पूरे जिले की समस्याओं के लिए आये दिन जिले के अधिकारियों से वार्तालाप करते देखे जातें हैं। संगठन की मजबूती की हर दिन प्रयासरत हैं। नव निर्वाचित मंत्री अनुराग मिश्र ने सभी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि आपकी सेवाओं में , संगठन हित मे तहे दिल से समर्पित रहूंगा। साथ ही कार्यक्रम को नव कोषाध्यक्ष मांडवी शाही, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम शिक्षक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आदर्श शिक्षक प्रकाश द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से किया गया, उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा की तेजवापुर संगठन को अमलीजामा पहनाने और पूर्व से निर्विरोध की श्रेणी में बनाये रखने का श्रेय प्रकाश जी की है। संगठन को निर्विरोध की 14 विकास खंडों में अलग पहचान दिलाने की भूमिका प्रकाश की है। अंत मे ब्लॉक अध्यक्ष न्यूटन द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

## अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।

पत्रांक : 09/अयो.वि.प्रा./2025-26 दिनांक : 16.05.2025

### नीलामी की सूचना

अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना (फेज-1) में लगे कलमी एवं देशी आम के पेड़ों पर लगे फलों की नीलामी आयोजित की जा रही है। इस नीलामी में कुल 90 आम के पेड़ शामिल हैं, जिन पर लगभग 90 कुंतल आम तैयार हैं। इन फलों की कुल अनुमानित लागत रूपये 2,25,000 (दो लाख पच्चीस हजार रुपये) निर्धारित की गई है। इच्छुक खरीदार, दिनांक- 19 मई 2025 को प्रातः- 11:00 बजे, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या, कार्यालय में उपस्थित होकर इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लें सकतें है। धरोहर धनराशि के रूप में रू0 - 22500 मात्र जमा करना अनिवार्य है।

सचिव

# 17 मई को शाम 4 बजे शास्त्री चौराहा से शहीद स्मारक नुमाइश मैदान तक तिरंगा यात्रा का होगा आयोजन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने आगामी संगठनात्मक अभियान के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत कड़ी कार्यवाही करते हुए अदम्मय शौर्य व साहस का प्रदर्शन किया गया हैं। सेना के वंदन एवं अभिनंदन हेतु आगामी 17 मई 2025 दिन शनिवार को शाम 4 बजे शास्त्री चौराहा से शहीद स्मारक नुमाइश मैदान तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा शास्त्री चौराहा से आरम्भ होकर नौरंगाबाद चौराहा से चौगुर्जी होते हुए बलराम सिंह चौराहा से पक्का तालाब चौराहा से नुमाइश चौराहा होते हुए शहीद स्मारक नुमाइश मैदान पर जाकर समाप्त होंगी। आगामी 21 मई से 31 मई के बीच पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान चलाया जाएगा। जिसके अन्तर्गत अनेकों प्रकार के कार्यक्रम जनपद में संचालित किए जाएंगे। इसमें महिला स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों और महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान बैठकें, गोष्ठियां, शोभा यात्रा, महिला सशक्तिकरण दौड़, कॉलेज-विश्वविद्यालयों में प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, नृत्य-नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस अभियान के माध्यम से भाजपा महारानी अहिल्याबाई की विरासत, सुशासन और सामाजिक सुधारों को जन-जन तक पहुंचाएगी। केंद्र और राज्य सरकार के समावेशी विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों को भी जनता तक पहुँचाने का काम किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता और नेता रानी अहिल्याबाई के न्यायप्रिय प्रशासन, मंदिरों के जीर्णोद्धार, धार्मिक-सांस्कृतिक उत्थान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को आम जनता तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार के ÷विकास भी, विरासत भी÷ के सिद्धांत को भी प्रचारित किया जाएगा। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्यों के लिए जाना जाता है। उन्होंने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ मंदिर तक देशभर के लगभग 10 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और राष्ट्रनिर्माण के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। इतिहासकार बताते हैं कि विरासत में मिले 16 करोड़ की पुश्तैनी खजाने से उन्होंने उत्तर में उत्तरकाशी (उत्तराखंड)से लेकर दक्षिण में रामेश्वरम (तमिलनाडू) तक और पश्चिम के सोमनाथ (गुजरात) से लेकर पूर्व के गया (बिहार) तक के तकरीबन 104 मंदिरों का जीणोद्धार किया। इस दौरान उन्होंने ज्यादातर शिवालयों का जीणोद्धार किया। अहिल्याबाई होल्कर को परम शिवभक्त के रूप में भी जाना जाता हैं। उन्होंने सनातन धर्म के चारों धाम, सात पूरी और 12 ज्योतिर्लिंगों का जीर्णोद्धार कराया। वेद विद्वानों की नियुक्ति की और शास्त्रों के मनन चिंतन की व्यवस्था की।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 300 वर्ष पूर्व हुआ था, परंतु उनके कार्य और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। नागरिकों की सुविधाओं के लिए सड़क बनाना, कुएं एवं जलाशय खुदवाना, महिलाओं की शिक्षा की बात करना, मंदिरों का जीर्णोद्धार, धर्मशाला आदि का निर्माण करना अहिल्याबाई द्वारा किए ऐसे कार्य हैं, जो उन्हें कुशल प्रशासक की श्रेणी में खड़ा करते हैं।

## जिला पंचायत ने अवैध कब्जे से मुक्त कराई अपनी दुकान

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा नगर के जीजीआईसी स्कूल के समीप जिला पंचायत की एक दुकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए जिला पंचायत ने कठोर कार्रवाई की। 16 मई को जिला पंचायत के कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार मौदहा, महेंद्र गुप्ता को मजिस्ट्रेट नियुक्त कर यह कार्रवाई की गई।

कब्जाधारी ने निर्धारित समय सीमा के बाद भी दुकान खाली नहीं की, जिसके चलते प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस का भारी बल मौके पर तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान कब्जाधारी पिता-पुत्र और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कोतवाली पुलिस ने दृढ़ता दिखाते हुए दोनों को हिरासत में लिया और दुकान को कब्जामुक्त करवाकर पीड़ित दुकानदार को उसका हक दिलाया। नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने दूरभाष पर बताया कि जिला पंचायत की संपत्ति पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस मामले की जाँच कर रही है और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार के निर्देशन एवं डॉक्टर एन के शर्मा अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा के नेतृत्व में ÷सतत् दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण अभियंताओं के लिए भविष्य÷विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। डॉ एन के शर्मा ने सभी प्रमुख वक्ताओं का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि हमारे विद्यालय के डेरी विशेषज्ञों को इटावा में डेरी व्यवसाय से जुड़े किसानों की समस्याओं को जानकर उनका तकनीकी समाधान करते हुए डेरी उद्योग से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए। डॉक्टर शर्मा ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में वाह्य संस्थानो द्वारा वित्त पोषित इफेकेशी परीक्षण संपादित करने के लिए हिल वेंचर बायो साइंस एलएलपी द्वारा रोफिकेशी ट्रायल ऑफ इंसेंट प्रोटीन परीक्षण को मत्स्य महाविद्यालय में संपादित किए जाने की अनुमति कुलपति द्वारा प्राप्त हो गई है इस परीक्षण हेतु मत्स्य महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अजीत सिंह को नामित किया गया है।

वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर एस बी सिंह, हेड, बनास डेयरी अमूल, उत्तर प्रदेश ने डेयरी फार्मिंग द्वारा ग्रामीण जीवन में सुधार एवं सामाजिक आर्थिक परिवर्तन और महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने के लिए अवसर प्रदान करने की जरूर को बताया उन्होंने बताया कि अभी 87 000 महिलाएं डेरी फार्मिंग से जुड़ी है और अधिक मात्रा में जोड़ा जाना उचित होगा उन्होंने बताया कि दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए बनास डेरी, बनारस ने एंब्रियो ट्रांसप्लांट सुविधा किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं। एक अन्य वक्ता श्री मानवेंद्र सिंह भदौरिया मैनेजर, बनास डेरी अमूल, कानपुर देहात द्वारा दूध की खरीद जिसमें संगठित खरीद प्रणाली और एकल खरीद प्रणाली पर चर्चा करते हुए बिचौलियों को कम करने पर जोर दिया जिससे किसानों को अधिक लाभ मिल सके साथ ही इसका समाज पर आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से बताया। एक अन्य वक्ता डॉ रामबाबू सिंह, जनरल मैनेजर, मदर डेयरी, जूनागढ़, गुजरात द्वारा दुग्ध उत्पादो जैसे पनीर, दही, मक्खन, आइसक्रीम, कुल्फी आदि में विविधता पर चर्चा की उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रण सहित उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए बाजार विस्तार पर जोर दिया। इसी क्रम में वक्त प्रशांत कुमार सुधाकर, जूनियर मैनेजर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, यूनीपेक्स डेरी प्रोडक्ट, दुबई ने डेयरी अपशिष्ट का प्रबंधन एवं उपयोग की विभिन्न प्रथाओं के बारे में बताया। उन्होंने उनके पुनर्चक्रण पर जोर दिया उन्होंने बायोप्लास्टिक, बायोफर्टिलाइजर एवं बायोफ्यूल पर भी चर्चा की इस वेबीनार में लगभग 70 लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसको क्रियान्वित करने में मुख्य भूमिका इंजीनियर रोली कुमारी, डॉक्टर समरजीत सिंह, पवन कुमार यादव, इंजीनियर प्रियंका यादव एवं इंजीनियर कसफ खान की रही। यह जानकारी मनीष सहाय मीडिया प्रभारी कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज ने दी है।

# खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण है : समिक बसु



**संचालन ए की टीम ने 5 विकेट से थर्मल टाइटन्स को हराकर शील्ड पर किया कब्जा**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में गुरुवार की देर शाम सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की फाइनल मैच के मुकाबले में संचालन ए की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर थर्मल टाइटन्स टीम को 5 विकेट से हराकर शील्ड पर कब्जा किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिंडालको के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी समिक बसु, क्लस्टर एच आर हेड हिंडालको रेणुकूट जसबीर सिंह एवं हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने टॉस कराकर खिलाड़ियों से परिचय करते मैच का शुभारम्भ किया। संचालन ए की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया।

मैच के दौरान थर्मल टाइटन्स ने कप्तान नीरज तिवारी के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सम्मानजनक स्कोर नही खड़ा कर पाया , मात्र 9ओवर 4 गेंद पर नितेश के 22 रन एवं मनोरंजन सिंह के 9 रनों के वदौलत 49 रन पर ही पूरी टीम आल आउट हो गयी। लेकिन संचालन ए के गेंदबाजों गौरी शंकर, निशांत सिंह, दीपेश, विवेक तिवारी एवं गौरव ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोके रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संचालन ए की टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और 3 विकेट खोकर राधे के 13 रन , दीपेश के 10 रन एवं निशांत सिंह के 9 रनों के वदौलत 7 ओवर 4 गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। थर्मल टाइटन्स के मात्र एक सफल गेंदबाज नीरज तिवारी रहे जिन्होंने अपने टीम के लिये दो विकेट चटकाए।

मैन ऑफ दी मैच दीपेश रहे। अम्पायर के रूप में दीपांश एवं अमित रहे। स्कोरर इमरान एवं मैच का आँखोदेखा हाल सुमित सिंह , सीमा तूर एवं प्रभात पांडेय ने बताया। मैच के अंत मे खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर मुख्य अतिथि मुख्य मानव संसाधन अधिकारी समिक बसु ने अपने सम्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों ने जो खेल भावना का परिचय दिया जो सराहनीय है।

# जिला अस्पताल में मरीजों से हो रही बदसलूकी बर्दाश्त नहीं होगी : राशिद

**शहर कांग्रेस कमेटी ने सीएमएस को दिया ज्ञापन**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** डा.भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं सहित मरीजों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार और मरीज के साथ होने वाली अभद्रता की घटनाओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल पुरुष इटावा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के दौरान सीएमएस इस गम्भीर मुद्दे पर हंसते दिखे। वहीं मो.राशिद ने मरीजों का हालचाल पूछकर गर्मी में उन्हें ठंडे पानी की बोतलें वितरित कीं। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. राशिद खान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा है कि जिला चिकित्सालय में इस समय अव्यवस्था और कर्मचारियों की मनमानी चर्चा का विषय बनी हुई है, जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों के साथ नाइंसाफी हो रही है। जिला अस्पताल में कल एक्सरे विभाग के कर्मचारियों और महिला मरीज और उसके तीमारदारों के बीच मारपीट का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है उससे जिला अस्पताल की छवि पर खराब असर पड़ रहा है। जिला अस्पताल में परेशान, बीमार गरीब लोग इस उम्मीद से आते हैं कि वह गरीबी के कारण प्राइवेट इलाज नहीं करा सकते और जिला अस्पताल में उनका मुफ्त इलाज हो जाएगा, लेकिन जिला अस्पताल के कर्मचारी उनके साथ जो दुर्व्यवहार करते हैं वह निंदनीय है। उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए साथ ही जिला अस्पताल आने वाले मरीजों और तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनका बेहतर इलाज किया जाए। शहर शहर कांग्रेस कमेटी का डेलिगेशन जब इटावा जिला चिकित्सालय में एक दिन पहले जिला अस्पताल के स्टाफ द्वारा महिला मरीज पर हाथ उठाने और धमकाने मारने पीटने की शिकायत लेकर पहुंचा तो सीएमएस हंस रहे थे मानो यह मारपीट सीएमएस के आदेश पर की गई हो। कांग्रेस मांग करती है कि तत्काल प्रभाव से सीएमएस को भी निलंबित किया जाना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो.राशिद टीम के साथ वार्डों में जाकर मरीजों से मिले और उनका हालचाल पूछा जिस पर मरीज भावुक हो उठे। श्री राशिद ने मरीजों को ठंडे पानी की बोतलें वितरित कीं। ज्ञापन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी कोमल सिंह कुशवाहा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शौजब रिज़वी, अवनीश वर्मा, आसिफ जादरान, हरेंद्र सिंह, अल्ताफ अहमद, सचिन शंखवार, शाहरुख बक़ाई, अंसार अहमद, इमरान अहमद आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग से खाक हो गया कीमती पौधों का बाग



**सरीला/हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के चंडौत गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में निजी नलकूप में आग लग गई, वही बगल में रखे नलकूप के लगभग 150 से अधिक पाइप जलकर राख हो गए,आग इतनी बढ़ गई कि उसने पास मैं लगे बाग को चपेट में ले लिया। इससे दस बीघे में लगा कीमती फलों का बाग आधे से ज्यादा जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।जरिया थाना क्षेत्र के चंडौत गांव में गुरुवार शाम को ग्राम प्रधान महिपाल सिंह के नलकूप में लगे दस बीघे के कीमती पौधों के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।आग की लपटें उठते देख आस पास के लोग इकठ्ठा होकर और आग बुझाने के लिए हाथों में झाडू लेकर आग बुझाने लगे और दमकल को सूचना दी। तब तक आग इतनी बढ़ गई कि उसने वही पास में लगे लीची, चीकू, सागौन, बादाम, कटहल, आम, अमरूद, महागौनी के पौधों को चपेट में ले लिए। वहीं मौजूद लोगों ने शॉर्ट सर्किट से आग लगाने की आशंका जताई है।

### अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन का प्रथम आगमन, कानून-व्यवस्था की समीक्षा




**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन का आज जनपद हमीरपुर में प्रथम आगमन हुआ। पुलिस लाइन में गार्द सलामी के साथ स्वागत के बाद उन्होंने सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा की।पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी सहित प्रमुख मामलों की जानकारी प्रस्तुत की। अपर पुलिस महानिदेशक ने रिपोर्टों और आंकड़ों का अवलोकन कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने और जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके कार्यान्वयन में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस को जनहित में सजग, संवेदनशील और तत्पर रहने की प्रेरणा दी। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र बांदा, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, सभी क्षेत्राधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी हमीरपुर व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का शुभारंभ



**सोनभद्र/बीजपुर, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी रिहंद में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पखवाड़े का उद्घाटन परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल श्रीवास्तव ने सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसका नेतृत्व स्वयं अनिल श्रीवास्तव ने किया। प्रभात फेरी के पश्चात उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। यह पहल स्वच्छता के प्रति सामूहिक जागरूकता और जिम्मेदारी को दर्शाती है।यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत प्लांट एवं आवासीय परिसर में प्रतिदिन सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही आस-पास के क्षेत्रों जैसे कि सब्जी मंडी, बस स्टैंड, विभिन्न विद्यालयों तथा ग्राम बीजपुर एवं डोड़हर में भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### मासिक धर्म कार्यशाला का आयोजन



**इटावा, अवधनामा संवाददाता।** चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो माहवारी से जुड़ी भ्रांतियां के बारे में दी गई जानकारी। ग्लोबल पीस फाऊंडेशन के प्रयास से पंचशील इंटर कॉलेज में बच्चियों के लिए चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो मासिक धर्म कार्यशाला आयोजित की गई। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कार्यक्रम में बच्चियों को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियां के प्रति सजग होकर इस प्राकृतिक क्रिया को सहज रूप में स्वीकार करने को कहा सीमा सिंह ने कहा कि मासिक धर्म के प्रति शर्म झिझक और संकोच बच्चियों में शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास में बाधक है। समाज को भी मासिक धर्म के प्रति जड़ता को समाप्त करना होगा। सोनी कठेरिया ने कहा हमें जागरूक होना ही होगा और बच्चों को मजबूत बनाना होगा मासिक धर्म के प्रति सामाजिक संकोच को समाप्त करने के लिए प्रयास करना होगा। कार्यशाला में पंचशील इंटर कॉलेज की प्रबंधक प्रीति, सोनी कठेरिया, शकीला बानो एवं स्कूल के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

## स्वच्छता ही सेवा 2025 का शपथ ग्रहण समारोह के साथ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान की शुरुआत एक प्रेरणादायक शपथ ग्रहण समारोह के साथ की, जो टाउनशिप के नेताजी सुभाष चन्द्र लेक पार्क में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता के प्रति कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की सामूहिक प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूती से उजागर किया। ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने अंग्रेजी में शपथ दिलाई, वहीं संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने हिंदी में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) और राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। इसके साथ ही यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी सहायक कमांडेंट श्री ज्ञान सिंह भाटी और श्री भास्कर चौधरी की सक्रिय भागीदारी ने इस मुहिम को और भी बल प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों कर्मचारियों, परिवारजनों, यूनियन प्रतिनिधियों और सुरक्षाकर्मियों ने वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता कार्यों के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। यह पहल प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' को जन-जन से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# कंडौर गांव में जलभराव और गंदगी से ग्रामीण परेशान, सफाई व्यवस्था लचर

अवधनामा संवाददाता



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड कुरारा के कंडौर गांव में जाम नालियों और कीचड़ युक्त जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों को कीचड़ भरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।ग्रामीणों सर्वेश, नीलू सिंह, छोटू, दशरथ, और छोटे यादव ने बताया कि गांव की नालियाँ कीचड़ से भरी और जाम पड़ी हैं, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पाती।

नालियों का पानी रास्तों पर फैलता है, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नालियों की सफाई नहीं करते, जिसके कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ब्लॉक स्तर पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और एडीओ पंचायत द्वारा गांवों में सफाई व्यवस्था की कोई जाँच नहीं की जाती, जिससे सफाई कर्मचारी मनमानी करते हैं। ग्राम पंचायतों में लचर सफाई व्यवस्था के कारण ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है।ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से गांव में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और नालियों की सफाई कराने की माँग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

# ग्राम पहाडी भिटारी में यज्ञ के शुभारंभ पर निकाली गई शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

**मुस्करा (हमीरपुर)** विकास खण्ड के ग्राम पहाडी भिटारी में संकटमोचन धाम में हो रही यज्ञ में शुक्रवार के रोज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका उटघाटन मुख्यतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सन्तराम राजपूत ने पूजन कर किया।यह कलश यात्रा ग्राम पहाडी के यज्ञ स्थल संकट धाम मंदिर से प्रारंभ हो मुस्करा रोड चल कर महोबा रोड में पड़ोसी गांव एझी तथा नहर होते हुए भिटारी तथा पहाडी के मुहल्ला उपरोस, तकिया मुहाल, पुराना बाजार, तरोस मुहाल, रामलीला मैदान इलाहाबाद बैंक होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई।कलश यात्रा में हाथी, ऊँट, दर्जनों घोड़े ,एक दर्जन से अधिक डीजे ,बैंड, रब्बी ,भांगड़ा व सैकड़ो की संख्या में महिलाये सिर पर कलश धारण किये यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।तो वही कलश यात्रा में सुरक्षा ब्यवस्था के दृष्टिगत स्थानीय मुस्करा कोतवाली प्रभारी योगेश तिवारी अपने दल बल के साथ शोभायात्रा पर कड़ी दृष्टि बनाये हुए थे। इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुख्यअतिथि सन्तराम राजपूत ने मीडिया से रूबरू हो कहा कि जनपद के विकास खण्ड मुस्करा में पहाडी भिटारी गांव के संकट मोचन धाम में साप्ताहिक 11कुंडीय यज्ञ हो रहा है। उन्होंने यह भव्य यज्ञ है ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए।इस दौरान आयोजन कर्ता संतगोपालानंद महाराज जी ने बताया कि यह देव स्थल वर्षो पुराना है जिसमे गांव के सभी देव स्थान एक जगह एकत्रित है। बताया कि ग्राम पहाडी भिटारी में 15 दिसंबर 2008 में जगन्नाथ पुरी उड़ीसा से संत निरंजन दास महाराज का आगमन् हुआ था जिनके द्वारा 29जनवरी 2009 को प्रतिमा की नींव रखी गई थी।

# बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ठोका, एक की मौत दो गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा/हमीरपुर।** ईचौली से अपने गांव वापस जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ईचौली के समीप टक्कर मार दी जिसमें एक बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि दो घायलों को सरकारी अस्पताल बाँदा में भर्ती कराया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।महोबा जनपद के खिरुही खम्हरिया निवासी करण 27 वर्ष पुत्र नत्थू अपने जीजा अवधेश 35 वर्ष निवासी कुरारा व गांव के अजय 21 वर्ष पुत्र जगदीश के साथ बाइक से ईचौली से देर शाम अपने गांव लौट रहे थे तभी इचौली के बाहर निकलते ही आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें अवधेश के गंभीर चोटें आने के चलते उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल करण व अजय को निजी वाहन द्वारा बांदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक अवधेश अपनी ससुराल खिरुही खम्हरिया आया हुआ था दोपहर बाद यह तीनों पहले बाइक से मटौध गए वहां से इचौली आए उसके बाद देर शाम अपने गांव जा रहे थे। इस घटना से उसके ससुरारी जनों में कोहराम मच गया है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दिनांक 16 मई 2025 को भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली टाउनशिप में स्वच्छता जागरूकता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता जागरूकता रैली में एनटीपीसी कर्मचारियों एवं सीआईएसएफ के जवानों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभागिता कर स्वच्छता संदेश को जन- जन तक पहुंचाया गया। परियोजना प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के कदमों पर चलते हुए एनटीपीसी सिंगरौली आवासीय परिसर में स्थित संगम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं जन भागीदारी के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छता हमारी जीवन शैली का एक अहम हिस्सा है एवं हमें निजी स्वच्छता के साथ-साथ समाज एवं देश को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर राजीव अकोटकर द्वारा सभी एनटीपीसी कर्मचारियों, वनिता समाज की सदस्याओं, सीआईएसएफ कर्मियों एवं सविंदा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। तदुपरान्त अकोटकर ने कहा कि हम सबको स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए एवं स्वच्छता हेतु सभी को समय देना चाहिए। हम सभी को 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करना चाहिए एवं सभी को गाँव-गाँव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन कर प्रचार करना चाहिए।

# सेना ने लक्ष्य पूरा किया, लेकिन सरकार ने नौजवानों को फौज से वंचित कर दिया: अखिलेश

■ भाजपा सत्य नहीं बोलती और जनता उसके झूठ को समझ गयी है: अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय सेना ने हर लड़ाई के समय अपने लक्ष्य को पूरा किया है लेकिन भाजपा ने सेना में अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों को फौज की पूरी सेवा से वंचित कर दिया है।

अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सत्य नहीं बोलती और जनता उसके झूठ को समझ गयी है। उन्होंने कहा, भाजपा का झूठ ही इसे सत्ता से बाहर करेगा।

सपा मुख्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यादव ने कहा, भारत की सेना सबसे बहादुर और मजबूत है। सेना ने हर लड़ाई के समय अपने लक्ष्य को पूरा किया है, लेकिन भाजपा सरकार ने सेना में अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों को फौज की पूरी सेवा से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा, हम सभी लोग अग्निवीर योजना के खिलाफ है, सेना में अग्निवीर योजना खत्म होनी चाहिए।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया, भाजपा सरकार में बेईमानी, भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। इस सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। भाजपा भूमाफिया पार्टी है। विभिन्न जिलों में सरकारी जमीनों पर भाजपा के लोग कब्जा कर रहे है। उन्होंने दावा किया, भाजपा के लोग गरीबों की जमीनों को छीन रहे हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उप्र अपराधियों की गिरफ्त में है।

अखिलेश यादव ने कहा कि छोटे दुकानदारों और कारोबारियों को बढ़ावा देकर ही एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा, निवेश सम्मेलनों से कुछ नहीं होने वाला, जो सरकार के दबाव में उद्योगपतियों से वादा तो करवा लेती है लेकिन जमीन पर कहीं भी निवेश दिखाई नहीं देता। जो कुछ गिने-चुने निवेशक आते भी हैं तो भाजपाई एजेंट और अधिकारी उनसे कमीशन मांगते हैं, जिससे वे निराश होकर लौट जाते हैं। यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश के विकास का पहिया वैसे भी भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा है, ऊपर से कमीशनखोरी का ये खेल। ऐसे तो हो चुका उत्तर प्रदेश का विकास।

## थारू विकास परियोजना के तहत 201.33 लाख मंजूर

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित थारू विकास परियोजना के तहत जनपद बलरामपुर के विशुनपुर विश्राम परिसर में कम्प्यूटर तथा सिलाई/कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना के लिए 201.33 लाख रूपये मंजूर किये गये है। इस योजना के तहत जनजाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास/जिला इकाइयों के संचालन व अन्य कार्यों के लिए धनराशि अवमुक्त की जाती है। समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए निदेशक जनजाति विकास को निर्देशित किया है कि कार्यदायी संस्था यू०पीस्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रकर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि० (यू०पी० सिडको) के प्रबन्ध निदेशक से शीघ्र एम०ओ०यू० अनुबन्ध कराकर धनराशि आहरित कर कार्यदायी संस्था को दी जायेगी। इसका अधिष्ठान व्यय वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार ही लिया जायेगा। कार्यदायी संस्था को धनराशि प्राप्त होने के तुरन्त बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

# ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की संप्रभुता और शौर्य से विश्व को संदेश दिया : धर्मपाल

■ भारत के लिए उसका एक-एक नागरिक महत्वपूर्ण है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शुक्रवार को चित्रकूट में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में मां भारती का जयघोष करते हुए जनसैलाब के साथ भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को प्रणाम किया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने भारत की संप्रभुता और शौर्य से विश्व को संदेश दिया है। भारतीय सेना के वीर जवानों ने साहस के साथ आतंक के ठिकानों को नष्ट करके विश्व को संदेश देने का काम किया है कि भारत के लिए उसका एक-एक नागरिक महत्वपूर्ण है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपने कूटनीतिक कौशल के साथ सैन्य सामर्थ्य का भी सही उपयोग किया है। यही कारण है कि आज भारतीय सेना विश्व के लिए चेतावनी है कि भारत अब युद्ध थोपने वालों के लिए काल है और भारत से जो टकराएगा वह मिट जाएगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा मां भारती तथा भारतीय सेना का जयघोष है। यह विजयी संकल्प का उत्सव है जो हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर में करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारी सेना ने आतंकी अड्डों का पाकिस्तान में घुसकर सफाया किया, यह सैन्य कार्रवाई के साथ देश के 140 करोड़ नागरिकों के लिए आश्वासन था कि अब भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि शान से फहराता तिरंगा आज विश्व को भारत की सामरिक शक्ति से परिचित करा रहा है और देश के वीर जवानों का मुक्ताकाश में जयगान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आर्थिक व सामरिक रूप से महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। हम सभी विकसित भारत के संकल्प की पूर्णता के लिए एक नागरिक के रूप में जुटें और देश को वैभवशाली बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

## डॉ. मनीराम सिंह का प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के राजकीय यूनानी महाविद्यालयों में निस्वाँ व कबालत विभाग में प्रोफेसर के रिक्त पदों पर विभागीय प्रोन्नति के माध्यम से चयन के संबंध में उपलब्ध कराई गयी संस्तुति के दृष्टिगत रीडर के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त डा0 मनीराम सिंह, चिकित्सा शिक्षक निस्वाँ व कबालत विभाग, राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ को प्रोफेसर (आचार्य) (पे-मैट्रिक्स लेवल-12) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति प्रदान करते हुए उन्हें प्रोफेसर निस्वाँ व कबालत के पद पर राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय लखनऊ में तैनात किया जाता है। इस संबंध में आयुष विभाग द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

# अब उन्नाव में भारत की पहली एआई सपोर्टेड यूनिवर्सिटी

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी- इंजीनियरिंग से लेकर लिबरल आर्ट्स तक में मिलेगी एआई आधारित शिक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**उन्नाव/लखनऊ।** क्यूएस एशिया वर्ल्ड रैंकिंग के अनुसार भारत की नंबर वन प्राइवेट यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उन्नाव में 2500 करोड़ की लागत से भारत का पहला एआई सपोर्टेड कैंपस स्थापित किया है। जहां गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे इंडस्ट्री लीडर्स भी प्रशिक्षण देंगे। दरअसल चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस, आईबीएम व रैबिट एआई जैसे इंडस्ट्री जाइंट्स के साथ एमओयू किया है। जो यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम को इंडस्ट्री के अनुरूप डिजाइन करने व छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, ट्रेनिंग आदि में सहायक होंगे। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ मनोज जोशी ने उन्नाव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा की इस पहल का उद्देश्य न केवल छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाना है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए ऐसे कौशल प्रदान करना है जो वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उन्हें आगे रखें साथ ही युवाओं को रोजगार के लिए न भटकना पड़े। एआई के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए प्रो. डॉ. जोशी ने बताया की पूरा विश्व भारत की क्षमता को समझते हुए हमारी तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है, चाहे गूगल हो या माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गज एआई के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों का लोहा मानकर भारत में बड़े निवेश भी कर रहे हैं। इसी क्रम में भारत को एआई और इनोवेशन का हब बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के राजधानी क्षेत्र लखनऊ में एआई सिटी स्थापित करने की तैयारी भी चल रही है।उत्तर प्रदेश में एआई सिटी परियोजना से अगले पांच वर्षों में एआई में 50,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य है। तकनीकी शिक्षा को नई दिशा देने वाला यह कैंपस लखनऊ ङ्क कानपुर रोड पर स्थित उन्नाव के एससीआर क्षेत्र में है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का यह एआई सपोर्टेड कैंपस पहला ऐसा कैंपस है जो इंडस्ट्री को अपने स्थापनाकाल से ही साथ लेकर चल रहा है दरअसल चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस, आईबीएम व रैबिट एआई जैसे इंडस्ट्री जाइंट्स के साथ एमओयू किया है। जो यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम को इंडस्ट्री के अनुरूप डिजाइन करने व छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, ट्रेनिंग आदि में सहायक होगी। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ मनोज जोशी ने उन्नाव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा की इस पहल का उद्देश्य न केवल छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाना है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए ऐसे कौशल प्रदान करना है जो वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उन्हें आगे रखें साथ ही युवाओं को रोजगार के लिए न भटकना पड़े।डॉ जोशी ने बताया की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उन्नाव में टॉप एआई कंपनी रैबिट एआई द्वारा 5 सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना होगी। रैबिट एआई द्वारा भारत में पहली बार किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा की सीयू उन्नाव में छात्र-छात्राओं को छह मेन स्ट्रीम्स इंजीनियरिंग, बिजनेस, हेल्थ और लाइफ साइंस, ह्यूमैनिटीज, लिबरल आर्ट्स समेत लीगल स्टडीज ङ्क में कुल 50 फ्यूचर-ओरिएंटेड, इंडस्ट्री कोलैबोरेटेड प्रेग्रुएट व पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स का लाभ मिलेगा, जो सभी एआई सपोर्टेड होंगे।





## गो सेवा आयोग के लिये हेतु 50 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में गोसेवा आयोग के सुव्यवस्थित कार्य संचालन हेतु 50 लाख मात्र रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश के अनुसार स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग मानदेय/पारिश्रमिक जैसे महत्वपूर्ण व्यय प्राथमिकता पर करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

## राजकीय कुक्कुट/बत्तख प्रक्षेत्रों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 77.20 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कुक्कुट विकास के तहत राजकीय कुक्कुट/बत्तख प्रक्षेत्रों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में रूपये 77 लाख 20 हजार मात्र की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग योजना के मार्गदर्शन सिद्धान्तों गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# ग्रामीण पर्यटन में तेजी से उभर रहा यू.पी.

■ विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस पर 18 जिलों में कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना 'एग्री रूरल एंड गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म' के अंतर्गत आज 18वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस-2025 के अवसर पर राज्य के 18 जिलों (वाराणसी, पीलीभीत, चित्रकूट, बाँदा, अयोध्या, लखनऊ, फतेहपुर, कानपुर नगर, कन्नौज, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, मथुरा, प्रयागराज, बस्ती, संत कबीर नगर और सहारनपुर) में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ राज्य है। यहां ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। सरकार इन्हें धरातल पर उतार रही है। इसी क्रम में राज्य के 234 गांवों का चयन किया गया है, जिन्हें ग्रामीण पर्यटन गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें कई पर्यटक गांव तैयार भी हो चुके हैं। यहां स्थानीय उत्पाद, व्यंजन, हस्तशिल्प आदि को प्रमोट किया जा रहा है। ग्रामीण पर्यटन से जुड़े लोगों की आय में भी वृद्धि हो रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि विश्व कृषि पर्यटन दिवस-2025 के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के सहयोग से कुल 41 पर्यटन गांव के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रमों में गाँव के प्रतिनिधियों, विकास खंड, जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ मंडलस्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान वाराणसी के माधोपुर कोट, कैथी, चंद्रावती और उमराह-बनकट गांवों में पौधरोपण किया गया। पीलीभीत में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। चित्रकूट के बनाड़ी गांव में बुंदेली लोकगीत प्रतियोगिता तथा बाँदा के शिवपुर गौर गांव में नौकायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी तरह कई अन्य आयोजन किए गए। लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित पर्यटन ग्राम कठवारा के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में कठवारा के साथ सरपन और दशहरी गांव के 60 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर चिकनकारी हस्तशिल्प तथा ज़री-ज़रदोज़ी कढ़ाई उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। वहीं, बस्ती, संत कबीर नगर और सहारनपुर में 'बिल्ड योर ओन स्केयरक्रो' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## घर के बाहर बैठी महिला को ट्रेक्टर-ट्रॉली ने रौंदा, मौत

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र के नटौली गांव में गुरुवार शाम को बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली दीवार से टकराने के बाद घर के बाहर बैठी विधवाती (55) को रौंदते हुए निकल गयी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार को परिजन व ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर हंगामा किया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। नटौली गांव निवासी रामहेत ने बताया कि उनकी पत्नी विधावती (55) गुरुवार शाम को घर के बाहर दरवाजे पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव की गली से एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलने लगी। बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली पहले उनके मकान की दीवार से जा टकराई और फिर विधावती को रौंदते हुए निकल गई। जिससे विधावती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# तुर्की का कश्मीर पर बयान भारत की संप्रभुता में दखल

■ अपनी गौरवशाली परंपरा से भटकता हुआ प्रतीत हो रहा तुर्की : सैयद बाबर अशरफ़

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के अध्यक्ष हज़रत सैयद अय्यूब अशरफ़ किछौछवी की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित एक अहम बैठक में मिशन के महासचिव सैयद बाबर अशरफ़ ने प्रेस को संबोधित करते हुए तुर्की द्वारा जम्मू-कश्मीर को लेकर दिए गए हालिया बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि हम भारतीय मुस्लिम, जो भारत के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सूफी परंपरा की साझी सांस्कृतिक विरासत के अनुयायी हैं, तुर्की की ओर से पाकिस्तान के भड़काऊ और झूठे रुख का समर्थन किए जाने को भारत की संप्रभुता पर सीधा हमला मानते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि एक समय था जब उस्मानी खिलाफ़त (ऑटोमन खलीफ़ा) न्याय, करुणा और धार्मिक सहिष्णुता की मिसाल थी, लेकिन आज का तुर्की इस गौरवशाली परंपरा से भटकता हुआ प्रतीत हो रहा है। चरमपंथी और अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियों के साथ खड़े होकर तुर्की न सिर्फ अपनी ऐतिहासिक छवि को नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि विश्व समुदाय को भी गलत संदेश दे रहा है।जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है ऐतिहासिक रूप से भी और संवैधानिक रूप से भी। यह क्षेत्र लंबे समय से पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है, जिसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय एजेंसियों और मानवाधिकार संगठन समय-समय पर करते आए हैं। भारत एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और क़ानून आधारित राष्ट्र है, जहां सभी धर्मों के लोग बराबरी, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रहते हैं। किसी भी देश द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न केवल कूटनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि भारत की संप्रभुता और एकता पर सीधा हमला है। ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन यह साफ़ करता है कि भारतीय मुस्लिम किसी भी विदेशी हस्तक्षेप को पूरी तरह अस्वीकार करते हैं फिर चाहे वह पाकिस्तान की ओर से हो या तुर्की की ओर से हम तुर्की सरकार से अपील करते हैं कि वह अपने रुख पर पुनर्विचार करे, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली किसी भी बयानबाज़ी से परहेज़ करे, और एक लोकतांत्रिक देश की संप्रभुता का सम्मान करे। भारत हमारा वतन है। कश्मीर हमारी आत्मा का हिस्सा है। शांति हमारा रास्ता है। जो भी ताक़त इस रास्ते को भटकाने की कोशिश करेगी वह दोस्त नहीं, दुश्मन समझी जाएगी। हम तुर्की से आग्रह करते हैं कि वह उस्मानी विरासत की उन ऊँची आदर्शों की पैरवी करे, जिनमें न्याय, सहिष्णुता और मेलजोल की भावना थी। अगर तुर्की इन मूल्यों से विमुख होता है, तो इतिहास उसे विरासत का संरक्षक नहीं बल्कि गद्दार मानकर याद करेगा।

# 48 अपर पुलिस अधीक्षक का तबादला

■ राहुल श्रीवास्तव फिर बने डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शासन ने शुक्रवार शाम को अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 48 अधिकारियों के स्थानांतरण किये। जारी दो सूची में राहुल श्रीवास्तव को एक बार फिर डीजीपी का जनसंपर्क अधिकारी बनाया गया है। वहीं, लखनऊ मध्य की एडीसीपी मनीषा सिंह को गौतमबुद्ध नगर और वाराणसी की एडीसीपी ममता रानी चौधरी को लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। जारी सूची के अनुसार अखिलेश भदौरिया को अपर पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद से अमरोहा, राजीव कुमार सिंह द्वितीय को अमरोहा से मथुरा, प्रभात कुमार प्रथम को बरेली से पुलिस मुख्यालय, गोपी नाथ सोनी को झांसी से बरेली, डॉ. अरविंद कुमार को मथुरा से झांसी, एडीसीपी कानपुर राजेश कुमार श्रीवास्तव को अपर पुलिस अधीक्षक संभल, रंजन सिंह पुलिस मुख्यालय से एडीसीपी वाराणसी, डॉ. राजीव कुमार सिंह एडीसीपी आगरा से एएसपी अभिसूचना मेरठ, प्रतीक्षारत राम अर्ज को एएसपी अभिसूचना अयोध्या, एडीसीपी लखनऊ सुबोध कुमार जायसवाल को उपसेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, डॉ. प्रवीण रंजन सिंह को एएसपी सीतापुर से एडीसीपी प्रतापगढ़ से सीतापुर, शैलेंद्र लाल को आजमगढ़ से प्रतापगढ़, अखिलेश नारायण सिंह को एएसपी बाराबंकी से पुलिस मुख्यालय, रितेश कुमार सिंह को कुशीनगर से बाराबंकी, निवेश कटियार सीआईडी मुख्यालय से कुशीनगर, अलीगढ़ के एएसपी यातायात मुकेश चंद उत्तम को श्रावस्ती, प्रवीण कुमार यादव प्रथम को श्रावस्ती से अलीगढ़, चक्रपाणि त्रिपाठी को चित्रकूट से अयोध्या, विजय शंकर मिश्रा को फतेहपुर से पीएसी मुख्यालय लखनऊ, हरेंद्र कुमार अमेठी से अंबेडकरनगर, शैलेंद्र कुमार सिंह जौनपुर से अमेठी, आतिश कुमार सिंह महाराजगंज से जौनपुर, सिद्धार्थ को सिद्धार्थनगर से महाराजगंज, प्रशांत कुमार प्रसाद मुजफ्फरनगर से सिद्धार्थनगर, विशाल पांडेय अंबेडकरनगर से मुजफ्फरनगर, अमिता सिंह कानपुर से एडीसीपी आगरा, बनाया गया है।

# जलशक्ति मंत्री ने मलौनी तटबंध पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का किया निरीक्षण

■ परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की सख्त हिदायत: स्वतंत्र देव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जनपद गोरखपुर के थाना सदर अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर में राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित मलौनी तटबंध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी कार्य हरहाल में पूर्ण कर लिए जाएं ताकि क्षेत्र की जनता को बाढ़ की विभीषिका से बचाया जा सके। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, कार्यदायी संस्था की प्रगति रिपोर्ट तथा मशीनरी की उपलब्धता का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 'आपदा से पहले तैयारी' की नीति पर चल रही है। बाढ़ जैसी आपदाएं अब सरकार की सजगता के कारण कम प्रभावकारी साबित हो रही हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, संरक्षित और समर्थ वातावरण मिले। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि मलौनी तटबंध, जो कि राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित है, गोरखपुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना है। हर वर्ष मानसून के दौरान इस क्षेत्र में जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होती है, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार ने समय रहते तटबंधों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत के कार्य प्रारंभ कर दिए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से पहले ही प्रभावी समाधान तैयार हो सके। स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कार्य में देरी या लचर कार्यप्रणाली पाए जाने पर संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में केवल तात्कालिक समाधान नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य कर रही है। इसमें नवीनतम तकनीकों, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और डिजिटल मानचित्रण का उपयोग किया जा रहा है।

## स्वैच्छिक संस्थाओं से 30 जून तक आमंत्रित किए गए आवेदन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। डॉ. अमित कुमार राय, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने बताया कि इस संबंध में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत पंजीकृत एवं मानसिक मंदिता के क्षेत्र में कार्य कर रही अनुभवी संस्थाओं से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 30 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। पूर्ण प्रपत्र संबंधित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में नियत तिथि तक जमा किए जाने हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की संस्तुति के उपरांत प्रस्तावों को 31 जुलाई 2025 तक निदेशालय को प्रेषित किया जाएगा।

# कैपिटल पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025

**लखनऊ।** कैपिटल पब्लिक स्कूल, जानकीपुरम, सीबीएसई कक्षा 10 और 12 बोर्ड परीक्षा 2025 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की घोषणा करता है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता हमारे छात्रों द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय परिणामों में परिलक्षित होती है। समूह का नेतृत्व करते हुए, सिद्धि श्रीवास्तव ने प्रभावशाली 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जो स्कूल की कक्षा 12वीं की शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरी। कक्षा 10 में आयुष मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। गौरांशी अग्रवाल का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए, जिन्होंने 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित होने के बावजूद 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।उनका दृढ़ संकल्प और दृढ़ता वास्तव में प्रेरणादायक है। गौरांशी खाद्य पोषण में अपना करियर बनाना चाहती है और हम पूरे दिल से उसकी महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करते हैं। कक्षा 10 में अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वालों में शामिल हैं: प्रगति त्रिपाठी, रिद्धि त्रिपाठी, अखंड मिश्रा, मधुर भाग्नी, रुद्रांश यादव ने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय सभी छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देता है। ये उपलब्धियाँ उनकी दृढ़ता, उनके परिवारों के अटूट समर्थन और हमारे शिक्षण कर्मचारियों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रमाण हैं। हम लखनऊ में शैक्षणिक उत्कृष्टता के व्यापक संदर्भ को भी स्वीकार करते हैं, जहाँ विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षाओं में उल्लेखनीय परिणाम प्रदर्शित किए हैं।